सूर्योदय 5:34 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

शिमला	18.6 न्यू	24.6 अधि
धर्मशाला	21.7 न्यू	30.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80716.55
निफ्टी	24613.00
सोना 74,020	चांदी 95,502

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

रश्मिका मंदाना की तरह ब्लू साड़ी को ऐसे करें स्टाइल

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 17 जुलाई, 2024 | 2 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 210, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- चौपाल में पिकअप से देवदार के 32 अवैध स्लीपर बरामद -पेज 2
- नगरकोट धाम कांगड़ा में वीआईपी रास्ते में लगाए कन्वेक्स सेफ्टी मिरर -पेज 4
- सिरमौर पुलिस ने 81 नशे के सौदागरों को पहुंचाया सलाखों के पीछे -पेज 12
- स्वदेशी कंपनियों से खरीदे जाएंगे 346 रक्षा उत्पाद -पेज 13
- हार्दिक पांड्या को श्रीलंका के खिलाफ टी-20 की कमान -पेज 14

डोडा में कैप्टन सहित चार जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर में एक महीने में सात बड़े आतंकी हमले, 12 जवानों ने दिया बलिदान

अशोक ठाकुर, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की तलाश और उनके सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों की पहचान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे। नायक डी राजेश की जानकारी सामने नहीं आई है।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। कुछ देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया, जिसके बाद रात करीब नौ बजे जंगल में फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में घायल हुए चार जवानों ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर में एक महीने में रियासी, कठुआ, कुपवाड़ा और नौशेरा समेत सात बड़े आतंकी हमलों में 12 जवान शहीद हो चुके हैं। वहीं, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी समेत सेना के अधिकारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। (अनंत ज्ञान)

तीन सप्ताह में सेना और आतंकियों में तीसरी बड़ी मुठभेड़

तलाशी अभियान में स्पेशल फोर्स, डेल्टा फोर्स और जेकेपी एसओजी शामिल

हेलिकॉप्टर से शुरू की आतंकियों की खोज

सेना ने मंगलवार सुबह से डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया है। जंगलों में तलाशी अभियान चलाने के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहाड़ की सबसे ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी आतंकवादी छिपे हुए हैं। ऑपरेशन में स्पेशल फोर्स, डेल्टा फोर्स और जेकेपी एसओजी कार्रवाई में शामिल हैं।

पुंछ में संदिग्ध गतिविधियों के बाद तलाशी अभियान शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में दो लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि बेटार नदी के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर मिली सूचना पर सेना और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने तलाशी अभियान शुरू किया है। जवानों ने इलाके में घूम रहे एक व्यक्ति से भी पूछताछ की।

जवानों की मौत से दुखी हूं : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह डोडा जिले में आतंकवाद रोधी अभियान में सेना के चार जवानों की मौत से बहुत दुखी हूं। सुरक्षाबल इस क्षेत्र से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के बारे में राजनाथ सिंह को जानकारी दी। राजनाथ ने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। देश हमारे जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है, जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी।

जवानों की शहादत का लेंगे बदला : राज्यपाल सिन्हा

राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर कहा कि हम अपने सैनिकों की शहादत का बदला लेंगे और आतंकवादियों व उनके मददगारों के नापाक मंसूबों को नाकाम करेंगे। मैं लोगों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और हमें उनके बारे में जानकारी देने का आह्वान करता हूं, ताकि हम आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर सकें व आतंकियों का खात्मा कर सकें। हमारे देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने जवानों की शहादत पर शोक जताया है।

पीएम मोदी ने सुक्खू को दिया हरसंभव मदद का आश्वासन

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

रविंद्र जस्टा, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया और वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि राज्य सरकार बीते वर्ष मानसून सीजन में नुकसान से जल्द उबर सके। सुक्खू ने हिमाचल को हरित ऊर्जा संपन्न राज्य बनाने के लिए समर्थन मांगा।

सुक्खू ने आग्रह किया कि ताप विद्युत खरीद की शर्तों एवं नियमों में राहत देते हुए राज्य को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य में इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ई-बसों की फंडिंग के लिए नाबार्ड के तहत ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) ऋण प्रदान करने की अनुमति देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री की सभी मांगों को विनम्रता से सुना और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

बिजली रॉयल्टी का मुद्दा उठाया, ई-बसों के लिए ऋण प्रदान करने की मांगी अनुमति

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड नहीं कर रहा लंबित एरियर का भुगतान

सीएम सुक्खू ने केंद्र सरकार के पास लंबित बिजली परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने काफी समय से लंबित एरियर का हिमाचल प्रदेश को भुगतान नहीं किया है। शानन पावर प्रोजेक्ट की पट्टा अवधि पूरी होने के बावजूद प्रदेश को अभी तक इसका मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। उन्होंने एसजेवीएन और एनएचपीसी की बिजली परियोजनाओं को दी जा रही निःशुल्क पावर रॉयल्टी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और इस संबंध में अनुकूल निर्णय लेने का आग्रह किया।

न्यूज शॉर्ट्स

पीएम मोदी 26 सितंबर को करेंगे यूएन को संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा सत्र को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय आम बहस 24 से 30 सितंबर तक होगी। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जारी वक्ताओं की प्रोविजनल लिस्ट के अनुसार, भारत के पीएम मोदी उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करेंगे।

सिसोदिया की याचिका पर सीबीआई व ईडी को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सीबीआई व ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिसोदिया ने अनुरोध किया कि 16 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा उसी चरण पर है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई।

वीआईपी पार्टी के चीफ मुकेश सहनी के पिता की हत्या

पटना। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बिहार के दरभंगा जिले में उनके पैतृक घर में मंगलवार को हत्या कर दी गई। दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। वहीं, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अनुसंधान टीम गठित की है।

बिभव कुमार के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को स्वाति मालीवाल केस में सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। बिभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीस हजारी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि 30 जुलाई को बिभव कुमार को पेश किया जाए।

जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार कल फिर खुलेगा

पुरी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष वीरवार को सुबह नौ बजकर 51 मिनट से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बीच फिर से खोला जाएगा, ताकि आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जा सके। यह निर्णय एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी ने बैठक में लिया।

जांच के लिए कोई भी ईवीएम चुन सकते हैं असंतुष्ट प्रत्याशी

चुनाव आयोग ने दिए विकल्प, मॉक पोल और मॉक वीवीपैट पर्ची की गणना भी शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम में छेड़छाड़ की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आवेदन करने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने कई विकल्प दिए हैं।

उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम को चुन सकते हैं। विकल्प में मॉक पोल और मॉक वीवीपैट पर्ची की गणना भी शामिल है।

दूसरे व तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवार को रैंडम टेस्ट चुनने का दिया विकल्प

चुनाव आयोग की ओर से मंगलवार को जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों को कई रैंडम टेस्ट चुनने का विकल्प दिया है। नियंत्रित वातावरण से आगे जाकर बर्न्ट मेमोरी की जांच और सत्यापन प्रक्रिया फर्मवेयर में किसी भी पूर्वाग्रह या छिपी हुई कार्यक्षमता की संभावना या आशंका को समाप्त करती है। बता दें कि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बर्न्ट मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जांच/सत्यापन के लिए लोकसभा के आठ और विधानसभा के तीन उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची हरियाणा सरकार

नई दिल्ली। किसान आंदोलन के चलते छह महीने से बंद शंभू बॉर्डर को खोलने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इस मामले की सुप्रीम कोर्ट 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। मंगलवार को न्यायाधीश सूर्याकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस मुद्दे को अगले सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में कहा गया कि सरकार लोगों को हो रही दिक्कत को लेकर चिंतित है, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए याचिका दायर की गई है।

याचिका पर सुनवाई 22 को

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रैक से कथित तौर पर प्रश्न पत्र चुराया था।

गिरफ्तार लोगों की पहचान पंकज कुमार और राजू सिंह के तौर पर हुई है। पंकज कुमार पटना का है, जबकि राजू सिंह झारखंड के हजारीबाग का है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया है, जिसने हजारीबाग में नीट-यूजी का प्रश्नपत्र कथित तौर पर चुराया था। वहीं, राजू सिंह ने कथित तौर पर पंकज कुमार को प्रश्न पत्र चुराने और गिरोह के अन्य सदस्यों को देने में मदद की थी। अधिकारियों ने बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, प्रतिरूपण और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या अब 14 हो गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही एजेंसी ने छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्न पत्र लीक होने से संबंधित हैं, जबकि गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र, में दर्ज शेष प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित हैं।

'हिट एंड रन' मामला : मुख्य आरोपी मिहिर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी, मुंबई

बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को अदालत ने मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बीएमडब्ल्यू कार से मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के दो दिन बाद नौ जुलाई को 24 वर्षीय शाह को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई के वर्ली इलाके में हुए इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई थी, जिसकी पहचान 45 वर्षीय कावेरी नखवा के तौर पर की गई, जबकि उसका पति प्रदीप घायल हुआ था। पुलिस ने हिरासत में लेने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि उसने उस व्यक्ति की जानकारी नहीं दी, जिसने फरार होने के दौरान शरण दी थी।

तिहाड़ जेल में बंद के. कविता की बिगड़ी तबीयत

नई दिल्ली। धनशोधन के मामले में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में 46 वर्षीय कविता को इस साल 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

बजट सत्र से पहले सरकार ने 21 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संसद के बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

तृणमूल कांग्रेस नहीं होगी शामिल

यह सर्वदलीय बैठक 21 जुलाई को सुबह 11 बजे मुख्य समिति कक्ष में आयोजित की जाएगी।' सत्र आरंभ होने से पहले सभी दलों के सदन के नेताओं की इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का कोई भी प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा, क्योंकि 21 जुलाई को उन 13 कांग्रेस समर्थकों की याद में शहीद दिवस मनाती है, जो 1993 में राज्य सचिवालय राइटर्स बिल्डिंग तक मार्च निकाले जाने के दौरान कोलकाता पुलिस की ओर से की गई गोलीबारी में मारे गए थे। तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने रिजिजू को पत्र लिखकर सूचित किया है कि उनकी पार्टी इस बैठक में शामिल नहीं हो पाएगी।

मौसम तीन दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी, नदी-नालों के समीप न जाने की दी हिदायत

शिमला में झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

रविंद्र जस्टा, शिमला

हिमाचल प्रदेश में कमजोर पड़ा मानसून रफ्तार पकड़ रहा है। शिमला सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। राजधानी शिमला में कुछ दिनों से बारिश न होने से तापमान में इजाफा हो गया था और उमस भी बढ़ गई थी।

मंगलवार बाद दोपहर शिमला में मौसम ने यूटर्न लिया और झमाझम बारिश हुई। शिमला से सटे इलाकों में भी जमकर बादल बरसे। शिमला शहर में करीब पांच दिन बाद बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 18, 19 व 20 जुलाई को गर्जन व बिजली गिरने के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य 10 जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई है। 21 व 22 जुलाई को भी प्रदेशभर में मौसम के खराब बने रहने के आसार हैं। भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर लोगों व सैलानियों को भू-स्खलन संभावित इलाकों की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। नदी-नालों के समीप न जाने की हिदायत दी है। (अनंत ज्ञान)

शिमला में मंगलवार हुई बारिश के बाद घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

अधिकतम तापमान

ऊना	33.4°
हमीरपुर	35.1°
बिलासपुर	36.2°
कांगड़ा	35.0°
बरठीं	34.9°
चंबा	35.6°
धौलाकुआं	35.4°
धर्मशाला	30.0°
सुंदरनगर	35.4°
सोलन	30.2°
मंडी	34.7°
शिमला	24.6°

न्यूज ब्रीफ

'पृथ्वी किताबें नहीं पढ़ती' का होगा विमोचन

रविंद्र जस्टा, शिमला। प्रदेश के वरिष्ठ कवि कुल राजीव पंत के पहले कविता संग्रह 'पृथ्वी किताबें नहीं पढ़ती' का विमोचन समारोह आगामी रविवार 21 जुलाई 2024 को शिमला के गेयटी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगा। लोकार्पण समारोह शिमला की सुपरिचित साहित्यिक संस्था कीकली ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कीकली चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और वरिष्ठ लेखक श्रीयुत श्रीनिवास जोशी इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। जबकि वरिष्ठ कवि आलोचक प्रो. कुमार कृष्ण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

अंगदान जन जागरूकता को लेकर निकाली रैली

रविंद्र जस्टा, शिमला। शिमला के उपनगर संजौली में मंगलवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली की ओर से अंगदान जन जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल प्रधानाचार्य लोकेश पारीक ने हरी झंडी दिखाते हुए रैली को रवाना किया छात्रों ने अंगदान संबंधी नारे लगाते हुए स्थानीय लोगों को अंगदान के बारे में जानकारी दी।

चंबी से मंडाहलाणी तक बनेगी वाहन योग्य सड़क

अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल। चंबी से मंडाहलाणी वाया झिना, सरी, लिहाट जीप योग्य सड़क का निर्माण कार्य जल्द आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने सरी में आयोजित 14 वर्ष से कम छात्र वर्ग की खंड स्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। खेलकूद प्रतियोगिता के समनव्यक और राजकीय पीएमश्री उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौपाल के प्रधानाचार्य हरि शर्मा ने बतौर वशिष्ठ अतिथि पहुंच कर स्कूली विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को संबोधित किया। वॉलीबॉल स्पर्धा का खिताब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल देवत, खो-खो का खिताब धबास स्कूल ने अपने नाम किया, जबकि कबड्डी, फोक डांस, ग्रुप सांग, भाषण, एकल गान,मार्च पास्ट, बैडमिंटन, शतरंज, वन एक्ट प्ले एवं योगा के खिताब हासिल कर चौपाल स्कूल ओवरऑल चैंपियन बना।

घुमारवीं महाविद्यालय में चलाया पौधरोपण अभियान

नीरज शर्मा, घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एनसीसी इकाई के कैडेट्स द्वारा प्राचार्य रामकृष्ण की अध्यक्षता में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राम कृष्ण द्वारा आंवले का पौधा लगा कर की गई। इस पौधरोपण अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया है। इस अवसर प्राचार्य राम कृष्ण ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के इस प्रयास की प्रशंसा की और उन्हें प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि इस अभियान के दौरान करीब 100 पौधे लगाए गए। इस अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी कैडेट्स, कॉलेज के स्टाफ और छात्रों ने मिलकर काम किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. अतुल गुप्ता, कुलदीप, कैडेट्स अतुल, राहुल, शिवानी, कृतिका, सत्यम, अनमोल, कनिका, शिवांश तथा अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

घुमारवीं महाविद्यालय में 453 विद्यार्थियों ने किया आवेदन

नीरज शर्मा, घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 15 जुलाई तक सत्र 2024-2025 के प्रवेश के लिए वाणिज्य, कला तथा विज्ञान संकाय के लिए 457 आवेदन प्राप्त किए गए। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर रामकृष्ण ने कहा कि इस वर्ष कामर्स संकाय में 86, कला संकाय में 241 तथा विज्ञान संकाय में 130 विद्यार्थियों ने सत्र के लिए आवेदन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया के संयोजक प्रोफेसर प्रीतम लाल ने कहा कि आवेदक विद्यार्थियों की पहली सूची महाविद्यालय वैबसाइट तथा नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी 19 जुलाई तक आनलाइन फीस जमा करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने की अध्यक्षता

बीडीओ बाल देखरेख संस्थान का करेंगे दौरा

रविंद्र जस्टा, शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में सरकारी एवं गैर सरकारी 13 बाल देखरेख संस्थान मौजूद है जिसके 419 बच्चों की देखरेख की जा रही है। उपायुक्त ने जिला में कार्यरत सभी बाल देखरेख संस्था के प्रभारियों से सभी बच्चों की विस्तृत जानकारी हासिल की।

उपायुक्त ने सभी को आश्वस्त किया की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि वहां रह रहे बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि हम सभी को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने जिला के समस्त खंड विकास अधिकारियों को उनके

कार्यक्षेत्र में स्थापित बाल देखरेख संस्थान का निर्धारित समय अवधि पर दौरा करने के निर्देश दिए ताकि संस्थान में रह रहे बच्चों की काउंसिलिंग हो सके तथा वहां की वास्तविक समस्याओं का भी पता चल सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संस्थान का दौरा कर लोक निर्माण विभाग के साथ प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के सभी संस्थानों में रह रहे बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाए ताकि बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि इस सन्दर्भ में कैलेंडर तैयार किया जाए।(अनंत ज्ञान)

मेधावी छात्रों के साथ डीसी एसपी करेंगे वार्तालाप

उपायुक्त ने कहा कि बाल देखरेख संस्थान में पढ़ रहे मेधावी छात्रों के साथ वार्तालाप किया जाएगा, जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक शिमला भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को इन बच्चों के साथ वार्तालाप के लिए अगले सप्ताह समय सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थान के प्रभारियों से कहा कि वह अपने संस्थान के बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि यह बच्चे आगे चल कर देश और प्रदेश का नाम ऊंचा करें।

कान्वेंट स्कूल में दाखिला देने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत शिशु गृह के 08 बच्चों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कोटे से कान्वेंट स्कूल में प्रवेश दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से पहले सभी कान्वेंट स्कूल प्रबंधन समिति को निर्देश दिए जाए कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कोटे की खाली सीटों को इन बच्चों को प्रदान करें ताकि शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

आफ्टर केयर योजना से 23 बच्चे लाभान्वित

डीसी ने कहा कि जिला में आफ्टर केयर योजना के तहत 23 बच्चे लाभान्वित हुए हैं, जिसमें 16 लड़कियां एवं 7 लड़के शामिल है। पालन पोषण देखभाल एवं प्रायोजन दोनों योजनाओं के तहत बच्चों की देखभाल के लिए 4000 रुपए प्रदान किए जा रहे है।

चौपाल में पिकअप से देवदार के 32 अवैध स्लीपर बरामद

सपना सूद, नेरवा

चौपाल वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान चौपाल वन मंडल के सरांह वन परिक्षेत्र में एक पिकअप को कब्जे में लेकर देवदार के 32 अवैध स्लीपर बरामद किए है। जानकारी के अनुसार बघार वन बीट का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे वन रक्षक क्यारी बीट प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ सरांह वन परिक्षेत्र के अंतर्गत गश्त पर थे।

इस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध पिकअप संख्या 08ए 2633 और एक आल्टो संख्या एचपी 08 ऐ 4050 को ठुण्डना की तरफ से आते देखा। वन विभाग की टीम द्वारा जब इस वाहन को रोका गया तो पिकअप का चालक गाड़ी खड़ी कर मौके से फरार हो गया।

गाड़ी की तलाशी लेने पर उससे देवदार के बिना कोई हैमर लगे 32 स्लीपर बरामद किए गए। वन विभाग द्वारा मामले की शिकायत चौपाल थाना में की गई है, जहां आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

वन विभाग द्वारा पकड़ी गई स्लीपर से भरी पिकअप।

नोटिस जारी कर आरोपियों को पूछताछ के लिए किया तलब

उधर एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बीएनएसएस की धारा 35 (5) के तहत नोटिस जारी कर आरोपी कार चालक एवं पिकअप चालक को पूछताछ के लिए चौपाल थाना तलब किया गया है, जिसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।(अनंत ज्ञान)

संविधान हत्या दिवस मनाना नया मामला नहीं, भाजपा की पुरानी आदत : पुनिया

रविंद्र जस्टा, शिमला

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस चारों लोकसभा सीटों पर चुनाव हारी। अब हार के पीछे की वजह तलाशने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी शिमला पहुंची है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंथन के दूसरे दिन फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य शिमला और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मंत्रणा हुई। इस दौरान फैक्ट फंड कमेटी की सदस्य रजनी पाटील ने कहा कि टिकट में देरी एक बड़ी वजह सामने आई है। इसकी जानकारी पार्टी हाईकमान को दी जाएगी।

वहीं इस दौरान पीएल पुनिया ने अयोध्या बदरीनाथ हरिद्वार में भाजपा की हार पर बीजेपी पर निशाना साधा। एआईसीसी की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की सदस्य रजनी पाटिल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के कारणों लेकर प्रदेश पार्टी प्रतिनिधियों से मंथन जारी है। उन्होंने कहा हार के कारण खोजे जा रहे हैं और ब्लॉक स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से फीडबैक लिया जा रहा है।

फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य पीएल पुनिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के कारण तलाशने कमेटी शिमला पहुंची है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी महत्वपूर्ण नेताओं से मुलाकात की गई। ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी अपनी रिपोर्ट कमेटी को सौंप रहे हैं। पीएल पुनिया ने कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाना कोई नया मामला नहीं है, भाजपा की यह पुरानी आदत है। बीजेपी जब अपनी जमीन खिसकते हुए देखती है तो इस तरह की राजनीति करती है।(अनंत ज्ञान)

मानसून के बाद पर्यटन कारोबार पड़ा फीका

रविंद्र जस्टा, शिमला। हिमाचल में इन दिनों पर्यटन कारोबार फीका पड़ गया है। कारण यह है कि मानसून दस्तक के बाद पर्यटकों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। 27 जून को प्रदेश में मानसून की एंट्री हुई और इसके बाद से ही पर्यटन कारोबार पर इसका असर दिखना शुरू हो गया। पहले कालका शिमला टॉय ट्रेन में बुकिंग कम हुई और अब इसके बाद होटलों में ऑक्यूपेंसी भी कम हो चुकी है। मानसून की दस्तक के बाद मानों पर्यटकों ने पहाड़ों का रुख करना बंद कर दिया है।

पर्यटन कारोबारियों की मानें तो मानसून की दस्तक के बाद पर्यटकों ने पहाड़ों का रुख करना कम कर दिया है। पर्यटकों की संख्या में करीब 40 से 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। समर सीजन के दौरान जो ऑक्सुपेंसी 80 से 90 प्रतिशत तक हुआ करती थी, वहीं ऑक्यूपेंसी 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

मतदाता सूची के पुन: निरीक्षण के लिए 7 बीडीओ को लगाया प्राधिकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्य चुनाव आयोग हिमाचल प्रदेश और पंचायती राज द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसरण में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनुपम कश्यप ने विकास खंड कोटखाई, मशोबरा, जुब्बल, रोहड़ू, कुपवी, बंसतपुर, और नारकंडा के रिक्त पदों हेतु होने वाले पंचायती राज उपचुनावों के लिए मतदाता सूची का प्रारूप जारी कर दिया है तथा इससे संबंधित दावे व आक्षेप के निपटारे के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को पुनरीक्षण प्राधिकारी लगाया है।

16 जुलाई से लेकर 22 जुलाई 2024 तक मतदाता सूची के बारे में दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकती हैं, जिनका निपटारा 25 जुलाई तक किया जाएगा। 29 जुलाई तक लोग सूची के संबंध में अपीलीय प्राधिकरण में जा सकते है। जिले की 11 पंचायतों के 16 वार्ड में चुनाव होना प्रस्तावित है। इसके साथ ही एक उपप्रधान पद पर उपचुनाव होना है। इसमें कोटखाई खंड में पराली बदरूनी पंचायत में उप प्रधान पद के लिए पांच वार्डों की मतदाता सूची प्रस्तावित है।

वहीं मशोबरा खंड में पंचायतों वार्ड सदस्य के लिए मतदाता सूची प्रस्तावित है जिसमें मेहली पंचायत के वार्ड 4-गुसान, चेड़ी पंचायत के वार्ड 4-क्याकोटी, कुफरी श्वाह पंचायत के वार्ड 2-घरेच, पगोग पंचायत के वार्ड 05-बुखारी सदस्य के लिए मतदाता सूची प्रस्तावित है। वहीं जुब्बल खंड के तहत राविन पंचायत के वार्ड 3-घूंसा राविंकुपर, रोहड़ू खंड के कुटाड़ी पंचायत के वार्ड 3-खलगर और 5-जारला आदि शामिल है।

4 अगस्त को मनाई जाएगी डॉ. यशवंत परमार की जयंती

आर मोहन, सोलन सिरमौर। कल्याण मंच सोलन हिमाचल निर्माता डॉ.यशवंत सिंह परमार जयंती धूमधाम से मनाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटियों का भी गठन किया गया।सिरमौर कल्याण मंच की बैठक प्रधान प्रदीप मंमगाई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अगस्त को हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती मनाई जाएगी।

प्रधान प्रदीप मंमगाई ने बताया कि सुबह सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित डॉ. परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर में डॉ. परमार के जीवन व कार्यों पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सिरमौरी धाम का आयोजन किया जाएगा।

सरकार ने झूठी गारंटियां देकर जनता को किया भ्रमित : राजेंद्र

नीरज शर्मा, घुमारवीं

300 यूनिट फ्री बिजली देने की झूठी गारंटी देने वाली प्रदेश सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की तरफ से 125 यूनिट पर दी जा रही सबसिडी भी बंद कर दी है। यह बात पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में कही। गर्ग ने प्रदेश की मौजूदा सरकार को पलटू तथा ठगों की सरकार की संज्ञा देते हुए सरकार पर गरीबों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता में आने के लिए झूठी गारंटियां देकर जनता को भ्रमित किया। लेकिन अब धीरे-धीरे सरकार का असली चेहरा लोगों के

जानकारी देते हुए राजेंद्र गर्ग व साथ हैं अन्य।

सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने न सिर्फ 125 यूनिट फ्री बिजली बंद की है बल्कि बिजली के रेट बढ़ाकर लोगों के साथ धोखा किया है। सरकार के इस निर्णय से मध्य तथा निम्न वर्ग की कमर पूरी तरह से टूट गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के साथ भी धोखा किया है क्योंकि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष की आयु तक की प्रदेश की हर महिला को 1500 रुपए हर महीने देने की गारंट की दी थी लेकिन आज तरह-तरह के हथकंडे अपना कर रोजाना नए नए नियम बना कर प्रदेश की महिलाओं को उनके हक से वंचित कर अपनी ही गारंटी से मुकर रही है।

उन्होंने कहा की व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली सुख की सरकार अब दुख की सरकार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आना और झूठ बोलकर सत्ता चलाना ही कांग्रेस की फितरत रही और वह वही कर रही है। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस की इस तानाशाही के खिलाफ भाजपा जल्द ही सड़कों पर उतरकर अपना विरोध जताएगी। (अनंत ज्ञान)

हनोल यात्रा से लौटे शरोग के शेडकुलियां महासू देवता महाराज

रियासत को लौटे शरोग के शेडकुलिया देवता महाराज।

दशमी रावत, जुब्बल

पांच दिवसीय हनोल यात्रा से लौटने के बाद शरोग के शेडकुलियां महासू देवता महाराज हाटकोटी में पंहुचने के बाद अपनी रियासत शरोग की ओर रवाना हो गए हैं। इससे पहले हाटेश्वरी माता के गुर ओम प्रकाश शर्मा सहित आराध्य देव शेडकुलियां महासू देवता महाराज मंगलवार को मोतमीन व मंदिर कमेटी के सदस्यों सहित मंदिर में माता के दर्शन करने पहुंचे।

इस दौरान हाटेश्वरी माता और देवता महाराज की जय-जयकारों से सारा क्षेत्र गूंज उठा। बिते सोमवार को देर रात देवता महाराज अपनी 5 दिन की हनोल यात्रा पूरी कर हाटकोटी मंदिर में पहुंचे।

मंडी में आज नहीं होगी बिजली

अनंत ज्ञान, मंडी। मंगवाई और 11 केवी सेरी एचटी लाइंस की आवश्यक मरम्मत के चलते 17 जुलाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बिजली बंद रहेगी। जिस कारण मंगवाई, उप्पर सन्यारड, लोवर सन्यारड, रामनगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लोअर पड्डल, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, जिमखाना, टारना, आईपीएच ऊहल, पुल घराट, थनेहड़ा मोहल्ला, इंदिरा मार्केट, डीसी ऑफिस, कोर्ट कॉम्प्लेक्स, भगवाहन मोहल्ला, भूतनाथ बाजार, दरम्याना मोहल्ला, चंद्रलोक गली, चौबाटा बाजार व इसके आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल संख्या.-1 ई. नरेश ठाकुर ने दी है।

विशाल मेगामार्ट वर्कर्स यूनियन के भूप सिंह बने अध्यक्ष

रविंद्र जस्टा, शिमला

विशाल मेगामार्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू आठवां सम्मेलन किसान मजदूर भवन चितकारा पार्क कैथू शिमला में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा व कोषाध्यक्ष बालक राम सहित अनेकों मजदूर शामिल रहे।

सम्मेलन में भूप सिंह भारद्वाज को यूनियन अध्यक्ष, प्रेम कुमार को महासचिव, सूरज को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार को उपाध्यक्ष, अंजू को सचिव, कमल किशोर, हनी, दुषात, अमित कमेटी सदस्य चुना गया। मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू राज्य कमेटी के

आह्वान पर 18 जुलाई को विशाल प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में होंगे शामिल।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विजेंद्र मेहरा, रमाकांत मिश्रा, बालक राम ने कहा कि मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, अग्निवीर, आयुद्धवीर, कोयलावीर व अन्य फिक्स टर्म रोज़गार को रद्द करने, ईपीएफ, ईपीएस, ईडीएलआई सुविधा की अवहेलना करने पर सज़ा शर्तों में कटौती करने, असंगठित मजदूरों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा देने, ठेका मजदूरों की रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने सहित आदि मांगों को लेकर सीटू मजदूरों व जनता में जाएगा तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने की आह्वान करेगा। (अनंत ज्ञान)

आईजीएमसी से शिफ्ट होगा यूरोलॉजी विभाग

रविंद्र जस्टा, शिमला

सूबे के लोगों को बेहतर इलाज की तलाश में चंडीगढ़ पीजीआई या दिल्ली एम्स जैसे अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। शिमला के चमियाना में प्रदेश का एकमात्र सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मौजूद है। इस अस्पताल में वह सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। जो चंडीगढ़ पीजीआई या एम्स दिल्ली में मिलती है।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के प्रिंसिपल डॉक्टर ब्रिज ने बताया कि यहां मौजूदा समय में 5 ओपीडी को शुरू किया गया है। यह 400 बेड़ों का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है। प्राचार्य डॉ. बृज शर्मा ने बताया कि आईजीएमसी से यूरोलॉजी ओपीडी

जानकारी देते डॉ. ब्रिज।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमयाणा में मिलेगी सुविधाएं

अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना शिफ्ट होगी। ऐसे में विभाग के शिफ्ट होने के बाद मरीजों को आईजीएमसी नहीं आना पड़ेगा। यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी अभी तक आईजीएमसी में चलती है। हफ्ते में तीन दिन यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक गुर्दे, मूत्र पथ, मूत्राशय और मूत्र मार्ग के विकार से पीड़ित मरीजों का उपचार करते हैं। लेकिन अब चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बन गया है। तो ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ओपीडी को चमियाना में होगी। वहीं शुक्रवार को ओपीडी चमयाणा में होगी। डॉ. पम्पोश रैना, यूरोलॉजिस्ट ने बताया कि आईजीएमसी में यूरोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की कमी है जिस वजह से भीड़ है। यूरोलॉजी कि ओपीडी सोमवार, बुधवार, वीरवार चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होगी।

सड़क की खराब दशा पड़ रही भारी

अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान (चमियाना) जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब है। इस वजह से विभाग शिफ्ट करने में अभी आनाकानी की जाती रही।

अब यूरोलॉजी विभाग ने अगले सप्ताह तक ओपीडी शिफ्ट करने को कहा है। औसतन ओपीडी में 200 से अधिक मरीज अपनी बीमारियों का उपचार करवाने के लिए आते हैं। डॉ. बृज ने बताया कि सरकार से पत्राचार चल रहा है जल्द ही सड़क को सुधारा जाएगा।

प्रशिक्षु नए अवसरों को पहचानकर करें उनका प्रयोग

नीरज शर्मा, घुमारवीं

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में डोमिन स्किल ट्रेनर्स के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को गति प्रदान करने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सशक्त बनाने हेतु बैंक युवाओं व महिलाओं को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित कार्यों जिसमें मत्स्य पालन, पशुपालन, पुष्प उत्पादन, रेशम तथा खुंब उत्पादन के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी जोड़े ताकि ग्रामीण

उपायुक्त का स्वागत करते गणमान्य।

युवाओं को इन क्षेत्रों में कार्य करने के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु नए अवसरों को पहचाने और उनका प्रयोग करें। इस संबंध में व्यवस्थित योजनाएं तैयार कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाना अति आवश्यक है।

उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रशिक्षों के साथ संवाद कायम किया जिसमें धर्मशाला से सीमा चटवाल ब्यूटी पार्लर, नाहन से अनिल ठाकुर मौन पालन, कुल्लू से चांदनी ब्यूटी पार्लर तथा मंडी से पुष्पा शर्मा ब्यूटी पार्लर, प्रतिभा शर्मा टूर ट्रेवल तथा महाराज सिंह विजलवान चंबा से मुर्गी पालन व्यवसाय में मधुबाला ऊना से तथा नितिन बेबी मशरूम व्यवसाय में हमीरपुर से कार्य कर रहे हैं इन सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि आरएसईटी प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षुओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अपने व्यवसाय को लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि भी घर बैठकर अपने उत्पाद बेच सके। अंबिका साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

बिलासपुर की बैडमिंटन टीमों का चयन 21 को

नीरज शर्मा, घुमारवीं

सत्र 2024-25 के दौरान प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली बिलासपुर जिला की बैडमिंटन टीमों का चयन आगामी 21 जुलाई को होने वाली जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा।

जिला बिलासपुर बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-11 अंडर-13 व अंडर-15 वर्गों में, जूनियर प्रतियोगिताओं का आयोजन अंडर-17 एवं अंडर -19 वर्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन लुहनु स्थित कहलूर इंडोर बैडमिंटन हॉल में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सब जूनियर एवम जूनियर वर्गों में सिंगल्स एवं डबल्स तथा मिक्सड डबल्स के मुकाबले आयोजित होंगे। प्रदेश बैडमिंटन संघ के सयुंक्त सचिव विभोर शर्मा प्रतियोगिता के आयोजन सचिव होंगे। आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रतियोगिता के दौरान अपने साथ रखना होगा। एंट्री फी 21 जुलाई को सुबह 9.30 बजे ही इंडोर हॉल में ही ली जाएगी।(अनंत ज्ञान)

ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसो. की आम सभा का आयोजन

डॉक्टर राजीव बने एसो. के प्रदेश अध्यक्ष

नीरज शर्मा, घुमारवीं

ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की आम सभा का आयोजन जिला बिलासपुर में किया गया। जिसमें ड्रैगन बोर्ड इंडिया एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी ने विशेष रूप से शिरकत की, जिसमें हिमाचल प्रदेश के आठ जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जबकि आमसभा में हिमाचल पर्यटन विभाग के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने ऑनलाइन शिरकत की।

आम सभा के दौरान सर्वसम्मति से आईएएस डॉक्टर राजीव कुमार को ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड

आम सभा के दौरान मौजूद एसोसिएशन के सदस्य।

ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

पर्यटन विभाग के चेयरमैन आरएस बाली को ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को एसोसिएशन का संरक्षक चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष छोटू शर्मा, उपाध्यक्ष अभय पराशर, कुष्ण कुमार कसाना, जमुना ठाकुर, पिंकी गुलरिया को चुना गया। वहीं महासचिव रितेश अहलूवालिया, सहसचिव मोहित रतन शर्मा, दनिश अख्तर, दिव्यांगना मेहता, टेक्निकल सलाहकार सुदर्शन राणा को चुना गया। इस मौके पर टॉम जोसेफ, विनोद कुमार, पंकज कुमार, ज्योति इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

समस्याओं के बारे में एसडीएम को दिया ज्ञापन

संजीव महाजन, नूरपुर। भारतीय मजदूर संघ जिला कांगड़ा की ओर से कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में एसडीएम नूरपुर को ज्ञापन दिया गया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस मांग पत्र में लगभग सभी विभागों की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को सातवें वेतमान की बकाया राशि तथा महंगाई भत्ते की किश्तों के बारे में, अन्यों राज्यों की तर्ज पर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से 60 वर्ष की जाए। आशा वर्कर्स व अन्य विभागों से काम कर रहे कर्मचारियों का न्यून्तम वेतनमान 18000 किया जाए। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ नूरपुर के अध्यक्ष वीर सिंह, जसूर महासचिव अनूप सिंह, मिड-डे मील प्रधान आशा देवी, अनु, कविता, मंजू, कृष्ण सिंह, रंजीता देवी, चंपा देवी, जीवना देवी, ममता देवी, मलकीत सिंह, कर्ण सिंह, के साथ सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

रणदीप सिंह सहायक कमांडेंट पद के लिए चयनित

बीआर चौहान, राजगढ़। जिस व्यक्ति ने अपने मन में किसी कार्य करने के प्रति दृढ़-इच्छा से ठान ली हो उसके लिए जीवन में कोई भी चीज असंभव नहीं है । ऐसा ही उदाहरण राजगढ़ क्षेत्र के एक होनहार युवा रणदीप सिंह सरोल्टा ने कर दिखाया है जिसने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की सहायक कमांडेट की परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग से उतीर्ण करके अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है । राजगढ़ क्षेत्र के यह पहले ऐसे युवा है जिन्होंने यह परीक्षा उतीर्ण की है । इससे पहले रणदीप सिंह इंडियन नेवी में विभिन्न पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेना में अधिकारी बनने के जनून में इनके द्वारा बीते वर्ष इंडियन नेवी से स्वैच्छिक रिटायमेंट ले ली थी। बता दें कि सहायक कमांडेंट बनने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली लिखित शारीरिक कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ता है और यह सब रणदीप सिंह ने कर दिखाया। (अनंत ज्ञान)

पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, बीबीएन। संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ बद्दी इकाई की बैठक मंगलवार को बद्दी में हुई, जिसमें पटवारी एवं कानूनगो का जिला संवर्ग यथावत रखने की मांग जोरों से उठाई गई। महासंघ ने कहा कि अगर सरकार ने यह निर्णय नहीं बदला, तो कलम छोड़कर हड़ताल की जाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, डीसी सोलन व एसडीएम को भेजे पत्र में महासंघ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 12 जुलाई की कैबिनेट बैठक में पटवारी एवं कानूनगो को जिला संवर्ग से राज्य संवर्ग करने का फैसला लिया गया है, जिसके संदर्भ में महासंघ हिमाचल प्रदेश की आपातकालीन बैठक 13 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से राज्य प्रधान सतीश चौधरी का अध्यक्षता में की गई, जिसमें राज्य के स्तर पर 12 जिलों के जिला प्रतिनिधि शामिल हुए। जिला प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का कड़ा विरोध जताया। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त निर्णय के विरोध से समूचे प्रदेश में पटवारी एवं कानूनगो द्वारा सभी प्रकार का ऑनलाइन कार्य एवं व्हाट्सएप ग्रुप आपदा संबंधी कार्यों को छोड़कर सोमवार को तुरंत प्रभाव से बंद किए जाएंगे। महासंघ की ऑनलाइन बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समूचे प्रदेश में तहसील व उपतहसील इकाइयों द्वारा भोजनावकाश के दौरान गेट मीटिंग करके उपमंडलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

विभागीय अधिकारियों को आरटीआई एक्ट की जानकारी होना जरूरी : गुलेरिया

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित कार्यशाला का हुआ समापन

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

राज्य सूचना आयुक्त एसएस गुलेरिया ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में आरटीआई एक्ट के तहत जन सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम, डाक पते और संपर्क विवरण तथा अन्य जानकारियां उपलब्ध होना अत्यंत जरूरी हैं।

मंगलवार को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि राज्य सूचना आयुक्त एसएस गुलेरिया ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी होना अत्यंत अनिवार्य है, ताकि लोगों को निर्धारित समय में जानकारी प्रदान की जा सके।

उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते एसएस गुलेरिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने और शासन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से भारतीय संसद ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 लागू किया था। इस अधिनियम में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक किसी भी सार्वजानिक अथवा सरकारी प्राधिकरण से किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र है, साथ ही इस अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना को आवेदन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि अधिनियम में यह भी कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण अपने दस्तावेजों का संरक्षण करते हुए उन्हें कंप्यूटर में सुरक्षित रखेंगे। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है अर्थात देश के प्रत्येक नागरिक को किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र राय रखने और उसे अन्य लोगों के साथ साझा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार भारत जैसे बड़े लोकतंत्रों को मजबूत करने और उनके नागरिक केंद्रित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जनता तक सटीक जानकारी का समय पर प्रसार करना। इस अवसर पर एडीएम डा हरीश गज्जू तथा एसीटूडीसी सुभाष गौतम ने भी आरटीआई के तहत विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारियों को जानकारी प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

फेसबुक पर सुक्खू सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करने पर दो केस दर्ज

अनंत ज्ञान, शिमला

फेसबुक पर कांग्रेस की सुक्खू सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करने के मामले सामने आए हैं। शिमला पुलिस ने दो व्यक्तियों की शिकायत पर सदर पुलिस स्टेशन में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फेसबुक पर अपना न्यूज चैनल बनाकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और सरकार के विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है।

पहले मामले में छोटा शिमला निवासी प्रमोद गुप्ता ने शिकायत दी है कि एडीएम न्यूज भारत नामक न्यूज चैनल ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व हिमाचल सरकार की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से फेसबुक चैनल पर एक वीडियो जारी किया है। दूसरा मामला छोटा शिमला के ही रहने वाले प्रमोद गुप्ता की शिकायत पर दर्ज हुआ है। उन्होंने अपनी शिकायत में न्यूज-4 हिमालय नामक न्यूज चैनल पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व हिमाचल सरकार की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक इस कथित फेसबुक न्यूज चैनल ने कांग्रेस सरकार और उनके नेताओं को बदनाम करने के लिए एक वीडियो अपलोड किया है।

शिमला पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दोनों मामलों में सदर पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 336 (4) व 61 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बता दें कि पिछले कल ही प्रदेश सरकार ने सोशल मीडिया पर झूठी खबर चलाने पर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ चलाई जा रही झूठी खबरों पर कड़ा संज्ञान लिया है तथा ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री की छवि को खराब करने की साजिश के तहत बिना तथ्यों के दुष्प्रचार किया जा रहा है, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है।

सामाजिक तत्वों से निपटने को एकजुट होना जरूरी : कौंडल

प्रेस क्लब के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

अनिल छांगू, जवाली

जय मां जालपा प्रेस क्लब जवाली की बैठक विश्रामगृह जवाली में क्लब के अध्यक्ष मनजीत कौंडल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पत्रकारों को पेश आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

मनजीत कौंडल ने कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके खिलाफ हमें एकजुट होना है। समस्त पत्रकारों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए 101 पौधरोपण करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को वर्ष में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब भवन निर्माण हेतु भी विचार किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील दत्त, कानूनी सलाहकार ललित शर्मा, प्रेस सचिव डॉ एनके शर्मा, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश वत्स, सदस्य संजू, राजेश कौंडल, राजेश कतनोरिया, अनिल छांगू इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

पंचायतों में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी

आर मोहन, सोलन। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी सोलन की ओर से आकस्मिक रिक्तियों वाली पंचायतों में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार 15 जुलाई को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन, 16 से 22 तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे और आपत्तियां दाखिल करने, 25 तक पुनरीक्षण प्राधिकारी की ओर से दावों और आपत्तियों का निपटारा, 29 को अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने, प्रथम अगस्त या इससे पूर्व अपीलीय प्राधिकारी की ओर से अपीलों का निपटान तथा दो या इससे पूर्व मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार सोलन में कुनिहार विकास खंड की पंचायत बनोह खरड़हट्टी तथा नालागढ़ विकास खंड की पंचायत बधोखरी में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 15 को किया गया है। (अनंत ज्ञान)

स्टेट कैडर बनाने के विरोध में कानूनगो एवं पटवार संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

प्रदेश सरकार द्वारा कानूनगो एवं पटवारियों का जिला कैडर से राज्य कैडर बनाने का विरोध जताते हुए नगरोटा बगवां संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ ने एसडीएम मुनीश शर्मा को मंगलवार को एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा और कहा है कि प्रदेश महासंघ द्वारा 13 जुलाई को वर्चुअल बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई से सभी ऑनलाइन कार्य और व्हाट्सएप ग्रुप केवल आपदा संबंधी कार्यों को छोड़ कर तुरंत प्रभाव से बंद करने का निर्णय किया है।

इस बारे नगरोटा बगवां संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ तहसील नगरोटा बगवां इकाई ने प्रदेश महासंघ द्वारा लिए गए निर्णय को लागू करने का निर्णय लिया है। नगरोटा बगवां संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ इकाई के प्रधान राकेश कुमार,उप प्रधान अनुराधा ने बताया कि इस ज्ञापन को संघ के समस्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से उपमंडल अधिकारी मुनीश शर्मा को सोपा गया। उन्होंने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए कहा है कि इस निर्णय को तुरंत वापिस लेकर पहले की भांति लागू किया जाए।

कानूनगो एवं पटवार संघ के पदाधिकारी एसडीएम मुनीश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए।

तिब्बती समुदाय ने करवाया 'थैंक यू अमेरिका' कार्यक्रम

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

बीड़ तिब्बती समुदाय द्वारा पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट में 'थैंक यू अमेरिका' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेटलमेंट ऑफिसर डेगे डिवीजन बीड़ कुंचूक लहमो ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की वे तिब्बत नीति और समर्थन समाधान अधिनियम के पारित होने के माध्यम से तिब्बतियों के हित में उनके अटूट समर्थन, वकालत और योगदान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति, संयुक्त राज्य सरकार, प्रतिनिधियो समर्थकों स्वम अमेरिकी नागरिकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा की आज से चार दिन पहले 12 जुलाई 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन में तिब्बत - चीन विवाद के समाधान को बढ़ावा देने वाले अधिनियम नियम कानून पर हस्ताक्षार किए जो 2002 के तिब्बत नीति अधिनियम में और संशोधनों के माध्यम से अमेरिकी नीति को मजबूत करता है। इसे तिब्बत समाधान अधिनियम रेसोल्व तिब्बत एक्ट के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर अन्य तिब्बत पदाधिकारियों ने भी उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान निर्वासित तिब्बती पार्लियामेंट सदस्य देगी वांगडू दोरजी नांगचेंन सेरता तसल्टेरिम, स्थानीय तिब्बत असेंबली अध्यक्ष बीटीएस ग्याल्पों ढूंढप आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में ।

जिला कैडर से राज्य कैडर करने पर बिफरा महासंघ

महेंद्र कुमार, सुन्नी। पटवारी तथा कानूनगी के लिए जिला कैडर से राज्य कैडर घोषित किए जाने पर ग्रामीण राज्य अधिकारी एवं कानूनगी महासंघ ने कड़ा विरोध जताया है और सरकार द्वारा मांगें न जाने तक ऑनलाइन बनाए जाने वाले प्रमाण पत्र न बनाना का फैसला लिया गया है।

संगठन के पूर्व अखिल भारतीय सदस्य मोतीराम चौहान ने कहा कि पटवारी तथा कानूनगों के लिए सरकार द्वारा जिला कैडर से राज्य कैडर करने से कर्मचारीयो को भाषा और पैमाने की ईकाई कहीं पर विघा विसवा, मरले कनाल मिट्रिक प्रणाली होने से कार्य प्रभावित होंगे।

कार्यों को शीघ्र पूरा करें अधिकारी : नेगी

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले के प्रवास के दौरान जिले के रिकांगपिओ आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में लोक निर्माण विभाग के कल्पा मंडल के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने उनके गत जिले के प्रवास के दौरान अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों से संबंधित दिए निर्देशों की अद्यतन स्थिति जांच तथा बचे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से रिस्पा, रिब्बा, मूरंग, नेसंग, कुन्नू-चारंग, सुन्नम-हांगो व आकपा संपर्क मार्गों के लंबित पड़े निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि संपर्क मार्गों का कार्य समयबद्ध अवधि में पूर्ण हो सके और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संवाद स्थापित किया और ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी, ताकि समयबद्ध सीमा में विकास कार्य पूर्ण हो सके। (अनंत ज्ञान)

फोरलेन की घोषणा के बाद जमीन के रेट सर्किल रेट से दोगुना

एसपी जैरथ, नाहन

चंडीगढ़ वाया कालाअंब-पांवटा साहिब-देहरादून एनएच की फोरलेन घोषणा होने के बाद जमीनों के रेट में भी जबरदस्त उछाल आ गया है। औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब मुख्य बैरियर से तहसील कार्यालय के नजदीक से नागल सुकेती होकर मोगी नंद वंडर प्रोडक्ट के पीछे से प्रस्तावित हुए नए फोरलेन ने भू-माफियाओं की चहलकदमी को भी क्षेत्र में बढ़ा दिया है।

नागल सुकेती मौज ओगली में जिस जमीन का सर्किल रेट सड़क से 100 मी की दूरी पर 40 लाख रुपए और 200 मीटर की दूरी से अंदर 20 लाख रुपए प्रति बीघा है। फोरलेन की घोषणा के बाद यह रेट दुगने से भी ऊपर जा पहुंचे हैं। हालांकि अभी कालाअंब से पावंटा साहिब तक हुए टेक्निकल सर्वे के बाद पब्लिक कंसलटेंसी के तीन राउंड पूरे नहीं हुए हैं, बावजूद इसके प्रस्तावित नए फोरलेन के साथ जमीनों के मोलभाव होने शुरू हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

अमित मीतू के गाने में नजर आएगी आशवी

जोगिंद्रनगर । पालमपुर के प्रसिद्ध गायक अमीत मीतू का नया गाना कुड़मणि इनके यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं, जोगिंद्रनगर की 4 साल की बेटी आशवी (पहाड़ी डांसिंग क्वीन) जो आजकल सोशल मीडिया में अपने पहाड़ी डांस को लेकर बहुत फेमस हो चुकी है। इस गाने में डांस करती नजर आ रही है, गाना अमित मीतू द्वारा गाया गया है जिसके बोल संदीप कपूर ने दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

दवा उत्पादन के नियमों को लागू करवाकर सुधरेगी गुणवत्ता : पलका

अनंत ज्ञान, बीबीएन

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बद्दी में बेहतर दवा उत्पादन, जीएमपी के माध्यम से फार्मास्यूटिकल गुणवत्ता को बढ़ाने और फार्मास्यूटिकल प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (पीटीयूएएस) पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। इस सत्र में संयुक्त सचिव फार्मास्यूटिकल्स विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार पलका साहनी ने भी फार्मा उद्यमियों को संबोधित किया। बद्दी के एक निजी होटल में आयोजित इस सत्र में फार्मा उद्यमियों ने समस्याओं को उनके समक्ष रखा और आ रही नई चुनौतियों को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला।

पलका साहनी आईएएसए संयुक्त सचिव फार्मास्यूटिकल्स विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने सत्र का उद्घाटन किया और कहा कि निर्देशों का सख्ती से पालन कर दवा कंपनियां उत्पादन प्रक्रियाओं में निरंतरता बनाए रख सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य।

बरसात के दिनों में लापरवाही बरती तो काटेगा सांप

रविन्द्र जस्टा, शिमला

इन दिनों बरसात का मौसम जारी है। अगर आपने जरा सी भी लापरवाही बरती तो आप सांप के शिकार बन सकते हैं। बरसात के दिनों में सांपो का उतपन्न होना काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में लोगों को खेतों व घास काटने का काम थोड़ा संभलकर होगा। वहीं लोगों को रास्ते में भी चलते समय थोड़ी सावधानी बरतनी होगी।

लोगों को ध्यान से करना होगा खेतों का काम, घर के आसपास झाड़ियों को करना होगा साफ

चिंता की बात है कि हिमाचल में सर्पदंश के मामले प्रत्येक वर्ष बढ़ते ही जा रहे हैं। आईजीएमसी के मेडीसन विभाग में हर साल 170 से 180 मामले सांप काटने के पहुंचते हैं। यहां तक कुछ लोगों की जान तक चली गई है। लोगों से चिकित्सक भी अब यही अपील कर रहे है कि अगर किसी भी लोगों को सांप काट लेता है, तो वे समय से अपना उपचार करवाने अस्पताल में आए। अस्पताल में उपचार के पूरे साधन है। सांप काटने के ज्यादातर मामले ग्रामिण क्षेत्र से आते है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और बागवान घास काटने का काम करते है, यही कारण है कि लोग घास के बीच रहते है और वे सांप का शिकार बन जाते है। घास काटते समय किसानों और बागवानों की जान को इन सांपों से जान का जोखिम हमेशा बना रहता है। यहां तक बरसात के दिनों में शहर में भी लोगों को अपने घर के आसपास झाडियों व घास को काट देना चाहिए, ताकि सांप कमरे के अंदर तक न पहुंचे। कई बार सांप लोगों के कमरों में अंदर तक घूस जाते है। चिकित्सक का कहना है कि खासकर क्रेट और ग्रीन पिट सांप का काटना घातक हो सकता है। आईजीएमसी और टांडा में लगातार सर्पदंश के मामले सामने आते हैं।

हालांकि चिकित्सकों का दावा है कि अभी तक आई.जी.एम.सी. में वैसे लगतार कोई मामला नहीं आ रहा है। कभी कभी बीच में एक आधा मामला आ जाता है। अब बरसात का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में अभी से लेकर अक्तूबर व नवंबर माह तक सांप काटने के मामले अस्पतालों में लगातार आते है। सर्पदंश के सबसे अधिक मामले 108 एंबुलैंस के माध्यम से ही अस्पताल तक पहुंचाए जाते हैं।

सर्पदंश के मामले गर्मियों में सबसे अधिक सामने आते है। सांप ठंडे रक्त वाले जीव होते हैं और सर्दियों में ये लंबे हाइबरनेशन के लिए जमीन के नीचे चले जाते हैं व गर्मी शुरू होते व भोजन के लिए जमीन के बाहर आ जाते है, जिसके परिणाम स्वरूप सर्पदंश के मामलों में वृद्धि होती है। इसी तरह बरसात के दौरान उमस और बिलों में पानी भरने के कारण सांप जमीन पर हरी घास और पानी के बीच में पाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

ऐसे पहचानें सांप से काटी गई जगह का निशान

सर्पदंश आमतौर पर काटी गई जगह पर दांतों का निशान हल्की दर्द व उसके चारों तरफ लाली से पहचाना जा सकता है, लेकिन कुछ सांप ऐसे भी होते हैं जिनके काटने के निशान शरीर पर नहीं दिखते। ऐसे मामलों में स्नेक बाइट की पहचान लक्षणों से की जा सकती है। इसके अलावा व्यक्ति के मुंह से खून भी निकलता है।

क्रेट व ग्रीन पिट सांप का काटना घातक

चिकित्सक का कहना है कि खासकर क्रेट और ग्रीन पिट सांप का काटना घातक हो सकता है। हिमाचल में आईजीएमसी और टांडा में लगातार सर्पदंश के मामले सामने आते हैं। हालांकि चिकित्सकों का दावा है कि अभी तक आई.जी.एम.सी. में वैसे लगतार कोई मामला नहीं आ रहा है। कभी कभी बीच में एक आधा मामला आ जाता है।

नवंबर माह तक सांप काटने के मामले अस्पतालों में लगातार आते है। सर्पदंश के सबसे अधिक मामले 108 एंबुलैंस के माध्यम से ही अस्पताल तक पहुंचाए जाते हैं। अगर लोगों को समय रहते अस्पताल न पहुंचाया जाता तो इनकी मौत भी हो सकती थी।

एंटी स्नेक वेनम ने सर्पदंश के शिकार इन लोगों को नई जिदंगी प्रदान की है। यदि अस्पताल पहुंचने में देरी हो जाती तो शायद इनमें से कई लोग आज दुनिया में ही नहीं होते।

न्यूज ब्रीफ

नवनिर्वाचित विधायक कमलेश व हरदीप को दी बधाई

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा व स्थानीय व्यापारियों ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर और हरदीप बावा को बधाई संदेश भेजा है। दोनों विजयी प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री सुक्खू व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया को भी बधाई दी है। उन्होंने नालागढ़ और देहरा की जनता की सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए इस जीत को नकारात्मक शक्तियों की हार बताया है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, उपप्रधान परमेश्वरी दास, रवि वरिंद्र नाथ, रितेश शर्मा, प्रवीन मेहता, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

थुरल कॉलेज में पीजीडीसीए के लिए प्रवेश अब 29 तक

राकेश डोगरा, डरोह। महाराजा संसार चंद राजकीय महाविद्यालय थुरल के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार कौंडल ने कहा की महाविद्यालय द्वारा संचालित पीजीडीसीए में प्रवेश की तिथि 29 जुलाई तक बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए की मेरिट सूची भी 16 जुलाई को जारी कर दी गई है। विद्यार्थी प्रवेश शुल्क दिनांक 16 से 19 जुलाई तक जमा करवा दें। (अनंत ज्ञान)

बैजनाथ एवं बीड़ में अल्ट्रासाउंड सुविधाएं जल्द : किशोरी

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। हिमाचल सरकार के मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले जो वादा हमने जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए किया था, उस मांग को पूरा करते हुए लोगों को अब सिविल अस्पताल बैजनाथ में अल्ट्रासाउंड सुविधाएं जल्द मिलनी शुरू हो जाएंगी। सिविल अस्पताल बैजनाथ में रिक्त पड़े डॉक्टर के पद को स्थायी रूप से भर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू एवं स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने क्षेत्र की जनता की मांग को पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

मां सारिका के 10वें वार्षिक उत्सव पर बांटे पौधे

पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां। मां सारिका जगत गुरु भगवान श्री गोपीनाथ जी तथा पिपलेश्वर महादेव पवन धाम मंदिर समलोटी में मां सारिका का दसवां वार्षिक उत्सव

7 से 15 जुलाई तक मनाया गया। जिसमें 7 जुलाई को कलश यात्रा के साथ इस कार्यक्रम का आरंभ हुआ, वहीं प्रतिदिन श्री सप्तशति पाठ वह प्रतिदिन देव भागवत कथा के साथ 14 जुलाई को यज्ञ एवं पूर्ण आहुति हुई। 14 जुलाई रात्रि मां भगवती का जागरण हुआ। 15 जुलाई को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इसी कड़ी में मंदिर की तरफ से 3000 फलदार पौधों का वितरण कर उनका पौधरोपण भी करवाया गया मां शारिका कश्मीरी पंडितों की कुलदेवी है और कश्मीरी पंडित यहां आकर पूजा-अर्चना करते है। (अनंत ज्ञान)

कोटला में पुलिस व माइनिंग विभाग की नाक के नीचे हो रहा अवैध खनन

कोटला में शनि मंदिर के पास माफिया ने लगाए पत्थरों के बड़े-बड़े ढेर

अनिल छांगू, जवाली

जवाली उपमंडल की देहर खड्ड, भेड़ खड्ड तथा वराल खड्ड में रात के अंधेरे में पोकलेन और जेबीसी मशीन टिप्पर, ट्रैक्टर द्वारा अवैध खनन माफिया नदियों का सीन छलनी कर रहे हैं। इन्हें कानून तथा कानून के रखवालों का कोई डर नहीं है।

अवैध खनन माफिया गिरोह ने क्षेत्र में दहशत का ऐसा माहौल बना रखा है कि बड़े-बड़े रसूखदार भी इनसे खौफ खाने लगे हैं। पहले तो खनन अधिकारी ने खनन की रोक तक सार्वजनिक नहीं की। पहले दिन में बेरोकटोक अवैध खाना होता था, जो अब रात के अंधेरे में अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन अब अवैध खनन का तरीका बदलकर पोकलेन तथा जेसीबी से बड़े टिप्पर ट्रालों से खनन सामग्री निकालने को अंजाम दिया जा रहा है। स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों की मांग है कि इन अवैध खनन माफियाओं से जुड़े कारोबारियों की

संपत्ति की जांच ईडी, आयकर विभाग, परवर्तन निदेशालय से करवाई जाए। जिन लोगों की परिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी वो आज रातों-रात करोड़ों से अरबों तक के मालिक कैसे बन गए।

खनन विभाग की तरफ से खानापूर्ति के लिए एक आधा जेसीबी आदि का चालान कर लोगों की आंखों में धूल झोकीं जा रही है। साल 1977 से 80 के बीच तत्कालीन विधायक डॉ. हरवंस सिंह राणा तथा कोटला के लोकप्रिय नेता प्रधान चतरो राम के अथक प्रयासों से कोटला की सुरक्षा हेतु देहर खड्ड में वारवड वायर युक्त क्रेट भी अवैध खनन माफिया से नहीं बच पाए हैं।

कोटला से बडेड सड़क पर शनि देव मंदिर के नीचे लगाए गए यह क्रेट रात के अंधेरे में अवैध खनन माफिया गिरोह के लोग ट्रैक्टरों में भरकर चोरी बेचे जा रहे हैं। डर के मारे स्थानीय लोग आवाज उठाने से कतराते हैं, क्योंकि खनन माफिया गिरोह प्रशासन, शासन की छत्रछाया में इतना ताकतवर हो गया है कि पुलिस के गिरवान में हाथ डालने से भी नहीं कतराता। अगर कोई पुलिस से शिकायत करें तो पुलिस उनके डर के मारे स्टाफ न होने के कारण पल्ला झाड़ लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं उद्योग मंत्री

इस बारे में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से पूछने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने 15 सितंबर तक प्रदेश में खनन गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। माइनिंग विभाग, पुलिस विभाग व उपायुक्त को अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस ने की नए अध्यक्षों की नियुक्ति

चुने गए नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल के साथ।

प्रवीण मिश्रा, लंबागांव

जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस ने संगठन में विस्तार करते हुए करणघट व लंबागांव जोन में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने बताया कि करणघट पंचायत के पूर्व उपप्रधान व कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर वर्षों से काम कर रहे रणवीर पठानिया को करनघट जोन तथा लोअर लंबागांव पंचायत के उपप्रधान व वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता अजय शर्मा को लंबागांव जोन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विस चुनाव में करनघट व लंबागांव बूथों से यादविंद्र गोमा को बढ़त दिलाने में दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। दोनों जोन अध्यक्ष अपने-अपने जोन के तहत आने वाले बूथों में कांग्रेस संगठन को मजबूती देंगे तथा प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों को रू-ब-रू करवाएंगे।

रविवार को दोनों जोन अध्यक्षों का ब्लॉक कांग्रेस व कार्यकर्ताओं ने हार पहना कर जोरदार स्वागत किया। रणवीर पठानिया व अजय शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए आयुष व खेल मंत्री तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे जीजान लगा कर पूरा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

नगरकोट धाम कांगड़ा में वीआईपी रास्ते में लगाए कन्वेक्स सेफ्टी मिरर

आशीष दमीर, कांगड़ा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली ने बताया कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से मिशन रोड मां ब्रजेश्वरी देवी मंदिर नगरकोट धाम कांगड़ा वीआईपी रास्ते में तीखे मोड़ पर कोई दुर्घटना न हो, उसमें कन्वेक्स सेफ्टी मिरर लगाए गए हैं। समाजसेवी अरुण मेहरा ने यह सुझाव दिया था।

यह वीआईपी रोड जो है इसमें खड़ी चढ़ाई, तीखे मोड़ हैं। कई बार इस रास्ते में दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों को तो इस रास्ते का अनुभव है, मगर यात्रियों को इसका अनुभव नहीं है। बताते चलें कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता हिमाचल प्रदेश कांग्रेस

कमेटी पंडित अशोक हिमाचली हमेशा ऐसे नेक कार्य अपने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में करवाते रहते हैं। हिमाचली ने इसके लिए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन डडवालिया, एसडीओ और जेईई का धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

स्वर्णकारों की दुकानें 22 से 27 तक रहेंगी बंद

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ नगरोटा बगवां मंडल इकाई के अंतर्गत आने वाली सभी स्वर्णकारों की दुकानें 22 से 27 जुलाई तक वार्षिक अवकाश हेतु बंद रहेगी। संघ के प्रधान अरविंद वर्मा, उपप्रधान दीप सोनी, महासचिव सुशील वर्मा ने बताया कि यदि कोई भी स्वर्णकार दुकान खोलता है उसे 5,000 रुपए प्रतिदिन जुर्माना लगेग। उन्होंने बताया कि यह निर्णय संघ की गत दिनों हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया था। जिसमें 30 स्वर्णकार भाइयों ने भाग लिया था। मंडल के अंतर्गत नगरोटा बगवां, पठियार, मला, द्रंग, परौर, बड़ोह चौक, समलोटी, सुनेहड आदि स्थानों में दुकानें बंद रहेंगी।

थैंक यू अमेरिका कार्यक्रम का किया आयोजन

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

उपमंडल बैजनाथ के बीड़ तिब्बती समुदाय द्वारा मंगलवार को पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट में थैंक यू अमेरिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत तिब्बत नीति और समर्थन समाधान अधिनियम के पारित होने के माध्यम से तिब्बतियों के हित में उनके अटूट समर्थन, वकालत और योगदान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति, संयुक्त राज्य सरकार, प्रतिनिधियो समर्थकों स्वम अमेरिकी नागरिकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हैं।

उन्होंने कहा की 12 जुलाई 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन में तिब्बत-चीन विवाद के समाधान को बढ़ावा देने वाले अधिनियम नियम कानून पर हस्ताक्षार किए जो 2002 के तिब्बत नीति अधिनियम में और संशोधनों के माध्यम से अमेरिकी नीति को मजबूत करता है। इसे तिब्बत समाधान अधिनियम रेसोल्व तिब्बत एक्ट के रूप में भी जाना जाता है।तिब्बत नीति अधिनियम 2002 और तिब्बती नीति और समर्थन अधिनियम 2020 के बाद तिब्बत के संबध में अमेरिकी सरकार का यह तीसरा उल्लेखनीय कार्य है।

इस अधिनियम का उद्देश्य तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन को बढ़ाना और अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों को चीनी सरकार से तिब्बत के बारे में दुष्प्रचार का सक्रिय रूप से मुकाबला करने के लिए मजबूत बनाता है। जिसमें तिब्बत के लोगों और दलाई लामा सहित तिब्बती संस्थानों के बारे में दुष्प्रचार शामिल है। यह तिब्बती लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार और मानवाधिकारों को रेखांकित करता है एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अनुबंधों के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में चीन को जवाबदेह ठहराता है। इसका उद्देश्य तिब्बत में न्याय और शांति के लिए एकजुट होने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सशक्त बनाना भी है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फैशन

रश्मिका मंदाना की एक्टिंग के साथ-साथ लोग उनके लुक्स को लेकर भी काफी पसंद करते हैं। यह चाहे एथनिक आउटफिट स्टाइल करें या वेस्टर्न हर लुक पसंद किया जाता है। यही कारण है कि लड़कियां सोशल मीडिया से इनके लुक्स का आइडिया लेती हैं और अपने लिए उसी के हिसाब से आउटफिट को डिजाइन करवाती हैं। इस बार वो अनंत-राधिका के वेडिंग फंक्शन में

रश्मिका मंदाना की तरह ब्लू साड़ी को ऐसे करें स्टाइल

ब्लू कलर साड़ी पहनें नजर आईं। इस साड़ी में वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही थी। आप भी अगर ब्लू साड़ी को स्टाइल कर रही हैं, तो इनके स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तस्वीर में रश्मिका मंदाना ने ब्लू साड़ी को स्टाइल किया है। इसमें अजरक हैंडक्राफ्ट और जरदोजी वर्क किया गया है। इस साड़ी में आरी डिटेल का काम भी किया गया है। इसकी वजह से यह साड़ी और भी सुंदर लग रही है। इसमें सिल्वर डिटेलिंग वर्क को भी किया गया है। इसके पल्लू को हैवी टच देने के लिए पल्लू में नीचे की तरफ सिल्वर और गोल्ड लटकन लगाई गई है। इससे साड़ी और भी अच्छी लग रही है। इस साड़ी को निधि तंबी केजरीवाल ने डिजाइन किया है। आप इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी को डिजाइन करा सकती हैं। रश्मिका मंदाना ने इस साड़ी के साथ गोल्ड और ब्लू कलर नेकलेस सेट को स्टाइल किया है। इसमें गोल्डन डिटेलिंग के साथ ब्लू कलर स्टोन को लगाया गया है। इससे साड़ी लुक और भी एलीगेंट लग रहा है। इसके साथ छोटे इयररिंग्स को उन्होंने स्टाइल किया है। आप भी ऐसे ही नेकलेस सेट को अपनी ब्लू कलर साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के नेकलेस आपको 250 से 500 रुपए में मिल जाएंगे। आप साड़ी के साथ रश्मिका मंदाना की तरह डीप नेकलाइन ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज को आप वी नेकलाइन, स्वीटहार्ट और स्क्वेयर नेकलाइन डिजाइन में तैयार करा सकती हैं। इससे आपका लुक इनकी तरह से खूबसूरत लगेगा। आप इसके साथ-साथ ब्लाउज को बैकलेस डिजाइन में भी तैयार कर सकती हैं। इससे आपका लुक और भी सुंदर लगेगा। मार्केट में आजकल इस तरह की नेकलाइन के ब्लाउज रेडीमेड भी मिल जाते हैं। इस साड़ी के साथ उन्होंने स्मोकी आई मेकअप हेयर स्टाइल में स्लीक बन गजरे के साथ बनाया है। इसके अलावा क्लच को साथ में पेयर किया है। इससे इनका लुक क्लासी लग रहा है। आप भी ऐसे ही लुक को f, एट कर सकती हैं। इससे आप सुंदर लगेंगी।

हर लुक के साथ बेस्ट लगेंगे मल्टी-कलर के ये ब्लाउज लहंगे से लेकर साड़ी तक

लहंगे से लेकर साड़ी तक के साथ में ब्लाउज को स्टाइल किया जाता है। मार्केट में आपको रेडीमेड से लेकर फैब्रिक खरीदकर खुद कस्टमाइज किए हुए ब्लाउज के डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। आजकल हम इसके लिए ज्यादातर सेलेब्रिटी स्टाइल ब्लाउज लुक को री-क्रिएट करवाना पसंद करते हैं। आजकल की बात करें, तो मल्टी-कलर के ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। स्क्वायर नेक ब्लाउज डिजाइन ग्रीक के किसी समय का कढ़ाई वर्क है, जिसे बीजान्टियम कहा जाता है। बीड्स और बारीक गोल्डन थ्रेड की मदद से इस तरीके के डिजाइन को बनाया जा सकता है। नेकलाइन की बात करें तो इस तरह की नेकलाइन खासकर चौड़े कंधे वालों के लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकती है। इसे आप सिल्क साड़ी से लेकर फैंसी नेट साड़ी के साथ भी पहन सकती हैं। आजकल जो सेलिब्रिटीज पहन लें, वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड बन जाता है। इसी तरह से एक्ट्रेस के पहनें हुए इस खूबसूरत ब्लाउज में घुंघरू डिजाइन की छोटी-छोटी लटकन को लगाया गया है। लहंगे से लेकर साड़ी तक के साथ में इस तरह के ब्लाउज आपको बेस्ट लुक देने में मदद कर सकते हैं। कॉटन की प्लेन साड़ी के साथ में इसे आप स्टाइल करें। डीप फ्रंट नेकलाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के स्टाइलिश मल्टी-कलर के ब्लाउज को पहन सकती हैं। इसमें आपको थ्रेड कढ़ाई वर्क के अलावा मिरर वर्क और फ्लोरल पैटर्न में भी कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप प्लीट्स बनी हुई साड़ी को स्टाइल करें। हल्दी और मेहंदी लुक के लिए यह डिजाइन बेस्ट हो सकता है।

शादी से लेकर पार्टी तक में खूब जचेगा लाल रंग

रेड कलर हमेशा ट्रेंड में रहता है। इसे एवरग्रीन पसंद किया जाता है। यह देखने में क्लासी लुक देने में मदद करता है। हाल ही में अंबानी परिवार के छोटे बेटे अनंत-राधिका की शादी से जुड़े फंक्शन में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड सेलिब्रिटीज नजर आए हैं। सेलिब्रिटीज के इन स्टाइलिश लुक्स में सबसे ज्यादा रेड कलर को स्पॉट किया गया है। रेड लिप्स के साथ ज्यादातर अपने लुक को स्टाइल करने वाली एक्ट्रेस ने इस खूबसूरत वी-नेकलाइन वाले फ्लोर लेंथ अनारकली सूट को स्टाइल किया है। इस तरह के सूट के साथ में आप हरे रंग की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकते हैं। देखने में यह लुक बोल्ड और स्टाइलिश नजर आ रहा है। आप चाहें तो इस तरह के सूट के साथ में दुपट्टे को स्किप भी कर सकते हैं। आजकल प्लेन और सिंपल साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। इस स्टाइलिश बॉर्डर वर्क साड़ी के साथ में स्टेटमेंट नेकपीस को स्टाइल किया जा सकता है। इस तरह के सिंपल साड़ी को एलिगेंट लुक देने के लिए आप मेकअप को मिनिमल ही रखें। वहीं, ब्लाउज के लिए आप फुल स्लीव्स या स्लीवलेस स्ट्रैप डिजाइन वाले ब्लाउज को चुन सकती हैं। डिजाइनर तोरानी ने इस फैंसी और रॉयल लुक देने वाले सलवार-सूट को डिजाइन किया है।

चोटी को बनाना है स्टाइलिश और फैंसी तो काम आएंगी ये ट्रेंडी हेयर एक्सेसरीज

किसी भी लुक को खास बनाने के लिए सही डिजाइन के कपड़ों के साथ-साथ इनकी स्टाइलिंग भी सही तरीके से की जानी बेहद जरूरी होती है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें केवल ज्वेलरी लुक ही नहीं आता है, बल्कि इसमें हेयर लुक और इन्हें स्टाइल करने के लिए हेयर एक्सेसरीज का रोल अहम होता है। आजकल हेयर स्टाइल्स में ब्रेड हेयर स्टाइल को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। ताजे फूलों से बेहतर और क्या हो सकता है। वहीं, इसके लिए आप इस तरह के गजरे या फूलों की लेयर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह खासकर जूड़ा स्टाइल चोटी के साथ में बेस्ट लुक देने में मदद करेगा। बता दें कि इस तरह हेयर स्टाइल्स ज्यादातर साउथ इंडियन लुक में किए जाते हैं। वहीं, आप चाहें तो ज्वेलरी स्टाइल हेयर एक्सेसरीज को चोटी की लेंथ में लगाने की जगह पर गजरे को चोटी पर लपेट भी सकते हैं। ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाना चाहते हैं तो आप झालर वाले इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स और हैवी लुक वाली ज्वेलरी स्टाइल हेयर एक्सेसरीज आपके सिंपल से लुक को बिना कुछ करें हैवी और स्टाइलिश लुक देने का काम करेगी। आप चाहे तो पुराने इयररिंग्स की मदद से खुद भी इस तरह की ब्रेड हेयर एक्सेसरी को घर में बना सकते हैं। अगर आप हैवी डिजाइन की हेयर एक्सेसरीज को स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल चैन वाली हेयर एक्सेसरी को बालों में पिन-अप कर सकती हैं। इसमें आपको चैन के बीच में चौ□ और ब□ साइज के स्टोन वाले ब्रोच भी लगे हुए मिल जाएंगे। इन ब्रोच को पेंडेंट भी कहा जा सकता है।

हैप्पी बर्थडे

कटिंढी निवासी कैलाश ठाकुर पुत्र टीडी ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

ऑटो इंडस्ट्रीज 32 अभ्यर्थियों का चयन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राजकीय प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह सरोतरी में कैंपस प्लेसमेंट के अंतर्गत अधिकृत कंपनी एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज मोहाली द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के रोजगार अधिकारी मनोज कुमार फिटर, इलेक्ट्रीशियन, एमबी, एमएएंडई और प्लंबर, व्यवसायों के 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग के 62 अभ्यर्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू ने भाग लिया, जिसमें से 32 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। एचआर धीरज कुमार ने अभ्यर्थियों को कंपनी ज्वाइन करने को कहा है।

धर्मशाला में भवनों व संस्थानों का निरीक्षण करेगी फायर ब्रिगेड

मुख्यालय के निर्देशों के बाद जल्द शुरू होगी व्यापक मुहिम

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

फायर ब्रिगेड जल्द ही धर्मशाला क्षेत्र में स्थित ऐसे भवनों जहां 100 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं या लोग मौजूद रहते हैं, उनका निरीक्षण करेगी। फायर ब्रिगेड मुख्यालय के आदेशों के बाद अगले सप्ताह से निरीक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा!

इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम इस बात को पुख्ता करेगी कि संबंधित भवनों में आग से सुरक्षा को लेकर पूरे उपकरण मौजूद हैं या नहीं हैं। ऐसे में सुरक्षा यंत्र न होने या पूरे न होने की सूरत में ऐसे भवनों के प्रबंधन को समय सीमा के भीतर सुरक्षा उपकरणों की मौजूदगी को पुख्ता करने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे।

फायर ब्रिगेड मुख्यालय के निर्देशों के बाद अब जल्द ही धर्मशाला में इसको लेकर निरीक्षण का काम शुरू किया जाएगा। इससे आग लगने की सूरत में बड़े संस्थानों तथा भवनों की सुरक्षा पुख्ता होगी तथा आग लगने की किसी भी घटना में नुक्सान के आंकड़े को कम किया जा सकेगा।

धर्मशाला समेत पूरे प्रदेश में आवासीय भवनों में लगने वाली आग के चलते काफी नुकसान हर साल होता है। ऐसे में आग से व्यापक सुरक्षा के उपकरणों की मौजूदगी होने से इस खतरे के साथ नुकसान के आंकड़े में कमी दर्ज की जा सकती है तथा खतरे को कम किया जा सकेगा। (अनंत ज्ञान)

3 साल, 19 मामले, 35 लाख स्वाह

पिछले तीन साल के आंकड़ों के अनुसार धर्मशाला क्षेत्र में भवनों में आग लगने के 19 मामले सामने आए हैं, जिनमें करीब 35 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है तथा फायर ब्रिगेड ने करोड़ों की संपति तथा अन्य आवासों को बचाया है। साल 2022 में अक्तूबर माह में भवनों में आग के 3 मामलों में 1,20,000 रुपए का नुक्सान हुआ। साल 2023 में जनवरी माह में एक मामले में 20,000, मार्च में एक मामले में एक लाख रुपए का, जून माह में 2 मामलों में 17 लाख का, सितंबर माह में एक मामले में 70,000 रुपए, नवंबर माह में 2 मामलों में 25,000 रुपए का नुक्सान हुआ, जबकि समय रहते आग पर काबू पाने के चलते लाखों रुपए की साथ लगती संपति को बचाया गया। साल 2024 के माह में जनवरी में भवन की आग के 2 मामलों में 37,000, फरवरी माह में एक मामले में 30,000, मार्च माह में एक मामले में एक लाख रुपए, अप्रैल माह में एक मामले में 10,000, मई माह में एक मामले में 20,000 तथा जून माह में भवनों में आग लगने के 3 मामलों में क्रमष 70,000, 25,000 तथा 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ, जबकि करोड़ों की संपति को बचाया गया।

जल्द शुरू होगा निरीक्षण कार्य

उधर, आंकड़ों की पुष्टि करते हुए फायर सब ऑफिसर डीएस भाटी ने बताया कि धर्मशाला क्षेत्र के तहत जिन भवनों तथा संस्थानों के तहत 100 या इससे ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं या लोग मौजूद रहते हैं, विभाग के निर्देशों के अनुसार उनका निरीक्षण कर यहां आग से सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता को पुख्ता किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता या कम पाए जाने की सूरत में ऐसे संस्थानों व भवनों के प्रबंधनों को निर्देश जारी कर दोबार निरीक्षण कर इसे पुख्ता किया जाएगा।

क्लासरूम में आकर टीचर को पेट्रोल से जलाने की कोशिश

जानकारी देती टीचर व क्लासरूम में बिखरा पड़ा समान।

अशोक ठाकुर, पठानकोट

पठानकोट के हल्का भोआ क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव गतोरा के सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल में उस समय भगदड़ मच गई, जब एक व्यक्ति पेट्रोल की बोतल लेकर स्कूल की टीचर को जलाने के इरादे से अंदर आ गया। यही नहीं आरोपी व्यक्ति ने बच्चों के सामने टीचर के साथ मारपीट भी की।

यह आरोप उक्त प्राइमरी स्कूल में कार्यरत अध्यापिका रेनू शर्मा, गांव गतोरा की सरपंच दीक्षा ठाकुर व बच्चों ने लवलीन शर्मा गांव गतोरा के ऊपर लगाए।

बताते चलें कि अध्यापिका रेनू शर्मा ने अपने पति लवलीन शर्मा के ऊपर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि उन दोनों के रिश्ते में पिछले 4-5 साल से विवाद चल रहा है, जिसे लेकर अदालत में केस चल रहा है। उन्होंने बताया कि जब सोमवार को वह अपनी क्लास लगा रही थी तो उसका पति हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर स्कूल के भीतर आ गया। आरोपी ने पहले उसकी स्कूटी पर पेट्रोल फेंका, जिस पर रेनू शर्मा ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने रेनू पर भी पेट्रोल फेंक दिया और धक्का दिया। जैसे-तैसे कर भाग कर रेनू ने अपनी जान बचाई। लेकिन आरोपी क्लास के अंदर आकर ही उसे मारने लग गया। हालांकि, छुट्टी होने में 10-15 मिनट बाकि थे तो उसी समय रेनू ने फोन कर अपने बेटे को वहां पर बुला लिया। जिसके बाद 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी गई। गांव के लोग एवं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रेनू शर्मा ने बताया कि उसने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद उसे मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

अवैध माइनिंग करते जेसीबी चालक से वसूला जुर्माना

अशोक ठाकुर, इंदौरा। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत माइनिंग ऑफिसर नूरपुर नीरज कांत के दिशा-निर्देशानुसार आज एक गुप्त सूचना के आधार पर फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल द्वारा गांव भदरोया में छापेमारी की और एक जेसीबी मशीन अवैध तौर पर खनन करते पाई गई जिस पर मौके पर ही उसके चालक से अवैध माइनिंग के चलते 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूल लिया। माइनिंग ऑफिसर नीरज कांत ने बताया कि अवैध माइनिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

माता भयभुंजनी (गढ़ माता) के मेले संपन्न

अनंत ज्ञान, पालमपुर। माता भयभुंजनी मंदिर (गढ़माता) के मेलों का समापन मंगलवार को हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश शर्मा ने बताया कि अषाढ़ मास मे होने वाले माता के मंगलवार 9 जून को शुरू हुए थे तथा 16 जुलाई को इन मेलों का बड़ी धूमधाम से समापन हो गया। अंतिम मंगलवार के समापन पर लगभग 2000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां का आशीर्वाद ग्रहण किया। हजारों की संख्या में दूर-दूर से लोग माता के दर्शनों के लिए आते हैं। (अनंत ज्ञान)

अमरनाथ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस

अशोक ठाकुर, पठानकोट। अमरनाथ यात्रा को देखते हुए पठानकोट में पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा प्रबंधों की जांच करने के लिए डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू पठानकोट पहुंचे। यहां उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए लंगरों का जायजा लिया। डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू ने पठानकोट-जम्मू बॉर्डर पर माधोपुर नाके पर सुरक्षा के इंतजामों का भी रिव्यू लिया। उनके साथ पठानकोट के एसएसपी सोहेल मीर भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए डीआईजी ने कहा कि शांतिपूर्वक तरीके से अमरनाथ यात्रा चल रही है और रोजाना सीनियर अधिकारियों की निगरानी में हर रोज सिक्योरिटी रिव्यू भी किया जा रहा है। एसएसपी सोहेल मीर ने मीडिया से कहा की अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए जिले में सिक्योरिटी फोर्स के 600 जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा-व्यवस्था के बीच यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो इसका भी ख़ास ध्यान रखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

संजय ने रजनी पाटिल से शिमला में की मुलाकात

राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष और हिमाचल कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने मंगलवार को राजीव भवन शिमला में एक रिव्यू मीटिंग में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रभारी रजनी पाटिल के साथ विशेष मुलाकात की तथा उन्हें सम्मान सत्कार पेश करते हुए हिमाचल का प्रतीक हिमाचली टोपी व शॉल भेंट की। उन्होंने विशेष वार्ता में रजनी पाटिल को हिमाचल में हो रही कांग्रेस की गतिविधियों के बारे में बताया तथा विशेष रूप से सुलह विधानसभा क्षेत्र में बढ़ रही कांग्रेस की लोकप्रियता को तथ्य समेत प्रस्तुत किया। संजय सिंह चौहान ने बताया कि 2019 की लोकसभा चुनाव में जो कांग्रेस पार्टी के हित में प्रतिशतता थी उसके अनुपात में 2024 में बड़े अंतर की बढ़ोतरी हुई है। 2022 में विधानसभा से लेकर हाल ही में हुए 2024 लोकसभा चुनाव में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। (अनंत ज्ञान)

चिकित्सा शिविर में 50 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

संजीव महाजन, नूरपुर

नूरपुर की पंचायत खज्जन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ द्वारा व्हाइट मेडिकल कॉलेज बुंगल के चिकित्सकों की टीम के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां शिविर में क्षेत्र के लगभग 50 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपप्रधान, विद्यालय के संचालक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहनिदेशक राजेश पठानिया का कहना है कि आने वाले समय में हम जिला चंबा तथा जिला कांगड़ा के नूरपुर, इंदौरा और जवाली तहसीलों में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाएंगे। अध्यक्ष राजेंद्र पठानिया का कहना है कि हमारे इस कार्य में सहयोगी प्रत्येक नागरिक के हम हमेशा धन्यवादी रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

चिकित्सा शिविर के दौरान व्हाइट मेडिकल कॉलेज बुंगल के चिकित्सकों की टीम।

अपरेंटिस और ऑपरेटर के 50 पदों के लिए साक्षात्कार 19 को

अनंत ज्ञान, पालमपुर

उपरोजगार कार्यालय पालमपुर में 19 जुलाई को ओरो टेक्सटाइल (वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड का उपक्रम), बद्दी द्वारा अपरेंटिस और ऑपरेटर के कुल 50 पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन होगा।

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ओरो टेक्सटाइल (वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड का उपक्रम), बद्दी द्वारा अपरेंटिस और ऑपरेटर के कुल 50 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास रखी गई है व आयु सीमा 18 वर्ष से 24 वर्ष तक रखी गई है। इन पदों हेतु महिला व पुरुष दोनों ही आवेदक पात्र है। कंपनी द्वारा इन पदों हेतु रुपए 9500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय नूरपुर, 19 को उपरोजगार कार्यालय पालमपुर, जबकि 20 को उपरोजगार कार्यालय देहरा में साक्षात्कार लिए जाएंगे। साथ ही में उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर 10 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए इस नंबर 8894701970 पर संपर्क कर सकते है। विभागीय साईट https://eemis.hp.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन के पश्चात ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

विद्यार्थी परिषद ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

आशीष दमीर, कांगड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डीएवी कांगड़ा इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद मैदान में रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें मुख्यातिथि विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं युवा व्यवसाय मनोज त्रेहन एवं विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय कार्य समिति सदस्य शिल्पा कुमारी रहे। इस अवसर पर शिल्पा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की 76 वर्ष की गौरवमय यात्रा कि किस प्रकार विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही समाज हित राष्ट्र हित और छात्रहित की बात करती आई है और विद्यार्थी परिषद समाजिक समरसता की बात करती है। हिमाचल में सबसे अधिक रक्तदान और पौधरोपण का कार्य करता है तो वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है।

उन्होंने युवाओं को भारत के इतिहास के बारे में जानने के लिए प्रेरित किया ताकि उन्हें पता चल सके की भारत का इतिहास गौरवमय और व्यापक था। मुख्यातिथि युवा व्यवसाय मनुज त्रेहन ने कहा मैं भी विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता रहा हूं और आज बहुत सुखद अनुभूति होती है कि जो पौधा 9 जुलाई 1949 को बोया गया, आज वह पौधा वट वृक्ष का रूप लेकर समाज के हर एक क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रहा है। विद्यार्थी परिषद अपना 76वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मना रही है। अभाविप जिला कांगड़ा द्वारा भी काफी उत्साह के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में आज डीएवी कांगड़ा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

प्रदेश अध्यक्ष सुनीता राणा ने एसडीएम धीरा को सौंपा ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपती प्रदेश अध्यक्ष सुनीता राणा व अन्य।

राकेश डोगरा, डरोह

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष सुनीता राणा की अध्यक्षता में धीरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया, इसमें सिलाई अध्यापिकाएं, आशा वर्कर उपस्थित रहीं।

सुनीता राणा ने अपनी मांग को लेकर कहा कि सिलाई अध्यापिकाओं को सरकार जल्द से जल्द रेगुलर करे, क्योंकि हम सिलाई अध्यापिकाएं 1997 से लगातार पंचायत में पहले सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक काम करती थीं, लेकिन आज तक सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक पंचायत में पूरा दिन सचिवों के साथ पूरा दिन काम कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमें 8 वर्ष हो चुके हैं यहां काम करते हुए। किसी भी विभाग में कर्मचारियों को 2 वर्ष के बाद रेगुलर किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारी मांग को मध्य नजर रखते हुए जल्द से जल्द पूरा किया जाए और योग्यता के आधार पर किसी भी विभाग में रिक्त पड़े पदों पर कहीं भी हमें नियुक्त किया जाए।

सिलाई अध्यापिकाओं को रेगुलर करे सरकार

इस दौरान उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख का विषय है कि हमारी बहुत सी बहने रिटायर हो रही हैं और इन्हें एक भी रुपए की राशि सरकार द्वारा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से मांग करती हूं कि महिलाओं का शोषण नहीं किया जाए और हमारी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

मिलाप चंद फिर बने राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, पालमपुर। हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण सभा शाखा पालमपुर के त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को महाराणा प्रताप भवन में प्रदेश अध्यक्ष केसी चंबियाल, राजपूत कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन केएस ठाकुर व नगरोटा बगवां शाखा अध्यक्ष विनोद पटियाल की उपस्थिति में हुए। चुनाव अधिकारी पूर्व कुलपति प्रो. अशोक कुमार सरयाल की देखरेख में वर्ष 2024-2027 के लिए पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता मिलाप चंद राणा व महासचिव राजेंद्र सिंह राणा को दूसरी बार अध्यक्ष और महासचिव पद पर सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएस राणा के स्थान पर पूर्ण चंद राणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ अन्य कार्यकारिणी को चुनने का अधिकार भी मिलाप चंद राणा को दिया गया। राजपूत कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन कुलदीप सिंह ठाकुर ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए ट्रस्ट की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर कर्नल रंजीत सिंह राणा, एमएस परमार, केएस पठानिया, रजिंद्र सिंह राणा, रजिंद्र सिंह जरयाल आदि मौजूद रहे।

खुब्बड़ गांव में पानी न आने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

अशोक ठाकुर, इंदौरा

आज विधानसभा क्षेत्र द्वारा के अंतर्गत गांव खुब्बड़ में करीब एक महीने से पानी न आने के चलते गांव की तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा महिलाओं व पुरषों ने जल शक्ति विभाग के एक्स ई एन रविंद्र कुमार के ऑफिस में पहुंचकर अपना धरना प्रदर्शन किया तथा उन्हें ज्ञापन दिया कि उनका पानी की समस्या का समाधान जल्दी से जल्दी किया जाए। इस मौके पर एक्स ई एन रविंदर कुमार ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्दी से जल्दी उनकी समस्या का हल कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

साहब! गड्ढों की मरम्मत तो करवाइए

खबली-बणे दी हट्टी सड़क दे रही हादसों को न्योता

सालबिया शर्मा, गरली

सड़कों की किसी भी क्षेत्र के विकास और उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जमीनी हकीकत यह कि ग्रामीण सड़कों की तस्वीर कुछ ऐसी बदतर है कि राहगीर व वाहन चालक जान हथेली पर रखकर इन सड़कों पर सफर करते हैं।

जी हां, हम बात कर रहे हैं खबली-पाईसा-नौशहरा-बणे दी हट्टी सड़क की, यहां करीब 9 किलो मीटर सड़क की काफी समय से लोक निर्माण विभाग द्वारा सुध न लेने के कारण हालत ऐसी बन चुकी है कि सड़क के बीच बने गहरे गड्ढों में वाहन चालक जान जोखिम में डालकर ड्राइविंग कर रहे हैं, तो वहीं पैदल राहगीरों का भी खस्ताहाल सड़क पर सफर करना आसान नहीं है। इस सड़क में उड़ती धूल परेशानी का सबब बन गई है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे किसी मुसीबत से कम नहीं हैं।

खबली-पाईसा-नौशहरा-बणे दी हट्टी सड़क की खस्ताहाल की तस्वीर।

इस सड़क का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा नजर आता हो जहां पर सड़क खराब न हो। जानकारी के मुताबिक उक्त सड़क की स्थिति काफी समय से दयनीय बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कुलबीर सिंह, रोहित शर्मा, ससांर चंद, ईश्वर दास तथा शंकर लगबाल आदि ने एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा को शिकायत पत्र सौप कर कार्रवाई की मांग उठाई है। उधर, एसडीएम ने कहा कि इस बारे लोक निर्माण विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

आस्था सावन की संक्रांति पर झंडा चढ़ाकर की गई देवता की अराधना

जवाली में धूमधाम से मनाया ख्वाजापीर उत्सव

अनिल छांगू, जवाली

सावन संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को ज्वाली में ख्वाजापीर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक किश्ती को भव्य रूप में सजाकर इसमें ख्वाजापीर की प्रतिमा रखकर विधिवत पूजा-अर्चना की और बाद में निकतवर्ती नदी या खड्ड में इसका विसर्जन किया गया।

लोगों की आस्था है कि जब बरसात में नदी-नालों में पानी उफान पर होता है तो इस स्थिति में मछली सवार ख्वाजापीर देवता उनकी रक्षा करता है और उन्हें हर प्रकार की अनहोनी से बचाकर रखता है। हालांकि, इसके पीछे कुछ कथाएं भी जुड़ी हैं, जिन्हें आधार मानकर लोग इस परंपरा को निभाते हैं और इसके लिए युवा पीढ़ी को भी अवगत करवाते हैं। जिला कांगड़ा के जवाली कस्बे में ख्वाजापीर पूजन की तैयारी करीब एक सप्ताह पहले शुरू हो जाती है।

सावन संक्रांति के अवसर पर ख्वाजापीर देवता की पूजा करते तथा (दाएं) विसर्जन करते लोग।

सबसे पहले तैयारी होती है बेड़ा बनाने की, जिसे लकड़ी से तैयार करना होता है। किश्ती को भव्य रूप देने के बाद इसमें ख्वाजापीर की प्रतिमा स्थापित की जाती है और धूप-दीप व दलिया चढ़ाकर देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। इस कार्य के लिए किसी पंडित या पुरोहित को नहीं बुलाया जाता, परंपरा से जुड़े लोग खुद ही अपने तरीके से अपने देवता की अराधना करते हैं। सर्वप्रथम झंडा पूजन किया जाता है, इसके बाद देवता को फेरी देकर विसर्जन के लिए निकाला जाता है। लोग अपने देवता को दलिया, रोट, चपाती, हलवा और गेहूं से बनी कुंगणियां चढ़ाते है। इस दौरान झंडे पर कच्चा धागा भी बांधा जाता है और देवता की नदी में विदाई के बाद सामूहिक रूप में एक जगह पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यह उत्सव उनके पूर्वजों की देन है। इसी आस्था के साथ उनका समुदाय अपने देवता ख्वाजापीर के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इस मौके पर जवाली के पूर्व प्रधान एवं मौजूदा पार्षद तिलकराज रपोत्रा, डॉ. मनोज रपोत्रा, शेर सिंह, अवतार सिंह, किशन चंद, मोहिंद्र बड़जात्या, अवतार सिंह, शिव कुमार नीलू, अश्विनी सरोच, इंद्र पाल, नीरज भारद्वाज आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

गसोता महादेव में किया पौधरोपण

अतुल, सुजानपुर। गसोता महादेव में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत 12 बिल के पौधों का रोपण किया गया। इस मुहिम में प्रधान दुनी चंद, सुरिंद्र पठानिया, राजीव, प्रफुल शर्मा, पर्णीश पठानिया और डॉ. सुरिंद्र सिंह डोगरा ने भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। (अनंत ज्ञान)

प्रोक्टर एंड गैंबल में अप्रेंटशिप का मौका

अनिल कुमार, हमीरपुर। बद्दी में स्थित विश्व प्रसिद्ध कंपनी प्रोक्टर एंड गैंबल के प्लांट में अप्रेंटशिप ट्रेनी के 15 पदों के लिए 19 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ये पद एक वर्ष के लिए भरे जाएंगे तथा इनके लिए इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, आर एंड एसी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक युवा पात्र होंगे। आवेदक की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साक्षात्कार में चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ साढ़े दस हजार रुपए मासिक मानदेय भी दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा ये योग्यताएं रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाणों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। इच्छुक आवेदक वेब पोर्टल ईईएमआईएस.एचपी.एनआईसी.इन पर अपनी लॉग इन आईडी बनाने के बाद ट्रेनी के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

जनता के विश्वास से भाजपा ने जीता उपचुनाव

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। भाजपा मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष आदर्शकांत और मंडल पदाधिकारियों ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए खुशी जताई है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमीरपुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर का प्रभार क्षेत्र दिया गया था जिसमें अनुराग के प्रयासों से सीएम के गृह जिले में यह जीत हासिल हुई। आदर्शकांत ने कहा कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल के प्रभाव से हमीरपुर जिला की तीन में से दो सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजय हुए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हर तरह से इन चुनावों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, लेकिन फिर भी हमीरपुर की जनता ने भाजपा के उम्मीदवार आशीष शर्मा पर अपना विश्वास जताया। इसके लिए उन्होंने आशीष शर्मा को बहुत-बहुत बधाई एवं हमीरपुर विधानसभा के जनता का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है। मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत हमने सभी भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही भ्रांतियों में न आए और एक भाजपा कार्यकर्ता की तरह 2027 के लिए पूर्णतः मेहनत करें। (अनंत ज्ञान)

श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है मंगली गुग्गा

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा का गुग्गा मंदिर लोगों की श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक है। लोग इस गुग्गा मंदिर को मंगली गुग्गा जाहरवीर नाम से पुकारते हैं। इस गुग्गा मंदिर की स्थापना दशकों पहले इस गुग्गा मंदिर के पुजारी स्व. ठाकुर जगत राम द्वारा की गई थी, जब गुग्गा जाहरवीर ने स्व. जगत राम ठाकुर को स्वप्न में आकर गुग्गा जी के बताए गए स्थान पर गुग्गा जी की माड़ी बांधने के लिए कहा था। स्व. जगत राम ठाकुर को लोग गुग्गा मंदिर के चेला नाम से पुकारते थे। वर्तमान समय में इस गुग्गा मंदिर की देखभाल ठाकुर कश्मीर सिंह कर रहे हैं। संग्रांद एवं हर महीने के ज्येष्ठ मंगलवार कों गुग्गा के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इस मंदिर की आस्था का मुख्य कारण यह भी है कि यदि किसी मनुष्य को जहरीले सांप ने अगर काट लिया हो तो गुग्गा मंदिर में उस व्यक्ति का जहर गुग्गा जी की कृपा से उतर जाता हैं। इसलिए श्रदालु आकर गुग्गा से हमेशा सुख शांति बनाए रखने की प्रार्थना करते हैं। किसान भाई अपनी नई फसल के रोट बनाकर गुग्गा मंदिर में चढ़ाते हैं। गुग्गा नवमी के दिन गुग्गा मंदिर में विशाल मेला आयोजित होता है। (अनंत ज्ञान)

पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा पौणाहारी दरबार

एसके ठाकुर, बिझड़ी। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि एशियाई विकास बैंक ने बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के विकास के कार्यों के लिए 62 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने व बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वभर से हर साल लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के पहुंचते हैं। इसके अलावा चैत्र माह में आयोजित किए जाने वाले मेले में भी लाखों श्रद्धालु बाबा के दरबार पहुंचते हैं। इस दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसलिए व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा एडीबी के सहयोग से यह परियोजना चालू की जा रही है, जो मंदिर के सौंदर्यीकरण पर काम करेगी। उन्होंने बताया कि यह राशि मुख्य रूप से मंदिर परिसर में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने और मंदिर तक जाने वाली सड़कों और रास्तों की मरम्मत पर खर्च की जाएगी, साथ ही शौचालय, रेन शेल्टर और विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

किसानों को ड्रोन से दवाइयां छिड़कने की दी जानकारी

रवि ठाकुर, हमीरपुर। हमीरपुर जिले में किसान-बागवानों की आर्थिकी और सुदृढ करने के लिए एचपी शिवा प्रोजेक्ट द्वारा ड्रोन से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने के लिए काम किया जाएगा। इसी के चलते हमीरपुर के कैहडरू गांव में एचपी शिवा प्रोजेक्ट ने किसानों को ड्रोन पद्धति से कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया ताकि आने वाले दिनों में किसान-बागवान उक्त पद्धति से काम कर सकें। इस अवसर पर एचपी शिवा जिला समन्यवक अमित शर्मा, गोपाल चौहान, उषा कुमारी, ज्योति शर्मा के अलावा काफी संख्या में स्थानीय किसान बागबान मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

रवि ठाकुर, हमीरपुर। भारतीय मजदूर संघ की इकाई हमीरपुर ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एडीसी हमीरपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। इससे पहले भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष तिलक राज शर्मा की अगुवाई में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने हमीरपुर के गांधी चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। तिलक राज शर्मा ने बताया कि जून माह में भारतीय मजदूर संघ का मंडी में अधिवेशन हुआ, जिसमें निर्णय लिया गया है कि 16 जुलाई को प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में भारतीय मजदूर संघ अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। भारतीय मजदूर संघ के सभी विभागों के कर्मचारी, मिड-डे मील वर्कर, आशा वर्कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जल शक्ति विभाग में कार्यरत कर्मचारी सब की मांगें शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि संघ ने असंगठित क्षेत्र में आशा वर्करों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, साहिकाओं मिड-डे मील, वर्करों तथा इस क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण के लिए नियम न होना, इनके वेतन में उचित वृद्धि न होना, राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतन का वेतनमान तथा महंगाई भत्ते की किस्त समय पर नहीं मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ज्ञापन में जितनी भी मांगें हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

नगर परिषद सुजानपुर की कार्रवाई और दुकानदारों का आश्वासन बना चर्चा का विषय

दोबारा सामान सजाया तो होगा जब्त

ए कुमार, सुजानपुर

नगर परिषद सुजानपुर द्वारा अतिक्रमण को लेकर बार-बार निरीक्षण के दौरान दी जा रही चेतावनी का कोई असर नहीं हो रहा है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान फिर से कई दुकानदारों का सामान सड़क पर सजा पाया गया, जहां चेतावनी देने पर दुकानदारों ने आइंदा सामान न रखने का आश्वासन दिया।

नगर परिषद कर्मियों के जाने के बाद वहीं फिर से सड़क पर सामान सज गया। नगर परिषद सुजानपुर की कार्रवाई तथा अतिक्रमण दुकानदारों का यह सिलसिला चर्चा का विषय बन गया है। मंगलवार नगर परिषद सुजानपुर की टीम ने सड़कों पर सज रहे समान को लेकर अतिक्रमणकारी दुकानदारों को खास तौर पर चेतावनी दी व स्पष्ट किया कि किसी दुकानदार का सड़क पर सजाया सामान मिला तो सामान जब्त जब्त कर लिया जाएगा।

नगर परिषद हालांकि बार-बार औचक निरीक्षण के दौरान

नगर परिषद कर्मचारी अतिक्रमणकारी दुकानदारों को दुकान के बाहर सामान न सजाने की चेतावनी देते हुए।

नगर परिषद सुजानपुर द्वारा अतिक्रमण को लेकर दी जा रही चेतावनी का नहीं हो रहा असर

कर्मचारियों के जाते ही दोबारा सजा लिया सामान

अतिक्रमणकारी दुकानदारों को चेतावनी देती आ रही है लेकिन कुछ ऐसे दुकानदार हैं, जिन पर चेतावनी का असर नहीं हो रहा है। ऐसे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। उनकी देखा-देखी को लेकर और दुकानदार भी सड़कों पर सामान सजना शुरू कर देते हैं।

हालांकि नगर परिषद सुजानपुर द्वारा करीब एक माह पहले दुकानदारों को नाली के ऊपर सड़कों पर सामान न सजाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन चेतावनी के बावजूद कई दुकानदारों द्वारा अभी भी सड़कों पर सामान सजाया जा रहा है। इसके चलते वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों के लिए भी ज्वलंत समस्या बनी हुई है। वर्तमान में हालत यह है कि बस स्टैंड में के साथ बनी दुकानों के आगे नगर परिषद के दुकानदार किरायदारों ने नाली के ऊपर बनाए गए जाले पर समान सजा रखा है, जिस कारण भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। मंगलवार को नगर परिषद के कर्मचारियों ने बाकायदा से निरीक्षण करके साफ तौर पर चेतावनी दी कि सड़कों पर सामान सजाना बंद न किया तो बिना चेतावनी दिए सामान को जब्त कर लिया जाएगा। नगर परिषद जेई सूर्य कटवाल ने बताया कि सड़कों पर सामान सजाने को लेकर के दुकानदारों को स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई है। मनमानी करने वाला दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

हृदय रोगियों को हमीरपुर में ही मिल जाएंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

अनिल कुमार, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ड्रीम प्रोजेक्ट डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अब एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है।

12 जुलाई को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में कार्डियोलॉजी विभाग यानी हृदय रोग विभाग की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण विभाग के संचालन के लिए प्रदेश सरकार ने प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के तीन पद सृजित करने का निर्णय लिया है।

कार्डियोलॉजी विभाग की स्थापना से हृदय रोगियों को हमीरपुर में ही सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्हें पीजीआई चंडीगढ़, एम्स, आईजीएमसी शिमला या प्राइवेट अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल के विद्यार्थियों को भी यहां कार्डियोलॉजी में स्पेशलाइजेशन और सुपर स्पेशलाइजेशन करने का

प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर कार्डियोलॉजी विभाग की स्थापना को दी है मंजूरी

अवसर मिलेगा। डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। उनके दिशा-निर्देशों के अनुसार जोल सप्पड़ में इस महाविद्यालय के नए परिसर के पहले चरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस नए परिसर के दूसरे चरण में नर्सिंग कालेज, कैंसर केयर यूनिट, मातृ-शिशु अस्पताल और कई अन्य ब्लॉकों के निर्माण के लिए भी सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अब इसी कॉलेज में कार्डियोलॉजी विभाग के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे जिला हमीरपुर और इसके साथ सटे जिला ऊना, कांगड़ा, मंडी और बिलासपुर के विभिन्न इलाकों के हृदय रोगियों को घर के पास ही अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। (अनंत ज्ञान)

मुख्यमंत्री सुक्खू ने डेढ़ दशक से लटके प्रोजेक्ट को पहनाया अमलीजामा

हमीरपुर में 65 करोड़ रुपए से बन रहा अत्याधुनिक बस स्टैंड

अनिल कुमार, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में लगभग डेढ़ दशक से लटके पड़े अंतरराज्यीय बस स्टैंड के कार्य के लिए बजट का प्रावधान करके तथा इसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाकर जिलावासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है।

मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप ही आज हमीरपुर में लगभग 65 करोड़ रुपए की लागत से बस स्टैंड का बहुमंजिला भवन आकार लेने लगा है। हिमाचल प्रदेश के बिलकुल मध्यम जोन में स्थित हमीरपुर शहर में लंबे समय से एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त तथा अंतरराज्यीय बसों की आवाजाही एवं पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाने वाले बस स्टैंड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि, लगभग चार दशक पहले बना जिला मुख्यालय का बस स्टैंड वर्तमान जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। लगभग डेढ़ दशक पूर्व हमीरपुर में नए बस स्टैंड की परिकल्पना तो की गई, लेकिन कोई भी सरकार इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अमलीजामा नहीं पहना सकी।

लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने हमीरपुर में अत्याधुनिक बस स्टैंड के निर्माण का संकल्प लिया तथा इसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने गृह जिले के पहले दौरे के दौरान उन्होंने इस दिशा में त्वरित कदम उठाने की घोषणा करके हिमाचल पथ परिवहन निगम, हिमाचल प्रदेश बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अत्याधुनिक बस स्टैंड के निर्माण की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

हालांकि, पूर्व की सरकारें इस बस स्टैंड का निर्माण बीओटी आधार पर करवाने की बात कहती थीं, लेकिन सुक्खू की सरकार ने स्वयं इसका निर्माण करवाने का निर्णय लिया तथा इसके लिए करोड़ों रुपए के बजट का प्रावधान किया। मुख्यमंत्री ने 6 मार्च 2024 को इसका शिलान्यास किया तथा यह कार्य युद्धस्तर पर करवाने के निर्देश दिए। आज इस बहुप्रतीक्षित बस स्टैंड का कार्य तेज गति से रहा है। अब वह दिन दूर नहीं है, जब हमीरपुर शहर को एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

नए लेबर कोड लागू करने के विरोध में सीटू कल करेगी प्रदर्शन

अनिल कुमार, हमीरपुर

सीटू जिला कमेटी हमीरपुर 18 जुलाई को सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर हमीरपुर शहर में विशाल रैली आयोजित की जा रहा है। नई मोदी सरकार ने जो 100 दिन का एजेंडा तय किया है, उसमें चार नए श्रम कोड लागू करने जा रही है, जो मजदूरों के लिए गुलामी का फंदा हैं और मजदूरों ने लंबी लड़ाई के बाद हासिल किए सुरक्षा के अधिकारों को खत्म करने की साजिश है।

इन चार नए लेबर कोड को लागू करने से देश के 74 प्रतिशत मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70 प्रतिशत उद्योग कानून के दायरे से ही बाहर हो जाएंगे। सीटू के जिला सचिव जोगिंद्र कुमार ने बताया कि नए लेबर कोड में हड़ताल करने पर मजदूरों को वैसे ही सख्त सजा का प्रावधान है, जैसे कि ट्रांसपोर्ट मालिकों व ड्राइवर के लिए दुर्घटना की स्थिति में मोटर व्हीकल

कहा-मजदूरों के हित में नहीं नए लेबर कोड, वापस ले केंद्र सरकार

एक्ट में किया गया है। केंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, इससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे। मजदूरों को काम के लिए समय सीमा 8 घंटे से बढ़कर 12 घंटे की करने की अधिसूचना जारी हो चुकी है।

मोदी सरकार की इन मजदूर विरोधी, राष्ट्र विरोधी, जनता विरोधी फैसले के खिलाफ 18 जुलाई को पूरे देश भर में सीटू प्रदर्शन करेगी और उसी कड़ी में हमीरपुर में भी विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। सीटू की मांग है कि मजदूरों के लिए बनाए गए नए लेबर कोड को निरस्त करो। नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को खत्म करो, सार्वजनिक उपक्रमों को सेवाओं के निजीकरण को बंद करो, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 पर प्रति माह लागू करो, असंगठित श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करो।

इसके अलावा मनरेगा बजट में बढ़ोतरी करो, मनरेगा व निर्माण मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व नवीनीकरण शुरू करो रुके हुए आर्थिक लाभ जारी करो, आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, मिड-डे मील योजना कर्मियों को श्रमिकों के रूप में मान्यता दो और न्यूनतम मजदूरी पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करो। अनुबंध, आउट सोर्स, ठेका, फिक्स टर्म, कैजुअल, टेंपरेरी, मल्टीटास्क, मल्टीपरपज श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करो। एक समान काम का एक समान वेतन दो आदि मांगें रखीं। (अनंत ज्ञान)

विधायक चुने जाने के बाद पहली बार नादौन पहुंची कमलेश ठाकुर

सैकड़ों लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत, बांटी मिठाइयां।

शशि सोनल, नादौन

मुख्यमंत्री की पत्नी देहरा से नवनिवार्चित विधायक कमलेश ठाकुर का नादौन पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया तथा मिठाइयां बांट कर मुंह मीठा करवाया गया।

नादौन में स्वागत करने वालों में ब्लाक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद,नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष एवं शहरी इकाई के अध्यक्ष शम्मी सोनी, महिला कांग्रेस की अध्यक्षा रीना देवी,संतोष संधू, कमल कम्मी, अजय सौंधी, महिंद्री जैन, नवीन पुरी, भरत भूषण कपिल, मोंटी संधू, राजेंद्र चौधरी, रजनीश चौधरी, ठाकुर प्रकाश चंद, रविंद्र गद्दी, विजय ठाकुर, पूर्व प्रधान राज कुमार, ज्ञान चंद, एसके जरियाल, अशोक संधू सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।

नवनिवार्चित विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार आम जनता की सरकार है और आम जनता के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)

महिलाओं को किराये में न दी जाए छूट : ट्रेड यूनियन सुजानपुर

ए कुमार, सुजानपुर। व्यास प्राइवेट बस ऑपरेटर ट्रेड यूनियन सुजानपुर ने महिलाओं को किराए में दी जाने वाली 50 प्रतिशत की छूट को समाप्त किए जाने की मांग की है। व्यास प्राइवेट बस ऑपरेटर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष भीम सिंह रांगड़ा ने बताया किप्राइवेट क्षेत्र में अपनी बसें हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा सरकारी बसों में महिलाओं को 50 प्रतिशत किराये में छूट देकर उनके काम को बहुत हानि पहुंचाई है, क्योंकि समस्त महिला यात्री प्रदेश में चलने वाली हमारी बसों में यात्रा न कर सरकारी बसों में यात्रा करती हैं जिससे उन्हें बहुत आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

इसके लिए कई बार सरकार से लिखित व मौखिक तौर पर अनुरोध किया गया है, जिसे आज तक नहीं सुना गया। हिमाचल पथ परिवहन निगम को सरकार द्वारा कई प्रकार की सुविधाएं जैसे टैक्स में छूट व टोकन टैक्स, स्पेशल रोड टैक्स में छूट प्रदान की जा रही है लेकिन निजी बस ऑपरेटर के लिए ऐसी सुविधाएं सरकार द्वारा नहीं दी जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ सौंपे गए अविश्वास प्रस्ताव पत्र पर कोरम पूरा

ए कुमार, सुजानपुर

पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ सौंपे गए अविश्वास प्रस्ताव पत्र को लेकर मंगलवार को रखी गई पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में कोरम पूरा हो गया। अब अध्यक्ष पद के खिलाफ मतदान को लेकर 7 दिनों में तिथि निर्धारित की जाएगी।

गौरतलब है कि कुल 15 पंचायत समिति सदस्यों में से 12 सदस्यों ने अविश्वास अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास जताया था तथा विभाग के पास सौंपे गए अविश्वास प्रस्ताव मांग पत्र पर शीघ्र कोरम बुलाकर मतदान की मांग की थी। वर्तमान में पंचायत समिति में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित विराजमान हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव जीतने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर रणनीति अख्तियार करने में जुट गई है। आगामी समय में कांग्रेस मजबूत हो तथा अहम अहोदों पर उनके समर्थित विराजमान हो, इसी को लेकर के पहले दौर में भाजपा को पंचायत समिति में झटका देने का खेल खेल दिया है। काबिलेगौर है कि समिति सदस्यों के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा व विधायक रणजीत सिंह ने करीब दो सप्ताह पहले गुफ्तगू करके रणनीति बनाई थी। इसमें अविश्वास प्रस्ताव पर साइन करने वाले लगभग सभी पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया था। महत्वपूर्ण पहलू है कि बहुमत के लिए 8 सदस्यों का होना जरूरी है, जिसमें तख्ता पलटने को लेकर अविश्वास प्रस्ताव पर रणनीति का खेला खेल दिया है। वर्तमान में पंचायत समिति अध्यक्ष पद पर विराजमान पंचायत समिति अध्यक्ष तथा विधायक रणजीत सिंह दोनों ही पंचायत समिति वार्ड जोल बीड बगेहड़ा से हैं, लेकिन पंचायत समिति अध्यक्ष भाजपा समर्थित अंजना ठाकुर का विधायक रणजीत सिंह से भी छत्तीस का आंकड़ा बताया जाता है।

बीडीओ राजेश्वर भाटिया ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव का मांग पत्र पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ प्राप्त हुआ था, उसी को लेकर बैठक बुलाई थी, जिसमें कोरम पूरा हुआ है। 7 दिनों के भीतर मतदान के लिए समय रखा जाएगा। डीसी हमीरपुर को रिपोर्ट भेज दी गई है। (अनंत ज्ञान)

राजनीति अग्रिम पंक्ति में बैठने वाले बेचैनी में, भाजपा-कांग्रेस दोनों में बदलाव के बाद इनकी दशा-दिशा होगी खराब

लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में 'पिछलग्गू' ढांचे की खुल गई पोल

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के 'पिछलग्गू' ढांचे की मुकम्मल तौर पर जो पोल खुली है, उसी की वजह से अब अग्रिम पंक्ति में बैठने वाले नेताओं की 'बेचैनी' भी बढ़ गई है। कारण साफ है, बदलाव की दशा-दिशा में इनकी 'राजनीति की दुकान' कहीं सिमट न जाए? बस इसी की आशंका नेताओं को 'कचोट' रही है, क्योंकि इन चुनावों में इतना तो तय हो गया है कि मौजूदा व्यवस्था में न ही तो भाजपा की दशा दिशा सुधारने वाली है और न ही कांग्रेस के हालात सत्ता के बावजूद भी असरदार साबित होने वाले। इसीलिए संगठनात्मक ढांचे में बदलाव को लेकर किस स्तर पर काम शुरू होगा? इसकी इंतजार शुरू हो गई है। (अनंत ज्ञान)

स्टॉप गैप अरेंजमेंट हालात नहीं सुधारेगा

कांग्रेस में जिला स्तर पर हो या फिर ब्लॉक लेबल का मसला। हालात यहां भी मुख्यमंत्री के इस गृह जिला में 'गुदगुदाने' वाले नहीं हैं। इन चुनावों में बड़े नेताओं ने इसकी जो झलक देखी है, उसी की वजह से तो पार्टी प्रत्याशियों को समस्या झेलनी पड़ी है। मसला चाहे ब्लॉक स्तर का हो या फिर जिला स्तर का। केवल स्टॉप गैप अरेंजमेंट से काम चलने वाला नहीं है। यहां निश्चित रूप में उन लोगों को आगे लाने की जरूरत है, जो संगठन में केवल दुकानदारी चलाने के लिए न आए, क्योंकि चुनावों में प्रत्याशियों ने भी इस ढांचे का सब कुछ बेनकाब कर दिया है। अब स्टेज पर पहली पंक्ति में बैठने वाले इन नेताओं का बनेगा क्या, इसी की चर्चा हो रही है क्योंकि सूचियां प्रत्याशियों ने बना रखी हैं, तो कइयों की बन रही हैं। कांग्रेस में राजेंद्र जार के जिला अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कुलदीप पठानिया को कमान सौंपी गई, के बाद सुमन भारती जिला अध्यक्ष बने, लेकिन विडंबना यह रही कि जिला कार्यकारिणी के ढांचे में कोई बदलाव ही नहीं हुआ।

बड़सर में अध्यक्ष बदले गए, क्योंकि वहां उलटफेर बहुत हो गया था और परिस्थितियों कांग्रेस के अनुकूल ज्यादा नहीं थीं। सुजानपुर में भी बड़सर जैसी ही स्थिति थी। वहां भी अफरा-तफरी में नए अध्यक्ष बनाए गए। इसके बाद हमीरपुर में उपचुनाव की ऐन बेला पर अध्यक्ष बदले गए, लेकिन कार्यकारिणी लंबे समय से कैसी है, कौन लोग हैं, किसी को कोई पता ही नहीं है। बावजूद इसके चुनाव यहां पर लड़ा गया। कांग्रेस की हार हुई, तालमेल कितना था? इसकी पोल भी खूब खुली। खैर, इसकी चर्चा करने से कोई फायदा नहीं है, लेकिन जब संगठनात्मक ढांचा ही तैयार नहीं होगा, तो फिर चुनावी नैया पार कैसे होगी? कांग्रेस इस समय प्रदेश में सत्ता में है। मुख्यमंत्री हमीरपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। समस्त ढांचे में क्या बुनियादी सुधार हो पाएगा, यही यक्ष प्रश्न है। जिस पर पुराने और नए जुड़े वर्कर्स की नजरें अब खास अंदाज में कुछ मांग रही हैं।

'थोपने' की राजनीति कार्यकर्ताओं पर भारी

अब भाजपा की ही बात कर लीजिए, प्रत्याशी थोपने की इस राजनीति से पार्टी के अंदर का ढांचा मकम्मल तौर पर इस समय यहां ध्वस्त सा हो गया है। 'पिछलग्गू' लोगों की यहां भी कमी नहीं है, लेकिन इनकी पोल लोकसभा और विस उपचुनाव में पूरी तरह खुल चुकी है। कौन-कौन किसे हराने में लगे रहा, यह चीज भाजपा के भीतर खूब चर्चा में है। तीन में से दो विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों की जो जीत हुई है, उन्होंने भी तमाम ऐसे लोगों की सूचियां तैयार करके पार्टी के आला नेताओं को थमा रखी हैं। अब ताजा-ताजा हमीरपुर के उपचुनाव में भी जो कुछ हुआ, उसका सारा चिट्ठा लेकर यहां के नवनिर्वाचित विधायक दिल्ली पहुंच चुके हैं। मकसद चाहे कोई और हो, लेकिन जिन्होंने विरोध में काम किया है, उसकी चर्चा तो दिल्ली में होनी ही है। हमीरपुर जिले का संगठनात्मक ढांचा शुरू से ही एक ही सूत्र में बंधा हुआ रहा है और उसका असर अब विपरीत परिस्थितियों में पड़ता हुआ दिख रहा है। संगठन के ढांचे में बदलाव तो होना तय है, लेकिन कब होगा किस-किस पर गाज गिरेगी कितनी गाज गिरेगी। इसका आकलन अब चर्चा में हो गया है, लेकिन हमीरपुर, बड़सर और सुजानपुर में किस स्तर पर बदलाव होगा, इसके लिए अब अलग तरह से चर्चा हो रही है, क्योंकि इनमें सत्ता की पायदान पर अब नए लोगों का कब्जा दिखने लगा है, इनका सीधा संबंध दिल्ली दरबार से है। अब जिन्होंने यहां पर पार्टी विरोधी काम किया है, वे चिन्हित होने हैं। उसी के बाद बदलाव का बिगुल बजेगा। कितना होगा, कैसे होगा और कब होगा? यह स्थिति फिलहाल इंतजार में है।

कांदू के दुकानदार 'डर के साये' में दुकानदारी करने को मजबूर

स्थानीय लोगों ने की एनएच प्राधिकरण से डंगा लगाने की मांग

अनंत ज्ञान, डलहौजी

भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित कांदू बाजार में पहाड़ी दरकने से गत बरसातों में भारी प्राकृतिक संपदा एवं दुकानों का नुकसान देखने को मिला था, जिससे कई घंटों यातायात भी अवरुद्ध रहा था। बताते चलें की इस भू-स्खलन में छोटे-बड़े चील के पेड़ भारी मलबे के साथ नीचे आगे रहे थे, लेकिन मौजूदा समय में हालत तो सामान्य है किंतु एनएच प्राधिकरण शायद यहां पर डगें लगाना भूल गया है और अब हो सकता है दोबारा किसी बड़े नुकसान के इंतजार में है इसीलिए शायद एनएच प्राधिकरण देंगे लगाना उचित नहीं समझ रहा।

जैसा की आप सभी तस्वीर के माध्यम से देख रहे हैं कि बड़े चील के पेड़ों की जड़ें साफ दिख रही है जो आने वाली बरसात में मिट्टी सहित भूस्खलन का शिकार होते हुए किसी बड़े हाथ से को अंजाम दे सकती हैं। इसलिए पंजौह पंचायत की प्रधान एवं स्थानीय दुकानदारों ने एनएच प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द इस खाली बड़ी जगह पर एक बड़े डगें का निर्माण करवाया जाए क्योंकि कांदू बाजार में आने जाने वाली गाड़ियां चाय पानी के लिए जरूर रुकती हैं।

हमेशा यहां कोई न कोई गाड़ी या सवारियां खड़ी मिल ही जाती हैं अगर यह भारी भरकम पेड़ नीचे आ गिरते हैं तो बड़ा जानीमाली नुकसान भी देखने को मिल सकता है। इसलिए स्थानीय दुकानदार एवं मौजूदा ग्राम पंचायत प्रधान ने प्राधिकरण एवं प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस यहां एक बड़े डगें का निर्माण कार्य करवाया जाए।

ताकि स्थानीय दुकानदार भी चैन की सांस ले सकें क्योंकि उनकी दुकानों के ठीक ऊपर खतरे की तलवार लटका हुई है। लेकिन देखने वाली बात यह भी है कि वन विभाग भी इसको लेकर बीते काफी समय से चुप्पी साधे हुए है। क्योंकि बीते समय में यहां वन संपदा का भी काफी नुकसान हुआ है। भविष्य में और ज्यादा हो सकता है। क्योंकि बरसात का मौसम सर पर है और एन एच प्राधिकरण एवं वन विभाग फिर से मुक दर्शक बने एक दूसरे को ताकते दिखाइए प्रतीत हो रहे हैं।

'आप' ने प्रदेश सरकार से तोड़ा गठबंधन, कहा-

125 यूनिट को बंद करना जनता के साथ विश्वासघात : मनीष सरीन

अनंत ज्ञान, डलहौजी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने डल्हौजी में प्रेसवार्ता के दौरान गठबंधन तोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान जो वायदे जनता के साथ किए थे, अब उन सभी पर वह पीछे हटने लगी है और जिन गारंटियों की बात कर सरकार ने चुनाव जीता था अब वे सभी गारंटियां हवा हवाई हो रही हैं और सफेद झूठ साबित हो रही है जो कि प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन।

उन्होंने कहां की कांग्रेस सरकार ने तो प्रदेशवासियों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था जबकि पहले से मिल रही 125 यूनिट को भी बंद कर दिया यह प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा विश्वास घात है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार संबंधी गारंटी को भी पूरा नहीं किया गया साथ ही उन्होंने प्रदेश के कर्मचारी वर्ग को भी चेताया की बहुत जल्द प्रदेश सरकार उनको दी जाने वाली ओ पी एस सुविधा को भी बंद कर देगी।

मनीष सरीन ने इस बात पर भी रोष जताया की प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 देने की जो बात कही थी उसमें भी अब कई तरह की शर्तें लगाकर कुछ चुनिंदा महिलाओं को ही 1500 दिए जा रहे हैं जबकि उन्हें लगता है कि बहुत जल्द इस स्कीम को भी प्रदेश सरकार खत्म कर देगी क्योंकि यह सरकार एक विश्वास घाती सरकार के रूप में उभर कर सामने आई है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर शुरू से ही रोना रो रही है तो ऐसे में यह ओ पी एस और 1500 रुपए वाली स्कीमों को कब तक चालू रख पाएगी इस पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है? गत दिनों जो कुछ घटनाओं को लेकर पंजाब और हिमाचल के संबंधों में कुछ खटास आई थी उस बारे में भी उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से बात करके उन मुद्दों को हल करवाने का कार्य किया है तथा दोनों प्रदेशों की जनता के आपसी सौहार्दपूर्ण संबंधों को बरकरार रखने के पूरे प्रयास किए जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्य विपक्षी दल भाजपा दोनों ने ही इस बारे में अपनी संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

भरमौर में कल बिजली बंद रहेंगी

भरमौर। 11 केवी होली विद्युत लाइन के आवश्यक रखरखाव हेतु 18 जुलाई सुबह 9:30 से शाम 6 बजे तक होली, जब्बल, तियारी, हैलीपैड, सूटकर, कुठार, बनूण, गुशाल, कीनाला और मझारण आदि गाँवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब रहने पर यह कार्य अगले दिन किया जा सकता है। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भरमौर संतोष कुमार ने सर्वसाधारण जनता से अपील की है कि वह विद्युत विभाग को सहयोग करें।



जिला मैनुअल स्कैवेंजर सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला में मैनुअल स्कैवेंजर (हाथ से मैला उठाने) अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत हाथ से मेल उठाने वाले कार्मिक के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 की धारा 11 के तहत जिला चंबा में अस्वच्छ या शुक्ल शौचालय में मैन्युअल स्कैवेंजर का एक व्यापक सर्वेक्षण

करवाया गया है। किए गए सर्वेक्षण के दौरान सभी ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाओं के अलावा डलहौजी व बकलोह कैंट से प्राप्त सूचना के अनुसार जिला चंबा में अस्वच्छ व शुष्क शौचालय और मैन्युअल स्कैवेंजर का कोई भी मामला नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि मैन्युअल स्कैवेंजिंग एक कुप्रथा है। मैनुअल स्कैवेंजरों के साथ हो रहे सामाजिक भेदभाव और इन कार्यों से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट 2013 के तहत ऐसे कार्य प्रतिबंधित है । इस एक्ट का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को कारावास या नगदी जुर्माना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि मैन्युअल स्कैवेंजर(हाथ से मैला उठाने) की प्रथा पूरी तरह बंद है तथा जिला में कोई भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है।

इसके पश्चात जिला स्तरीय मैन्युअल स्कैवेंजिंग सर्वेक्षण समिति ने जिला चंबा को अस्वच्छ व शुष्क शौचालय और मैन्युअल स्कैवेंजर मुक्त घोषित करने हेतु अनुमोदित किया गया।

बैठक में पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद, परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण विनोद कुमार,अन्य गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने औद्योगिक क्षेत्र सुल्तानपुर में आयोजित किया आउटरीच कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, चंबा

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सुल्तानपुर में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा उपस्थित बच्चों, अभिभावकों और कामगारों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से बाल बाल-संरक्षण के संबंध में दी जानकारी प्रदान की गई।

चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ, अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई।

आपदा मित्रों, टास्क फोर्स और स्वयंसेवी युवाओं को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला नोडल अधिकारी आपातकालीन परिचालन भूपेंद्र कश्यप ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से 14वीं बटालियन एनडीआरफ नूरपुर के समन्वय से आज दूसरे दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा सरोल में आपदा मित्रों, टास्क फोर्स और स्वयंसेवी युवाओं को आपदा के दौरान खोज एवं बचाव को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज चंबा सरोल में आपदा के दौरान विभिन्न कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए आपदा मित्रों, टास्क फोर्स और स्वयंसेवी युवाओं को15 से 22 जुलाई तक एक सप्ताह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जल्द ही शुरू होगा आईटीआई भवन छतराड़ी का निर्माण कार्य

ओपी शर्मा, भरमौर

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत बहूप्रतीक्षक आईटीआई भवन छतराड़ी का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने जगह का चयन करके वहां पर निशानदेही का काम भी शुरू कर दिया है। गौरतलब है पिछले कई सालों से यहां पर आईटीआई का अपना भवन नहीं होने के कारण मजबूरन आईटीआई की कक्षाएं प्राइवेट कमरे में लगाई जा रही है।

हालांकि लोगों ने आईटीआई के नए भवन निर्माण के लिए अपनी जगह भी दान दे रखी है, लेकिन पिछले कुछ समय से बजट का अभाव व कागजी कार्रवाई पूरी न होने के कारण इस भवन का निर्माण अभी तक लटका हुआ था, लेकिन अब एक लोक निर्माण विभाग ने भी यहां पर कदमताल तेज कर दी है। विभाग द्वारा यहां पर कदमताल तेज करने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि यहां पर आईटीआई के अपने भवन का निर्माण न होने के कारण यहां पर

प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे आईटीआई भवन का शिलान्यास

पढ़ाई कर रहे आईटीआई की छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहां पर जल्दी काम शुरू न होने पर लोगों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ आवाज भी मुखर कर दी थी। अब उम्मीद जताई जा रही है की प्रदेश के शिक्षा मंत्री शीघ्र ही इस भवन का शिलान्यास करने के लिए यहां आएंगे।

इसके बाद इस भवन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा । इसकी जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने कहा है कि वह इस संबंध से कई बार सरकार व शिक्षा मंत्री को अवगत करवा चुके हैं।

उन्होंने कहा है कि इस भवन के लिए सरकार द्वारा फंड भी अलॉट कर दिया गया है और प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर यहां आकर इस शिलान्यास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

कुलदीप पठानिया कल करेंगे समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान,चंबा । हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 17 जुलाई से जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 17 जुलाई को सांय सिहुंता पहुंचेंगे जबकि विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 18 जुलाई को नैनीखड्ड क्षेत्र की विभिन्न 20 ग्राम पंचायतों में जारी विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर चुवाड़ी में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में सुबह 11:30 बजे बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

वह 19 जुलाई को नगर पंचायत चुवाड़ी के तहत जारी विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष 20 जुलाई को सुबह 11:30 बजे उपायुक्त कार्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला- 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक करेंगे। वह इसके पश्चात ज़िला में मानसून सीजन के दौरान आपदा तैयारियों तथा प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा को लेकर भी जिला प्रशासन के साथ बैठक करेंगे।

मणिमहेश यात्रा में मिलेगी दो हेलिकॉप्टरों की सुविधा

ओपी शर्मा, भरमौर

इस बार श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान दो हेलिकॉप्टरों की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक चंबा से तथा दूसरा भरमौर से गौरीकुंड तक चलेगा। भरमौर के कार्यकारी एडीएम कुलवीर राणा ने बताया कि इस बार मणिमहेश यात्रा की आधिकारिक तिथि 26 अगस्त से 11 सितम्बर तक है, मगर हेलिकॉप्टर सेवा थोड़ा पहले शुरू करने की शर्त टेंडर प्रिक्रिया में डाली गई है, जिसमे इसे 22 अगस्त से शुरू करने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि टेंडर अगर समय पर हो गया तो मणिमहेश यात्रियों की आठ अगस्त से ही एडवांस बुकिंग शुरू की जाएगी, जिसे भरमौर प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग की जा सकती है।

यात्रा को सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें उन्होंने चंबा-भरमौर सड़क की हालत सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग तथा नेशनल हाईवे अथॉरिटी के



अधिकारियों की जनजातीय विकास मंत्री के साथ शिमला में ही बैठक हुई है, जिसमें इस मार्ग को तुरंत दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मणिमहेश जाने वाले सभी रास्ते ठीक हैं तथा सुरक्षित हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही विश्वास करें। अगर इस तरह की घटना होगी तो हमारी आधिकारिक जिला स्तर की वेबसाइट या भरमौर प्रशासन के फेस बुक पेज पर सूचना दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

सूडोकु 00128

मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 00127 का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

17 जुलाई 2024, बुधवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** एकादशी: (09:04) : **नक्षत्र :** अनुराधा (03:13), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** शुभ (7:03) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:27 - 2:10) ।

विशेष दिन

- 17 जुलाई देवशयनी एकादशी व्रत।
- 17 जुलाई : चातुर्मास प्रारम्भ।
- 18 जुलाई :आषाढ़ शुक्ल द्वादशी कल।

मेष: वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें। किसी भी नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

वृषभ: जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आर्थिक निवेश करना लाभप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर महत्तवपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

मिथुन: दिन मंगलमय गुजरेगा। कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। किस्मत का साथ मिलेगा, कम प्रयास से ही अधिक सफलता प्राप्त कर पाएंगे। कोई मनोकामना पूरी हो सकती है।

कर्क: साझेदारी के काम में संभलकर रहिएगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। सेहत के प्रति आपको सजग रहना होगा। विवादों से बचकर रहें।

सिंह: कोई प्रतिकूल समाचार मिलने से तनाव में रह सकते हैं। अप्रिय घटना का योग है। सोच-समझकर ही यात्रा एवं कार्य-व्यवहार करें, साधु-संतों का आशीर्वाद मन में ऊर्जा का संचार करेगा।

कन्या: मेहनत के अनुपात में लाभ मिलेगा इसलिए आलस्य से बचें। दोस्तों और सगे-संबंधियों से सहयोग प्राप्त होगा।

तुला: आपका पैसा कहीं अटका हुआ हो तो आज वह मिल सकता है। प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना है, इसलिए मेहनत में कमी ना करें। यश, मान-सम्मान में वृद्धि का योग है।

वृश्चिक: कार्यक्षेत्र के मामले में आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। सहकर्मियों और अधिकारियों से आप पूरा सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

धनु : आज आपके खर्चे बढ़े रहेंगे, संभलकर चलें। कार्यों में बाधा से परेशानी होगी। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

मकर: सितारों की स्थिति कुल मिलाकर अनुकूल है। यात्रा सुखद रहेगी एवं उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा उपहार मिलने से खुशी होगी।

कुंभ: प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा। भाई-बंधुओ से मेल-जोल बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख सुविधाओं के साधनों पर धन व्यय होगा।

मीन: भाग्य का साथ सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे, व्यवहार कुशलता से आपके काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा।

बैठक 15 सूत्रीय कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने दिए निर्देश

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बेहतर क्रियान्वयन करें

अनंत ज्ञान, चंबा

प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने सभी संबंधित अधिकारियों को अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए निर्धारित किए गए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित लोगों को लाभान्वित करने और उनके कल्याण के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम चलाया गया है, जिसके तहत शिक्षा अवसरों को बढ़ावा देने, आर्थिक कार्यकलापों और रोजगार में समुचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने, सांप्रदायिक दंगों से पीड़ितों को पुनर्वास,

जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा।

अल्पसंख्यक बहुल स्कूलों में उर्दू भाषा में शिक्षा प्रदान करने का प्रयास और सांप्रदायिक दंगों की रोकथाम व नियंत्रण करना शामिल है।

बैठक में चर्चा के उपरांत एडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने वर्तमान समय में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को कार्यक्रम में शामिल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक का संचालन जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने किया। बैठक पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार, महाप्रबंधक उद्योग चंद्रभूषण,जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान, परियोजना अधिकारी डीआरडीए विनोद कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी उमाकांत, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद राखी कोशल, प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा विपिन शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला

डिजिटल फोटोग्राफ और रचनाएं आमंत्रित

अनंत ज्ञान, चंबा

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2024 के तहत मेला आयोजन समिति द्वारा स्मारिका में प्रकाशन के लिए डिजिटल फोटोग्राफ तथा रचनाओं को आमंत्रित किया गया है।

इस संदर्भ में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मेला अधिकारी अमित मैहरा ने बताया कि चंबा जिला की समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति ,धरोहर व पर्यटन से संबंधित विषयों के डिजिटल फोटोग्राफ (छायाचित्रों) तथा रचनाओं को सामरिक उप समिति को विभागीय ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है।

फोटोग्राफ का प्रारूप जेपीईजी इमेज रहेगी तथा आकर 4 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए। एक प्रतिभागी से केवल तीन फोटोग्राफ स्वीकार किए जाएंगे। स्मारिका में प्रकाशन के लिए डिजिटल फोटोग्राफ तथा रचनाओं को ईमेल पत्ते डीएलओ चंबा एट द रेट आफ जी मेल मेल डॉट काम पर भेजना होगा।

उफनते तूफान को मात देना है तो अधिक जोखिम उठाते हुए हमें पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ना होगा। **-महात्मा गांधी**

संपादकीय

भोजशाला पर विवाद

अयोध्या का मसला जैसे ही निपटा, वैसे ही काशी का शुरू हुआ। काशी का निपटा तो मथुरा का मसला आया। काशी और मथुरा एक रास्ते पर चले तो मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विवाद का विषय बन गया। अब तक मामला यूपी तक सीमित था, लेकिन अब मध्य प्रदेश की धार नगरी, जो राजा भोज की नगरी हुआ करती थी, वहां तक आ गया है। राजा भोज ने यहां सरस्वती मंदिर बनवाया था और मंदिर परिसर में गुरुकुल था। राजा भोज मां सरस्वती के उपासक थे, इसलिए उन्होंने इस गुरुकुल का निर्माण करवाया था। यह गुरुकुल बाद में भोजशाला के नाम से जाना गया, जिस पर हिंदू धर्म के लोग आस्था रखते हैं। निर्माण के बाद दो शताब्दी तक भोजशाला यूं ही रही।

गुरुकुल में छात्र संस्कृत पढ़ते थे, जो आज भी इस चीज की गवाही देते हैं कि यहां वाकई कभी मंदिर हुआ करता था, लेकिन इस पर विवाद तब हो गया, जब मुस्लिम आक्रांताओं ने मंदिर को ध्वस्त कर वहां मौलाना कमाल मस्जिद बना दी। अंग्रेजों के जमाने में जब यह विवाद आगे बढ़ा तो उन्होंने इस विवाद से दूर रहने के लिए यह व्यवस्था बनाई कि साल में एक दिन बसंत पंचमी पर हिंदू सरस्वती देवी की पूजा कर सकते हैं। जयंती पर सनातन धर्म के हिंदुओं को पूजा करने की छूट दी गई। बाकी हफ्ते के एक दिन शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा कर सकते हैं। मामला ठीक चल रहा था, लेकिन प्रशासन के हाथ-पांव तब फूल जाते हैं, जब शुक्रवार को ही बसंत पंचमी का त्योहार आ जाता है। उस दिन सुबह सरस्वती देवी की पूजा होती है और दोपहर को सरस्वती देवी का तैल चित्र हटा लिया जाता है और उसके बाद जुमे की नमाज अदा की जाती है। हिंदू दावा करते हैं कि वह सरस्वती देवी का मंदिर है और इसमें किसी तरह की हिस्सेदारी सहन नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सर्वे करने का आदेश दिया।

सर्वे में 94 मूर्तियां मिलने का दावा किया जाता है। हिंदू पक्ष का दावा है कि सर्वे रिपोर्ट में जो सबूत मिले हैं, वो यह साबित करते हैं कि भोजशाला में मौजूदा संरचना मंदिरों को तोड़कर उनके अवशेषों पर बनाई गई थी। अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। सवाल यह उठता है कि क्या काशी की ज्ञानवापी के बाद मध्य प्रदेश के धार की भोजशाला में भी हिंदुओं को पूजा का हक मिलेगा? दरअसल, ज्ञानवापी की तरह ही भोजशाला में मुस्लिम मस्जिद है। ज्ञानवापी की तरह ही भोजशाला में हिंदू मंदिर होने की मान्यता है। ज्ञानवापी की तरह ही भोजशाला में हिंदू पक्ष पूजा-अर्चना की इजाजत मांग रहा है। ज्ञानवापी के सर्वे के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदुओं को ज्ञानवापी में पूजा की इजाजत दे दी थी।

धार जिले में एक भव्य भवन का निर्माण परमार वंश के राजा भोज ने साल 1034 में कराया था। 11वीं शताब्दी में बने इस भवन का शुरू में इस्तेमाल एक गुरुकुल के तौर पर हुआ था। यह विवाद संवाद और चर्चा कर आसानी से निपटाया जा सकता था। हाईकोर्ट जाने की जरूरत नहीं थी। एक-दूसरे के दृष्टिकोण और चिंताओं को समझने के लिए विभिन्न समुदायों और हितधारकों के बीच खुले और सम्मानजनक संवाद को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में समझ को बढ़ावा देने और गलतफहमियों को दूर करने के लिए मूर्तियों और उनके महत्व तथा ऐतिहासिक संदर्भ के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है। इसमें शामिल सभी समुदायों की सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनशीलता को पहचानना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए।

मूर्तियों और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक स्पष्ट कानूनी ढांचा महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। मूर्तियों और उनके प्रबंधन के संबंध में निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाना चाहिए। विभिन्न मान्यताओं और दृष्टिकोणों के लिए आपसी सम्मान और सहिष्णुता को बढ़ावा देना चाहिए। तथ्यों को कल्पना से अलग करने और गलत सूचना को संबोधित करने के लिए गहन तथ्य-खोज और शोध होना चाहिए। सभी दृष्टिकोणों का सम्मान करने वाले समाधान खोजने के लिए सरकारी एजेंसियों, सामुदायिक समूहों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि भोजशाला का विवाद भी जल्द ही निपट जाएगा। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक

फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म लुधियाना (पंजाब) के रूरका गांव में हुआ था।। भारतीय वायु सेना से परमवीर चक्र के एकमात्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध लड़ते हुए उस युद्ध में वीरगति पाई, जिसमें भारत विजयी हुआ और पाकिस्तान से टूट कर उसका एक पूर्वी हिस्सा बांग्लादेश के नाम से स्वतंत्र राष्ट्र बन गया। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तान के छह सैबर जेट विमानों ने हमला किया था। तभी रेडियो संचार व्यवस्था से निर्मलजीत सिंह की आवाज सुनाई पड़ी 'मैं दो सेबर जेट जहाजों के पीछे हूं...मैं उन्हें जाने नहीं दूंगा...'। उसके कुछ ही क्षण बाद नेट से आक्रमण की आवाज आसमान में गूंजी और एक सेबर जेट आग में जलता हुआ गिरता नजर आया। तभी निर्मलजीत सिंह सेखों ने अपना संदेश प्रसारित किया 'मैं मुकाबले पर हूं और मुझे मजा आ रहा है। मेरे इर्द-गिर्द दुश्मन के दो सेबर जेट हैं। मैं एक का ही पीछा कर रहा हूं, दूसरा मेरे साथ-साथ चल रहा है।' इस संदेश के जवाब में स्क्वेड्रन लीडर पठानिया ने निर्मलजित सिंह को कुछ हिदायत दी, जिसे उन्होंने पहले ही पूरा कर लिया था। इसके बाद दुश्मन के सेबर जेट के ध्वस्त होने की आवाज भी आई। अभी निर्मलजीत सिंह को कुछ और भी करना बाकी था, उनका निशाना फिर लगा और एक बड़े धमाके के साथ दूसरा सेबर जेट भी ढेर हो गया। कुछ देर की शांति के बाद फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का संदेश फिर सुना गया। उन्होंने कहा 'शायद मेरा नेट भी निशाने पर आ गया है... घुम्मन, अब तुम मोर्चा संभालो।' यह निर्मलजीत सिंह का अंतिम संदेश था। अपना काम पूरा करके वह वीरगति को प्राप्त हो गए। ■

निर्मलजीत सिंह सेखों
जन्म : 17 जुलाई, 1943
शहादत : 14 दिसंबर, 1971

अपनी बात

पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी महत्वपूर्ण है। आपने यह कहावत तो सुनी ही होगी कि 'स्वस्थ मन, स्वस्थ शरीर में ही होता है' यानी अगर आप शारीरिक परिश्रम और खेलकूद में भाग लेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे और साथ ही आप अपने रोज के सभी कार्य सक्रिय रूप से कर पाएंगे। हम मनुष्यों को मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से स्वस्थ रहना बहुत ही आवश्यक होता है जिसमें खेलकूद बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। खेलकूद से हमारे मन का तनाव दूर होता है और इससे मन और शरीर को शांति मिलती है। कभी-कभी यही खेलकूद जीवन के मुश्किल समय में शरीर को शक्ति देते हैं। खेलकूद शरीर में रक्त संचरण को सही रखता है। नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने वाले लोग समय के महत्व को सही रूप में समझ पाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खेलकूद प्रतियोगिताओं में हर एक मिनट और सेकंड का बहुत मूल्य होता है, जिस कारण जीवन में भी वे समय के मूल्य को समझ पाते हैं। खेलकूद बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी जरूरी है। **-अंकुर नाग, शाहपुर**

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com*

संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरेटिव व्यापक स्तर पर चलाया था, कि अगर केंद्र में नरेंद्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं, तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली।

विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है। संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था। संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जाएंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राउत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? वास्तविकता यह है कि 25 जून हर उस व्यक्ति और परिवार के घाव पर मरहम लगाने और स्मरण करने का दिन है जो इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता के लिए लगाए गए आपातकाल की क्रूरता का पीड़ित है।

लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह संविधान का गला घोंटा था, वह संविधान की हत्या के रूप में ही याद किया जा सकता है। उस दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया था। लाखों लोगों को बिना कारण जेल भेज दिया गया था। जेल में लोगों पर क्रूर अमानवीय अत्याचार किए गए थे। लाखों परिवारों को आपातकाल में अथाह दुःख सहन करना पड़ा था। इस दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने भयंकर भ्रष्टाचार किया और देश की संपत्ति को अंग्रेजों और मुगल आक्रमणकारियों की तरह लूटी गई। चाहे फिल्म और संगीत जगत रहा हो या समाचार जगत या फिर राजनीति कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा था जहां आपातकाल के अत्याचार न पहुंचे हों। डर और कुंठा के उस माहौल को क्यों भूल जाना चाहिए? देश को पता चलना चाहिए कि आपातकाल और तानाशाह क्या होता है जिससे कोई भी व्यक्ति कभी भी इंदिरा गांधी जैसी हरकत दोबारा न कर सके। जो सबसे जघन्य अपराध संविधान के साथ हुआ वह था उसकी आत्मा की हत्या करके उसकी प्रस्तावना में पंथ निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ा जाना, यह तुष्टीकरण का सबसे घृणित उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिटलर कहने वाली कांग्रेस की रग-रग में तानाशाही भरी है।

एक समय था जब कांग्रेस समाज के हर वर्ग को अपनी इच्छा के अनुरूप ही नियंत्रित करती थी फिर वह चाहे कार्यपालिका हो, न्यायपालिका या फिर मीडिया और मनोरंजन जगत। राज्यों में गैरकांग्रेसी सरकारों को ताश के पत्तों के घर की तरह गिरा दिया जाता था। कांग्रेस ने केवल 25 जून को ही संविधान की हत्या नहीं की अपितु कई अवसरों पर संविधान का गला घोंटा। गांधी परिवार ने कई बार देश की न्यायपालिका के आदेशों को खारिज करवाया जिसमें शाहबानो प्रकरण की चर्चा अभी भी हो रही है। कांग्रेस के आपातकाल में सबसे अधिक संविधान संशोधन किए गए थे और जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल भी खेला गया। राहुल गांधी अपने पूर्वजों की राह पर चलते हुए तानाशाही रवैया अपना रहे हैं, और देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अठारहवीं लोकसभा के के प्रथम सत्र में देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री को बोलने से रोकने के लिए गजब का हंगामा किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वयं सांसदों को वेल में जाकर हल्ला मचाने को बाध्य किया। यह किसी भी स्थिति में स्वस्थ लोकतंत्र का परिचायक नहीं है।

कुछ लोग संविधान हत्या दिवस नामकरण का विरोध कर रहे हैं, कि यह नाम उचित नहीं है जबकि यह नाम पूरी तरह से सही भी है और एकदम सटीक भी क्योंकि कांग्रेस लगातार संविधान की हत्या ही करती आ रही है। 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या के विवादित ढांचे के टूट जाने के बाद भाजपा शासित चार राज्यों की चुनी हुई सरकार को बिना कारण बर्खास्त कर दिया गया था। शिवसेना नेता संजय राउत तो दो कदम आगे निकलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी पर ही आरोप लगा रहे हैं कि वे भी आपातकाल लगा सकते थे। संजय राउत यह बात भूल गए हैं कि यह अटल जी ही हैं जिन्होंने गठबंधन राजनीति में भी शुचिता की पराकाष्ठा स्थापित की और किसी भी प्रकार का गलत गठबंधन नहीं किया, अपितु अपनी सरकार के एक वोट से गिरने पर सीधे इस्तीफा देने राष्ट्रपति भवन चले गए थे। केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करके एक तीर से कई निशाने साधे हैं। इससे जहां एक और कांग्रेस असहज हुई है, वहीं जो लोग केंद्र सरकार को बहुत कमजोर समझ रहे थे वो भी सकते में हैं साथ ही आपातकाल के बाद जन्मी पीढ़ी इसके विषय में जानने को उत्सुक दिख रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

इमरजेंसी पर अखिलेश के यूटर्न से पार्टी नेताओं में नाराजगी

भारत सरकार या कहें मोदी सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। 25 जून 1975 वह दिन था जब तत्कालीन भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान को ताक पर रखकर देश में आपातकाल लागू कर दिया था। लोगों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए गए थे। देश के कई बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया था।

समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगा दी गई थी। सरकार को बिना दिखाई कोई खबर नहीं छापने पर प्रतिबंध लगा दिया गथा। इमरजेंसी के दौरान सपा के दिग्गज नेता मुलायम सिंह यादव भी 19 महीन तक जेल में रहे थे। कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस बात का वर्णन करते हुए बताया था, कि किस तरह नेताजी मुलायम सिंह यादव ने इंदिरा गांधी के शासनकाल में लगाए गए आपातकाल में लोकतंत्र के मुख्य सिपाही की भूमिका अदा की थी। इस बात का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें दिल से याद किया था। बता दें कि राम मनोहर लोहिया के आदर्शों से प्रभावित मुलायम सिंह ने इमरजेंसी के दौरान 1975 में करीब 19 माह तक जेल की सजा काटी थी। यह इतिहास के पन्नों में सिमट के रह गया है नई सपा अब इमरजेंसी लगाने वालों के साथ खड़ी है, और इसका विरोध करने वालों को आईना दिखा रही है। वैसे इसके खिलाफ पार्टी में विरोध भी शुरू हो गया है।

लेखक : अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

सपा विधायक रविदास महरोत्रा ने आरोप लगाया है कि सपा प्रमुख अखिलश यादव कांग्रेस की गोद में बैठ गए हैं,जबकि सबको पता है कि इमरजेंसी के समय नेताजी मुलायम सिंह यादव को लाठियां और जेल में प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। गौरतलब हो, 25 जून 1975 की आधी रात से 21 मार्च 1977 तक देश में इमरजेंसी रहा। इस दौरान जनता के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। इस दौरान मुलायम सिंह यादव ने कई आंदोलनों में हिस्सा लिया। इमरजेंसी लागू होने के बाद बाकी विपक्षी नेताओं की तरह ही मुलायम सिंह भी जेल भेजे गए। वहीं 25 जून को जब मोदी सरकार ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया तो सपा प्रमुख और मुलायम के पुत्र अखिलश यादव इसके विरोध में खड़े हो गए हैं। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जबर्दस्त रिएक्शन आया है। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को 'बापू हत्या दिवस' व 'लोकतंत्र हत्या दिवस' के संयुक्त दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

उधर, गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा था कि 'संविधान हत्या दिवस' उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। शाह ने लिखा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

चिड़नूआं री बधाई
डॉ. जय अनजान
बिलासपुर, हिप्र

आए चिड़नू लेओ बधाई,
चचड़ पिथड़ देओ गोए च दफनाई।
गोएटूआं रा हूण तूआं देआ पाई,
मखा मसेडूआं जो दूर देआ नठाई।
दुकानां ते अज अनी लौनी बच्चेयां जो मिठाई,
अपने घरे देने बब्बरू, भल्ले, पतेड़ बनाई।
बर्गर पिज्जे नी खवाने तिना जो,
त्योहारा दिन बनने औलिया रोटियां देनिया
प्यारा प्यारा ने खवाई।
पतेड़ा जो गोल गोल कटी,
कने देआ तवे पर करी फ्राई,
चुली पर बनीरिया रोटियां रा स्वाद देवा
बच्चेआं जो चखाई।
नौईयां पीढ़िया जो देनी ए सीख सिखलाई,
अपनिया संस्कृतिया ने साउगी
चली ने ई सबी री भलाई।

आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर 'स्वयं सहायता समूह'

भारत में गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह एक प्रभावित तंत्र साबित हुए हैं। अपनी सामूहिक ताकत के माध्यम से स्वयं सहायता समूह ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आजीविका के अवसर निर्मित किए हैं, और सामाजिक समावेश को बढ़ावा दिया है। यह आर्थिक रूप से गरीब लोगों के स्वैच्छिक संगठन हैं जो आमतौर पर एक ही सामाजिक ,आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं और सामुदायिक कार्यवाही के माध्यम से अपने मुद्दों और समस्याओं को हल करने से साझा उद्देश्य के लिए एक साथ आने का संकल्प लेते हैं। एक स्वयं सहायता समूह में सदस्यों की संख्या आमतौर पर 15 से 20 तक होती है।

हालांकि समूह की आवश्यकताओं और गतिशीलता के आधार पर सटीक संख्या भिन्न भी हो सकती है। मुख्य रूप से वे महिलाएं जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं और पैसे बचाने तथा एक दूसरे को ऋण प्रदान करने के लिए एक साथ आती हैं। ये संगठन बचत और ऋण गतिविधियों पर एक समान निर्णय लेते हैं यदि कोई व्यक्ति जीवन चुकाने में विफल होता है तो अन्य सदस्य उसकी मदद भी करते हैं। कभी बाजार से छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी पति की जेब टटोलती महिलाएं आज बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी उठा रही हैं। इस प्रगति का श्रेय नाबार्ड द्वारा 1992 में स्वयं सहायता समूह को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने को दिया जा सकता है। इस प्रयास में नए बदलाव भी किए गए हैं और यह सुनिश्चित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस प्रयास से जोड़ा जाए। अगर घर की महिला अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां को निभाते हुए कुछ उद्योग करना चाहती है तो यह जरूरी है कि उसके इस प्रयास को आमदनी के रूप में न देखकर उस महिला की आर्थिक आत्मनिर्भरता के रूप में देखना चाहिए।

लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

इस प्रयास ने मार्च 2022 तक करीब 118.3 लाख समूहों और 14.2 करोड़ ग्रामीण परिवारों को सशक्त किया है। वर्ष 2020-21 में लगभग 34 लाख समूहों ने विभिन्न संस्थाओं से लगभग 1000 करोड़ के कर्ज लिए। सरकार ने समूह की प्रत्येक महिला की वार्षिक आय को वर्ष 2024 से पहले एक लाख तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। महिलाओं द्वारा संचालित समूहों ने कोविड-19 की परिस्थितियों का बहादुरी से मुकाबला किया। उन्होंने मास्क, सैनिटाइजर जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा के सामान का उत्पादन किया। सामुदायिक रसोई का संचालन कर वंचितों की सहायता भी की। समूह की महिलाएं अचार, मुरब्बा, टेडी बियर क्रोशिया से बने प्रोडक्ट्स बैग बनाकर मेलों, त्योहारों इत्यादि में स्टाल लगाकर बेचती हैं और 2500 से लेकर 4000 तक की आमदनी प्रतिदिन अर्जित कर रही हैं। सरकार की तरफ से भी नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे इन स्वयं सहायता समूह को आर्थिक मदद मिल सके। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बीघा योजना के अंतर्गत महिलाओं को शाक वाटिका (किचन गार्डन) के निर्माण के लिए एक लाख तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान भी किया है।

इस योजना के अंतर्गत महिलाएं हिमाचल प्रदेश की स्थायी निवासी होनी चाहिए। संबंधित महिला के पास कृषि योग्य भूमि भी होनी चाहिए। अभी हाल ही में 'हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत चंडीगढ़ में सेक्टर 34 स्थित प्रदर्शनी मैदान में 'सरस मेले' का आयोजन हुआ। जिसमें 44 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 3, लाख 50 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा और उनके उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करने में 'हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' की सफलता का प्रमाण माना जा रहा है।

इसमें लगभग 100 स्टालों पर कल्लू और किन्नौरी पट्टी वाले शॉल, स्वेटर, लाहौली पुल्ला जैसी पारंपरिक उत्पादों के अलावा चंबा रूमाल, मंडी कलम, कांगड़ा लघु चित्रकारी, लकड़ी की नक्काशी वाले मंदिर जैसे हस्तशिल्प का प्रदर्शन हुआ, जो हिमाचल की संस्कृति और पारंपरिक रहन-सहन को दर्शाता है। ऐसे आयोजनों से स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के नए अवसर भी मिलते हैं, और उनका मनोबल भी बढ़ता है तथा उनकी उद्यमशीलता को एक नई दिशा प्रदान होती है। शिमला में भी समय-समय पर रिज मैदान पर ऐसे आयोजन होते रहते हैं, जिससे यहां आए हुए पर्यटक भी हिमाचल की संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन और कला कौशल से रू-ब-रू होते हैं। हाल ही में माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जब हिमाचल आई हुई थीं, तो उन्होंने भी माल रोड का भ्रमण किया। माल रोड पर लगी प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को देखकर उन्होंने भी कुछ उत्पादों की खरीददारी की और हिमाचल की संस्कृति को बहुत सराहा।

प्रदर्शनी में पहाड़ी गाय का ताजा घी, शहद, अचार, जैम, मुरब्बे, हाथों से बनी छोटी-छोटी टोकरियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यहां आ रहे पर्यटकों ने पहाड़ी धाम, सिडडू, लुश्के, पटंडे, मोटे अनाज की मिठाइयां, साग और मक्की की रोटियां, बिलासपुरी धाम, चंबयाली धाम का खूब लुत्फ उठाया। इस तरह के आयोजनों में हमारी संस्कृति की झलक दिखाई देती है, और पहाड़ी राज्य की समृद्ध विरासत से अन्य लोग भी परिचित होते हैं। ग्रामीण भारत में महिला स्वयं सहायता समूहों ने लाखों अशिक्षित गरीब तबके की महिलाओं को न केवल घर की चौखट के बंधन से मुक्त करके बाहर निकाला है बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में भी समर्थ बनाया है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

लोक ही नहीं परलोक सुधारने का जतन है 'मां के नाम एक पेड़'

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 'मां के नाम एक पेड़' योजना को हाथ में लेकर केवल पर्यावरण को सुधारने का प्रयास ही नहीं किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रकृति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। यदि इस योजना को साकार करने हेतु सरकार के साथ जनता जनार्दन के कदम मिल जाएं, तो आने वाले समय में एक नए भविष्य की संभावना प्रबल होती दिखाई देती है। जनश्रुति और ग्रंथों में दर्ज परंपराओं पर ध्यान दें, तो हमें पता चलेगा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार, दोनों इस प्रकृति के प्रादुर्भाव से ही पर्यावरण के हितकारी रहे हैं। उदाहरण के लिए-हमारे देश में आस्था का इतना गहन महत्व है कि यहां अनेक नदियों को मां के समान पूजा जाता है।

पत्थरों से मूर्तियां तराशकर हम उनके भीतर अपने देवताओं के दर्शन करते हैं। इसे भी महत्वपूर्ण स्थान हमारे जीवन में पेड़-पौधों और वृक्षों का रहा है। वर्ष भर जितने भी हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं उनमें ढेर सारे उत्सव ऐसे हैं, जिनमें केवल और केवल वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की ही पूजा की जाती है। विस्तार से स्मरण करें तो हम पाएंगे हमारी माताएं बहने विभिन्न त्योहारों के माध्यम से वट वृक्ष, पीपल, आंवला, आम, केला, तुलसी सहित अनेक वृक्षों अथवा पेड़ पौधों की स्तुति करती रहती हैं। ये परंपराएं केवल इसलिए नहीं बनीं कि वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की पूजा करने से हमें इच्छित फल की प्राप्ति हो जाती है, अथवा देवी-देवताओं के दर्शन हो जाते हैं। इनका गूढ़ अर्थ यह भी है कि हम जिन्हें पूजते हैं, सदैव ही उनकी सलामती की कामना करते रहते हैं।

लेखक : डॉ. राघवेंद्र शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

लिखने का आशय यह कि धरती को हरा भरा बनाए रखने वाले ये पेड़ पौधे सदैव सही सलामत बने रहें तथा इनकी उत्पत्ति निरंतर वृद्धि को प्राप्त होती रहे। जाहिर है इस कामना को फलीभूत करने के लिए हमारे पूर्वज बड़े स्तर पर पौधरोपण भी करते रहे हैं। यदि हम अपने पुराने इतिहास को टटोलें तो पाएंगे कि भारत में ऐसे नगरों और ग्रामों की भरमार थी, जहां सड़कों के किनारे, घरों के आंगन में, बस्तियों के केंद्र में फलदार वृक्ष सहज भाव से ही आरोपित किए जाते थे और इनका अस्तित्व जनजीवन के लिए वरदान साबित होता रहता था। मौसम कोई भी हो, गर्मी सर्दी अथवा बारिश, यह सब जीव मात्र के प्रति अनुकूल तो बने ही रहते थे। न ज्यादा सर्दी होती थी और न अधिक गर्मी पड़ा करती थी। बारिश के मौसम में भी अतिवृष्टि और सूखे से राहत बनी रहती थी।

कारण स्पष्ट है वृक्षों की अधिकता मौसम में अनुकूलता बनाए रखती थी। यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो फिर यह मानना पड़ेगा, कि हमारे पूर्वज और संत महात्मा शेष सभ्य समाज की अपेक्षा अधिक चैतन्य एवं जागरूक थे। वे जानते थे कि जीव मात्र का अस्तित्व बचाए रखने के लिए वृक्षों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। अर्थात वृक्षों को जीवन दाता माना गया तभी उसके पूजन और स्तुति की स्थितियां निर्मित हुईं और आम जनमानस को प्रकृति के साथ जोड़ दिया गया। यदि हमारे धार्मिक ग्रंथों की बात की जाए तो उनमें यह उल्लेख भी पढ़ने को मिलता है कि कोई व्यक्ति एक वृक्ष को धरती पर रोपता है और उसकी पूरी तन्मयता से उसकी देखभाल करते हुए ठीक ढंग से उसका पालन पोषण करता है, तो वह अनेक सुफलों का अधिकारी हो जाता है। हिंदू धर्म में कहा तो यहां तक गया है कि किसी पुरुष अथवा नारी द्वारा दस बच्चों को जन्म देने और उनके पालन पोषण करके उन्हें सभी प्रकार से योग्य बनाने के बाद जो सुफल प्राप्त होते हैं वे सब केवल एक वृक्ष को लगाने से ही प्राप्त हो जाते हैं।

लिखने का आशय यह कि पृथ्वी का संतुलित पर्यावरण अधिकांशतः पेड़ों पर ही टिका हुआ है। यदि पेड़ पर्याप्त मात्रा में है तो उनके द्वारा अतिरिक्त ताप को सोख लिया जाता है। यदि मानवीय गलतियों से नुकसानदायक गैसों का उत्सर्जन होने लगता है तो उन्हें भी पेड़ों की अधिकता के चलते निस्तेज किया जा सकता है। यदि पृथ्वी पर पेड़ पौधे पर्याप्त हैं तो वे सब मिलकर जलवायु परिवर्तनों को संतुलित बनाए रखते हैं। अर्थात समय पर बारिश होती है और उतनी ही होती है जिससे न तो सूखा रह जाए और न ही बाढ़

न्यूज ब्रीफ

नशाखोरी व सिंथेटिक ड्रग्स चिंता का विषय

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर में मंगलवार को समाज व शिक्षण संस्थानों में लगातार बढ़ रही नशाखोरी व सिंथेटिक ड्रग्स के मामले चिंता का विषय बन गए हैं युवाओं में बढ़ते सिंथेटिक नशे को रोकने के उद्देश्य से मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, ब्रह्मा कुमारी ईश्वर्य विश्वविद्यालय ढेलु जोगिंद्रनगर द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में जिला बाल सरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि जब तक इसे व्यापक रूप में अभियान का रूप नहीं देंगे तब तक यह बुराई खत्म नहीं होगी। अंत में नशामुक्ति कमेटी का भी गठन किया नशा मुक्ति कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी ज्ञान चंद ठाकुर, उप प्रधान गुम्मा एवं सचिव गोविंद अत्री गरोड़ू ने ली तत्पश्चात सभी पंचायतों से सदस्य सर्व अंजना शर्मा, जगदीश सोनी, राज कुमार, मेघना ठाकुर, रमा ठाकुर, किशोरी लाल मथानिया, रणजीत ठाकुर, दया ठाकुर नीलम, संतोष कुमार, अनन्या कुमारी, अक्षय कुमार आदि सदस्य बने। (अनंत ज्ञान)

गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर की चर्चा

रितेश, सरकाघाट। गैर शिक्षक कर्मचारियों के लंबित मुद्दों के संबंध में जिला मंडी अध्यक्ष राजेश राव की अगुवाई में हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी सेवाएं महासंघ व गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र मेहता से शिक्षा निदेशालय शिमला में मिला। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार, रविन्द्र ब्लाक अध्यक्ष सरकाघाट, विनोद कुमार ब्लाक अध्यक्ष करसोग, योगेश ब्लाक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष निहरी, जगदीश चंद ब्लॉक अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरकाघाट, 20 विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

सीनियर व जूनियर आईटी फैकल्टी के पदों के लिए मांगे आवदेन

रितेश, सरकाघाट। शिवम इंस्टिट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग एसआईवीटी, घुमारवीं द्वारा उप रोजगार कार्यालय सरकाघाट के माध्यम से टीचिंग सीनियर आईटी फैकल्टी/जूनियर आईटी फैकल्टी के 5 पदों को भरे जाने हेतु मांग पत्र प्राप्त दिया है। उप रोजगार कार्यालय प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि मांग पत्र के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी आईटी, बीसीए, बीएससी आईटी, बीकॉम टैली, पीजीडीसीए तथा उनकी आयु 18 से 32 वर्ष होनी चाहिए और आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में दर्ज होना चाहिए। चयनित आवेदकों की नियुक्ति गवर्नमेंट कॉलेज सरकाघाट के नजदीक एसआईवीटी इंस्टीट्यूट, में की जाएगी। 20 जुलाई को सुबह 10.30 बजे अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण पत्र सहित इस कार्यालय में साक्षात्कार हेतु उक्त नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हों। (अनंत ज्ञान)

श्रेष्ठा देवी को प्रदान की दो लाख की बीमा राशि

अभिषेक, लडभड़ोल। तहसील लडभड़ोल की ग्राम पंचायत उटपुर के स्व. संजीव कुमार पुत्र शुभकरण के परिवार के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना वरदान बनी है। संजीव ने हिमाचल ग्रामीण बैंक की शाखा लडभड़ोल में अपने बचत खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवा रखा था। उनके निधन के बाद बैंक की ओर से उनके द्वारा करवाए गए बीमा को लेकर सभी तरह की कागजी औपचारिकताएं पूरी की गई तथा आज बैंक की और से उनकी पत्नी श्रेष्ठा देवी को दो लाख रूपए की बीमा राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

सामाजिक सुधार और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट कार्य

मंडी प्रशासन को गोल्डन स्कॉच अवार्ड

अनिल शर्मा, मंडी

जिला प्रशासन मंडी को 'डॉटर एंपावरमेंट इनिशिएटिव' (देइ) के तहत प्रतिष्ठित 'गोल्डन स्कॉच अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सामाजिक सुधार और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जिला प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान करता है। डॉटर एंपावरमेंट इनिशिएटिव का उद्देश्य मंडी जिले में लड़कियों और महिलाओं की स्थिति को सुधारना, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के अवसर प्रदान करना है।

इस पहल के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया गया, जिनमें लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और स्व-रोजगार के अवसर शामिल हैं। जिला प्रशासन मंडी के इस प्रयास को न केवल स्थानीय समुदाय में व्यापक समर्थन मिला है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी इसकी सराहना की गई है।

'गोल्डन स्कॉच अवार्ड 2024' ग्रहण करते हुए उपायुक्त मंडी।

डॉटर एंपावरमेंट इनिशिएटिव के तहत मिला सम्मान

इस पहल के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और उन्हें अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक बनाया गया है। इस पहल के तहत जिला मंडी में विशेष रूप से मेंटरशिप कार्यक्रम, एक बूटा बेटी के नाम, किशोरियों की एक्सपोजर विजिट, उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं महिलाओं को पुरस्कृत आदि विशेष कार्य किए गए।

जिला प्रशासन मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा, यह पुरस्कार प्रशासन व विभिन्न विभागों के समन्वय, हमारे सभी अधिकारी/कर्मचारियों, साझेदार संगठनों और समुदाय के सभी सदस्यों के सहयोग और समर्पण का परिणाम है। हम भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रयास जारी रखेंगे, ताकि समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण हो सके।'

गोल्डन स्कॉच अवार्ड, विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। यह पुरस्कार प्राप्त करना मंडी जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और यह उन्हें आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक सुधार कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित करेगा। (अनंत ज्ञान)

जमीनी विवाद में बड़े भाई ने की छोटे की हत्या



अनंत ज्ञान, मंडी

बल्ह उपमंडल के कोठी क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी है। मामले में दोनों भाइयों के बीच पिछले काफी समय से जमीनी विवाद चला हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस थाना बल्ह में शिकायतकर्ता भीष्म देव (51) पुत्र चुन्नी लाल निवासी गांव कवालकोट डाकघर कोठी तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि लेखराम पुत्र मुनी लाल गांव व डाकघर मैरामसीत दुकान में बीड़ी लेने गया था। इस दौरान दुकान पर लेखराम का भाई जगदीश कुमार पुत्र मुनी लाल नशे में दुकान पर आकर वहां रखे बैंच, टेबल और तराजू उठाकर बाहर सड़क पर फैंक दिए। इसका विरोध लेखराम द्वारा करने पर जगदीश कुमार ने उसके साथ मारपीट कर जमीन पर पटक दिया।

वहीं जब शिकायतकर्ता लेखराम को छुड़ाने लगा तो जगदीश कुमार ने उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिया। वहीं लेखराम को इलाज के लिए मैडीकल कालेज नेरचौक ले जाया गया वहां मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपी ने पुलिस थाना में पहुंचकर स्वयं ही आत्मसमर्पण कर दिया है।

जोगिंद्रनगर में शिव महापुराण कथा प्रारंभ

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। सावन मास के उपलक्ष्य शिव महापुराण कथा मंगलवार से शुरू हुई। कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। श्री शिव महापुराण कथा 16 जुलाई से शुरू होकर 24 जुलाई तक चलेगी। इस दौरान कथा तिलक राज शर्मा के मुखारविंद से शिव महापुराण का वाचन किया जाएगा।

कलश यात्रा के वापिस कथा स्थल पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास तिलक राज शर्मा ने अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। इस दौरान मुख्य यजमान नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर ने बताया कि 16 से 24 जुलाई तक शिव महापुराण का आयोजन सनातन धर्म मंदिर में किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

एसपीयू से कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

पुष्पराज, मंडी

परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन प्रेषित करते एबीवीपी कार्यकर्ता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा मंगलवार को परीक्षा नियंत्रक प्राध्यापक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें विभिन्न समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा गया।

विद्यार्थी परिषद के सदस्यों का कहना है कि बीपीएड के छात्रों को अधूरे परिणामों के कारण एमपीएड एचपीयू की काउंसलिंग में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि एमएलएसएम सुंदरनगर कॉलेज बीपीएड के छात्र जब एमपीएड की काउंसलिंग के लिए एचपीयू पहुंचे तो उन्हें उनके अधूरे परिणामों की वजह से एडमिशन देने से रोक दिया गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा जब मंडी विश्वविद्यालय में पूछताछ की गई तो पता चला कि कॉलेज द्वारा छात्रों की इंटरनल असेसमेंट नहीं भेजी गई है लेकिन दूसरी ओर कॉलेज प्रशासन का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर असेसमेंट नंबर अपलोड कर दिए थे, मगर किसी तकनीकी समस्या की वजह से नंबर विवि तक पहुंच नहीं पाए। इसके अलावा ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद ने कॉलेजों में एडमिशन की अंतिम तिथि को बढ़ाने की मांग उठाई।

विशाल ठाकुर प्रदेश सह मंत्री ने बताया कि कॉलेजों में एडमिशन के काफी कम आवेदन ही प्राप्त हुए हैं, ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम तिथि को बढ़ाना ही छात्र हित में उचित कार्य होगा। इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूचियों को वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग भी उठाई। विवि प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि वे मेरिट सूचियों को भी जल्द वेबसाइट पर अपलोड करने का कार्य शुरू करेंगे।(अनंत ज्ञान)

चोलथरा में शहीद राजकुमार को दी श्रद्धांजलि

रितेश, सरकाघाट

शहादत पर प्रकाश डालते हुए।

शहीद कांस्टेबल राजकुमार के शहीदी दिवस पर आईटीबीपी बरेली से आए विशेष दल ने शहीद राज कुमार को उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ 2 मिनट का मौन रखा और उनके चोलथरा में बनाए शहीद स्मारक स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा देश के लिए दी गई शहादत पर भी जवानों ने प्रकाश डाला। गौरतलब है कि राजकुमार गांव ठाना डाकघर कांगो का गेहरा से संबंध रखते थे और 16 जुलाई 1995 को पंजाब नेशनल बैंक नकोदर जालंधर में जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से राज कुमार शहीद हो गए थे। इस मौके पर आईटीबीपी बरेली की टीम में डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार, इंस्पेक्टर धर्म चन्द, हेड कांस्टेबल, देवेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

बह पंचायत ने नवनिर्मित भवन में किया प्रवेश

कविता, पधर। विकासखंड द्रंग की ग्राम पंचायत बह में नवनिर्मित पंचायत भवन में श्रावण मास के पहले मंगलवार को गृह प्रवेश हो गया। अब पंचायत का सारा कार्य नए भवन से होगा। ग्राम पंचायत प्रधान पीर सहाय ठाकुर ने कुल देवताओं की पूजा-अर्चना कर नए भवन में प्रवेश किया।

इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पधर विनय चौहान ने भी विशेष तौर पर शिरकत की। वही उन्होंने पंचायत के लोगों को बने नए पंचायत भवन की बधाई दी और कहा कि कम समय में पंचायत घर बनकर तैयार हुआ है।

वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। जल्द ही प्लास्टिक को उठाने के लिए एक कैंपेन चलाया जाएगा जिसके लिए महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को साथ लेकर कार्यक्रम चलाया जाएगा, ताकि हम आपके घर से प्लास्टिक उठा कर कचरा बेस्ट यंत्र में ले जाकर उसका निष्पादन सही तरीके से निष्पादन हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सूखा और गीला कचरा अलग अलग रखे। (अनंत ज्ञान)

पाक पर हमला कर वापस लें अपना क्षेत्र : कै. हेतराम

अनिल शर्मा, मंडी

हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग मंडी ने केंद्र सरकार ने मांग की है कि देश की अखंडता के लिए पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए।

लीग के सचिव कै. हेतराम शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने अब फिर से जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। हाल ही में 8 जुलाई को कठुआ में सैनिकों की एक गाड़ी पर आतंकी हमले में सेना के 2 जेसीओ सहित 3 अन्य सैनिक शहीद हो गए थे और अब आतंकवादियों की फायरिंग में जम्मू के डोडा जिले के पांच सैनिकों में एक कप्तान, चार जवान सहित एक पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं।

जिला लीग के महासचिव कै. हेतराम शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार अब किस बात का इंतजार कर रही है। अब उनके घर में घुस कर नहीं मारना है, बल्कि इस बार आरपार करके अपना इलाका अपने कब्जे में करना है और पाकिस्तान को कई टुकड़ों में बांटना है। (अनंत ज्ञान)

अप्पर बहली स्कूल की सड़क बनी खड्ड

अनंत ज्ञान, मंडी

सुंदरनगर अप्पर बहली पंचायत के अंतर्गत सरकारी मिडिल स्कूल के मुख्य द्वार की सड़क खड्ड बनने के कारण देखने में किसी नाले से कम प्रतीत नहीं होती। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क पिछले कई वर्षों से जस की तस है। बरसात के समय इस सड़क के माध्यम से बारिश का पानी सीधे स्कूल के आंगन तक प्रवेश करता है। जिससे बच्चों को अध्ययन करते समय एवं खेल क्रीड़ा करते समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार अभी तक न ही पंचायत ने इसे नाली बनाकर पक्का किया है और न ही किसी विधायक निधि से इस समस्या को हल किया जा सका है।

इस सड़क को सेल्फ में डाला गया है, जैसे ही पैसा आएगा काम शुरू कर दिया जाएगा। इस सड़क की हालत लंबे समय से बहुत ही खराब है।
-चमन, उप प्रधान, अप्पर बहली पंचायत।

गलत नीतियों से घाटे का सौदा बनी बागवानी

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी

सेब उत्पादक संघ लोकल की बैठकें बकसेड, पंजाई, बुरना, शालागाड में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा भी उपस्थित थे।

महेंद्र सिंह राणा ने बैठक में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत, किसान और बागवान विरोधी नीतियों की वजह से आज सेब की खेती घाटे का सौदा बन गई है। जिसकी वजह से सेब में लागत बहुत ज्यादा आ रही है और इनकम बहुत कम हो रही है, इसलिए बागबान परेशान हैं और सेब की खेती को छोड़ने के लिए मजबूर हैं।

सेब उत्पादक संघ के सदस्य सामूहिक चित्र में।

सेब की खेती बिना सरकार की मदद के फायदे में नहीं हो सकती है। इसलिए आज बागवानों को संगठित होकर सरकार पर दबाव बनाने की जरूरत है, ताकि दवाइयां और खादों में सब्सिडी पुनः बहाल की जाए, जालियों और उपकरण पर लंबित पड़ी हुई सब्सिडी बागवानों को शीघ्र मिलने सहित तमाम मांगों को लेकर बागवान आने वाले 18 जुलाई को बालीचौकी में प्रदर्शन करेगी और अपना मांग पत्र बागवानी मंत्री को उपमंडल अधिकारी नागरिक बालीचौकी के माध्यम से मांग पत्र सौंपेगी। बैठक में मिरचंद, यदुनंदन राय, लाल सिंह, नूपचंद, प्रकाश, घनश्याम शर्मा, प्रिंस, मोहर, हरा सिंह झावे राम, पंकज सहित कई बागवान उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

महिला पर किया दराटी से हमला

उमेश, सुंदरनगर। धनोटू पुलिस थाना के तहत छम्यार गांव में अपने खेत में काम करने गई महिला के साथ एक महिला द्वारा मारपीट करने और उस पर दराटी से हमला करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में इंद्रा देवी पत्नी बृज लाल निवासी गांव छम्यार डाकघर सुराह ने कहा है कि खेत में काम करने को गई थी। इसी दौरान प्रीतमा देवी पत्नी दुर्गा दास ने लड़ाई झगड़ा करते हुए दराटी मारी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पीड़ित महिला की शिकायत पर केस कर लिया है।(अनंत ज्ञान)

महिला को प्रताड़ित करने पर केस दर्ज

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

उपमंडल सुंदरनगर के बीबीएमबी सलापड़ कॉलोनी में विवाहिता को पति द्वारा मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपी ने अपने बेटे के साथ भी मारपीट की है। पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने पीड़ित महिला के शिकायत पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 15 वर्ष पूर्व कोर्ट में आपसी सहमति से हुई थी। इस विवाह से दोनों की 13 वर्षीय बेटी और 10 वर्ष का बेटा भी है। शिकायतकर्ता अनुसार उसका पति शादी के बाद मारपीट कर प्रताड़ित करने लग गया। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि बीते 14 जुलाई को उसके पति ने उसके साथ मारपीट की। इस पर पीड़ित महिला ने पुलिस थाना सुंदरनगर में अपने पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पीड़ित महिला शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सुंदरनगर में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित

अभिषेक, जोगिंद्रनगर।

जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल में सभी व्यवसाय के व्यापारियों को अधिमान दिया गया है।

उन्होंने बताया कि व्यापारी प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श करने के उपरांत अपनी कार्यकारिणी की सूची जारी की है। इसमें ओम मारवाह को मुख्य संरक्षक तथा हरबंस शारदा, देश राज सूद, रमेश बंटा और कृष्ण शर्मा को संरक्षक बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त मुख्य सलाहकार ओंकार शर्मा, अजय धरवाल, सलाहकार राज ठाकुर,राजेश सूद, विजय सोनी, अनीता नारंग, ज्ञान ठाकुर, विकास सूद, उपप्रधान राजेंद्र सिंह,सचिन सूद,विशाल शर्मा, शशि धरवाल, प्यार चंद वालिया, मुख्य सचिव सतवीर शर्मा, सचिव-राजीव बहल, मोहित, चंद्र पाल, गीतू पंत, विभा शर्मा,साहिल वालिया,सुनील शर्मा, अनीश वर्मा, मनोज, कनिष्क सूद, कार्तिक शर्मा, नितिश कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज सूद, मीडिया प्रभारी अक्षय सूद, संजीव सूद, आईटी सैल दीक्षित सूद, लता सदस्यता अधिकारी सचिन मारवाह, कमल सूद, सन्नी गौतम, अखिल शर्मा कार्यकारिणी सदस्य - मातुल, विजय शर्मा, अनूप, समीर, संजय, काली दास, टेक चांद, राजेंद्र, हरीश सोनी, हंस राज, दिव्यांशु, प्रताप, अजीत रावत, प्रतीक, अरुण बरठा, रंजीत सिंह, रिजुल सूद, नवीन कुमार ,वंदना, इंदू देवी, रवि कुमार, संजय ठाकुर, धोगरी राम, संदीप कुमार, विनोद धरवाल, विपुल राठौर, विवेक वालिया और सुरेश कुमार को बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

एसपीएस इंटरनेशनल की सरगम ने जीता कांस्य पदक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए।

शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी खेल परिसर में किया गया, जिसमें प्रदेश के 10 जिलों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि शिमला विधानसभा के विधायक हरीश जनार्था शामिल रहे, जिन्होंने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। इसमें एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल तत्ताहर की 12वीं कक्षा की छात्रा ने कैडेट के 70 किलोग्राम भार वर्ग में सरगम ठाकुर ने कड़ी मेहनत से कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र ठाकुर व चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा ने इस उपलब्धि के लिए सरगम के माता पिता को बधाई दी।

शहर की सुख समृद्धि के लिए किया हवन-यज्ञ

पुष्पराज, मंडी

धर्म संघ भूतनाथ मंदिर द्वारा भूतनाथ मंदिर परिसर में अपने 67वें स्थापना दिवस पर हवन-यज्ञ और रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

धर्म संघ के प्रधान भीम चंद सरोच ने बताया कि इस हवन का आयोजन विश्व शांति और जनकल्याण के लिए किया जिसमें उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से यह अरदास कि है कि बीती बरसात जैसे हालात इस बरसात में न हो और भगवान शिव सबका भला करे और सबको सुख शांति प्रदान करें।

हवन यज्ञ के दौरान आरती करते लोग सामूहिक चित्र में।

इस हवन यज्ञ में कार्यकारिणी के 15 दंपत्तियों ने भाग लिया और कार्यक्रम में एडीसी मंडी और एसडीएम मंडी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया।(अनंत ज्ञान)

मनमानी अवैध खनन पर प्रशासन व खनन विभाग अंकुश लगाने में नाकाम

धर्मपुर और सरकाघाट की खड्डों में अवैध खनन जोरों पर

रितेश, सरकाघाट

जिला मंडी के उपमंडल धर्मपुर व सरकाघाट की खड्डों व नालों में हो रहे बे-रोक टोक अवैध खनन पर प्रशासन व खनन विभाग अंकुश लगाने में नाकाम दिख रहा है। धर्मपुर क्षेत्र में बल्याणा, जान्दर, फिहड, नालड, चुहड़ू रा बल्ह, शिवद्वाला, सटयार, तनेहड, ठोठू आदि खड्डों में अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। इनमें सबसे ज्यादा खनन नालड़, चूहड़ू रा बल्ह, शिवद्वाला व बल्याणा में दिन रात खनन चल रहा है। वहीं सरकाघाट की सीर और जबोठ खड्ड में भी चंदरूही से लेकर जाहू तक रात दिन बे रोक टोक खनन हो रहा है।

बे रोक टोक खनन करते हुए लोग।

नालड़ व चुहड़ू रा बल्ह में खनन माफिया रात को भी सक्रिय रहता है। यहां गाड़ियों के शोर से जहां स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती है।

वहीं बीमार लोग रात को सो नही पाते और स्कूली छात्रों का पढ़ना भी मुश्किल हो गया है। लोग कई बार इसकी शिकायत खनन पर रोक लगाने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी दे चुके हैं। लेकिन सिवाय आश्वासनों कोई भी कार्यवाही नहीं होती। कई बार खनन माफिया शिकायतकर्ताओं को जान से मारने तक की धमकी भी दे देते हैं। हालांकि न्यायालय द्वारा भी यहां पर खनन करने पर रोक लगाई हुई है लेकिन उसके बावजूद भी यहां पर अवैध खनन बे-रोक टोक जारी है। सड़क किनारे खनन माफियाओं द्वारा रेत के दर्जनों ढेर लगाए गए हैं।

अवैध खनन से सैकड़ों बीघा भूमि खड्ड की चपेट में आकर हुई खराब

स्थानीय लोगों पर्यावरण प्रेमी भगमल, पवन प्रेमी, रामनाथ, दुर्गादास सहित अन्य लोगों ने कहा कि इस अवैध खनन के चलते लोगों की सैकड़ों बीघा भूमि खड्ड की चपेट में आ कर खराब हो गई है और गर्मियों में जल शक्ति विभाग की कई स्कीमें सुख जाती हैं तथा पर्यावरण का संतुलन बुरी तरह बिगड़ रहा है। उपरोक्त लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि यहां पुलिस जवानों की स्थाई ड्यूटी लगाई जाए और खनन माफिया पर शिकंजा कसा जाए ताकि जमीनो को बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

स्टाफ की कमी है और क्षेत्र बहुत बड़ा है बराबर नजर रखना एक कर्मचारी के लिए सम्भव नही है। लेकिन जब भी मौका मिलता है अवैध खनन करने वाले लोगों का चालान काटा जाता, किसी को भी बख्शा नहीं जाता है।
-सोहन सिंह, माइनिंग इंस्पेक्टर।

ढांक से गिरने से महिला की मौत

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। ग्राम पंचायत दलेड के गांव कुफरु में विवाहिता के ढांक से गिरकर मौत होने का मामला सामने आया हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कुफरु निवासी मनु देवी पत्नी हरनाम सिंह 36 वर्षीय घर के कार्य के लिए जा रही थी, तो उस दौरान उसकी घर साथ लगती ढांक से गिर गई और जहां महिला को काफी चोटें भी आई और परिजनों द्वारा निजी गाड़ी के माध्यम से नागरिक अस्पताल लडभड़ोल लाया जा रहा था, तो रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

जहां ड्यूटी तैनात डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। लडभड़ोल पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

जोढन में नशा मुक्ति अभियान समिति गठित

रितेश चौहान, सरकाघाट

कमला देवी को अध्यक्ष और हंसराज शर्मा को बनाया सचिव

धर्मपुर विकास खंड के सजाओ क्षेत्र की ग्राम पंचायत जोढन में नशा मुक्ति अभियान समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्ष कमला देवी को बनाया गया और कल्पना को उपाध्यक्ष तथा हंसराज शर्मा सचिव तथा अनिता, बलदेव सिंह, भूप सिंह, कर्म सिंह और धर्म सिंह कमेटी सदस्य बको बनाया गया। नशा मुक्ति अभियान समिति के सजाओ क्षेत्र के अध्यक्ष रणताज राणा तथा सचिव कृष्ण गुलेरिया की अध्यक्षता में इस कमेटी का गठन किया गया।

रणताज राणा ने बताया कि राज्य स्तर पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और मंडी साक्षरता एवं जन विज्ञान समिति की पहल पर यह अभियान शुरु किया गया है और उसी कड़ी में इस अभियान को संचालित करने व सफल बनाने के लिए पंचायत तथा गांव स्तर पर निगरानी समितियां गठित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से युवा पीढ़ी नशे के मकड़जाल में फंसती जा रही है उसे रोकने के लिए केवल पुलिस व प्रशासन के प्रयासों से ही नहीं रोका जा सकता है बल्कि उसके लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा ।

नशे की रोकथाम के लिए महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं और उसके लिए सभी महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और युवक मंडलों को इसे अपनी मुख्य गतिविधि बनाना होगा। अभिभावकों को अपने बच्चों को इसकी गिरफ्त में आने से रोकने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। (अनंत ज्ञान)

भक्ति के रंग में डूबी डेरा बाबा रूद्रानंद धाम नारी बसाल की नगरी

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आगाज, सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

डेरा बाबा रुद्रानन्द आश्रम के अखंड धूने पर पूजा करते आचार्य हेमानंद महाराज, (दाएं) डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के पीपल चूरी कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु।

राजेश शर्मा, ऊना

डेरा बाबा रूद्रानंद धाम नारी बसाल में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आगाज हुआ। पीपल चूरी कार्यक्रम के साथ ही इस महापर्व का शुभारंभ किया गया।

आश्रम के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज और उनके शिष्य अचार्य हेमानंद जी द्वारा पावन धूने पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात आश्रम में स्थित पांच पिपलों के रूप में पांच ऋषियों की पूजा-अर्चना की गई। पूरे विधि-विधान के तहत आश्रम की ओर से इन पांच ऋषियों जो पीपल के रूप में विद्यमान हैं, उनकी पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात जनेऊ पहनाने के साथ वस्त्र धारण करवाए गए। इस कार्यक्रम के साक्षी बनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु डेरे में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के लिए दूरदराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पिछले रोज ही आश्रम में पहुंच चुके थे। पीपल चूरी कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति में बना हुआ था। विभिन्न भजन गायक भी कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने के लिए सुबह से ही भजनों के साथ भक्तों का मनोरंजन कर रहे थे।

बता दें कि पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मंदिर और आश्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए जाते हैं। पहले दिन अत्यधिक भीड़ होने के कारण एक किलोमीटर लंबी कतार लगी हुई थी और सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया गया था। इसे अस्थायी अस्पताल के तौर पर श्रद्धालुओं के लिए दिन रात खोला जाएगा।

बताना जरूरी है कि यह कार्यक्रम 5 दिनों तक आयोजित किया जाएगा और पूरा क्षेत्र 5 दिनों तक भक्ति में माहौल में सरोवर रहेगा। आश्रम में ठहरने के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं और व्यवस्था संचालन में भी पूर्व सैनिकों के अलावा सैकड़ों सेवक और भक्त स्वेच्छा से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यहां 17 से 21 जुलाई तक आश्रम में दीक्षा दी जाएगी, इसके लिए इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि प्रत्येक वर्ष इस आयोजन के लिए लाखों लोग पहुंचते हैं। यह श्रद्धालु न केवल हिमाचल प्रदेश से बल्कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली अन्य प्रदेशों में हैं, बल्कि आश्रम के अनुयाई विदेशों में भी हैं।

श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है 6 महीने पानी के भीतर रहने वाला ठाकुरद्वारा मंदिर

विनोद शर्मा, लठियानी

बिलासपुर जिले की अंतिम छोर पर स्थित ठाकुरद्वारा का प्राचीन मंदिर ग्राम पंचायत बड़ागांव गलू के डोहक गांव में स्थित है। इस प्राचीन मंदिर को ठाकुरद्वारा के नाम से जाना यानी पहचाना जाता है। कुछ ही दूरी पर ऊना जिला प्रारंभ हो जाता है। यह ठाकुरद्वारा डोहेकश्वर धाम से बहुत ही बढ़िया दिखाई देता है।

डोहेकश्वर धाम में काफी संख्या में पंजाब से भी काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और मंदिर को बहुत ही बखूबी से देखते हैं और इस मंदिर की जानकारी लेते हैं और प्राचीन मंदिर को भी देखने के लिए जाते हैं। इस क्षेत्र में और भी कई प्रकार के प्राचीन मंदिर हैं, लेकिन जब गोविंदसागर झील लबालब पानी होता है, तो यह मंदिर गोविंदसागर के पानी से ढक जाते हैं।

ये मंदिर यानि ठाकुरद्वारा कई बरसों से इसी हालत में है। यदि प्रशासन व सरकार इस प्रकार के प्राचीन मंदिरों को सही तरीके से रखरखाव करे।



ठाकुरद्वारा मंदिर की फाइल फोटो।

स्थानीय लोगों देशराज मौदगिल, आशु मौदगिल, राजीव कुमार शास्त्री, सुरेश मौदगिल, नरेश कुमार, परसराम रामकिशन, बालकिशन, कमलदेव, राजिंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश चंद, सोमदत्त, गुरदेव चंद, गोगा, अश्वनी कुमार वार्ड पंच किरना देवी, विजय कुमार, बलदेव चंद, प्रकाश, रमेश चंद, बांकु राम, अमर सिंह इत्यादि का कहना है कि यहां पर तो काफी संख्या में श्रद्धालुओं इस ओर आकर्षित होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकता है और काफ़ी बेरोजगारों अपनी रोजी-रोटी से कमाई कर अपना पालन-पोषण कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

ऊना में बनेगा अत्याधुनिक मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र

ऊना में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त व अन्य गणमान्य।

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना में जल्द ही एक अत्याधुनिक मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाएगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने अत्याधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए जिला मुख्यालय के आसपास शीघ्र उपयुक्त भूमि तलाशने के निर्देश दिए हैं। इस अत्याधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य से लेकर उनके खानपान एवं खेलकूद संबंधी सभी अद्यतन सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने सोमवार को ग्राम पंचायत जल जलग्रां टब्बा तथा लालसिंगी के अपने दौरे में संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दोनों पंचायतों में चल रहे आंगनबाड़ी

केंद्रों का निरीक्षण भी किया और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी केएल वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना कुलदीप सिंह दयाल एवं प्रधान ग्राम पंचायत लालसिंगी दिनेश रायजादा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

देहलां, ऊना, संतोषगढ़ और रक्कड़ कॉलोनी के लोग आभा आईडी कार्ड बनवाने में पीछे

राजेश शर्मा, ऊना। जिले में आभा आईडी कार्ड को लेकर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। जिन लोगों ने अभी तक आभा आईडी कार्ड नहीं बनाए हैं, उनको जल्द ये कार्ड बनवाने की अपील की गई है।

मंगलवार को सीएमओ डॉक्टर संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि आने वाले समय में इस कार्ड का प्रचलन शुरू होगा और व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी तमाम जानकारी इसमें दर्ज होगी।

उन्होंने चिंता जताई कि रक्कड़ कॉलोनी, देहलां के अलावा ऊना शहर और संतोषगढ़ में भी आभा आईडी कार्ड बनवाने में लोग रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने इन लोगों से अपील की है कि सभी आभा आईडी कार्ड से जुड़ें। (अनंत ज्ञान)

एक्टिवा की डिक्की से निकला रेड स्नैक

अनंत ज्ञान, ऊना

शहर के पुराना डाकखाना बाजार में उसे समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवा के अपनी एक्टिवा पर हलवाई की दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए रुका और जैसे ही सामान खरीद के उसने एक्टिवा की डिक्की खोली तो उसमें एक सांप बैठा हुआ था, तुरंत वहां पर लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने जितेंद्र को फोन किया।

जितेंद्र जो की पास के ही गांव कुठार का रहने वाला है, वह तुरंत अपने मोटरसाइकिल पर वहां पर पहुंचा। उसने सांप को पकड़ लिया। जितेंद्र कुमार और उसकी बेटी दामिनी जो काफी लंबे समय से लोगों को सांप पकड़ कर राहत की सांस दिलाते हैं, वहीं लोग इनकी तारीफ करते नहीं थकते।

जितेंद्र ने बताया कि यह सांप रेड स्नेक प्रजाति का था, लेकिन अभी बच्चा ही था और इसे पकड़ते टाइम इसने जितेंद्र को काटा भी है। जितेंद्र ने बताया कि कई बार ऐसा होता है कि सांप पकड़ते टाइम सांप हमें भी काट लेता है, लेकिन हम इसका इलाज अपने तरीके से करना जानते हैं और हम इसका इलाज कर लेते हैं। महाकाल काल भैरव की कृपा से लोगों का सहयोग करना हमारा धर्म है। उसने कहा कि बरसात के समय लोगों को अपने घरों के आस पास साफ सफाई रखनी चाहिए। वाहन कोई भी हो उसमें भी देखकर चलाना चाहिए।

स्कूटी से सांप पकड़कर दिखाते हुए जतिंद्र।

बरनोह में छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना। विकास खंड ऊना की ग्राम पंचायत बरनोह में जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए बीडीओ ऊना केएल वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 जुलाई तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विकास खंड ऊना की ग्राम पंचायतें लमलैहडी, समूर कलां, कोटला कलां अप्पर, डंगोली और अजनौली से प्रति ग्राम पंचायत छह प्रतिभागी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे जिसमें राजमिस्त्री, बार बाईंडर एवं कारपेंटर को शामिल किया गया है। केएल वर्मा ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में किए जा रहे विकास कार्यों को पूर्ण दक्षता के साथ करना है ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान करने में सहायता मिल सके। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रथम चरण में इन्हीं पांच पंचायत को चिन्हित किया गया है और भविष्य में विकास खंड ऊना की अन्य सभी पंचायतों में यह प्रशिक्षण विभागीय कार्यशाला के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णत: निशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

इस मौके पर कार्यशाला के नोडल अधिकारी प्रशांत शर्मा, पूजा, शिवानी, अजय कुमार पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के भरे जाएंगे पद

राजेश शर्मा, ऊना

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के विभिन्न पदों पर भर्ती होने जा रही है। इसके लिए 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस बारे जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना के कार्यालय में 7 अगस्त तक सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी साक्षात्कार के लिए 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे समस्त मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना कार्यालय ऊना में पहुंचना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-225538 व संबंधित पर्यवेक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

इसके अलावा कुलदीप दयाल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश में आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों के मुताबिक संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिन आवेदकों ने आंगनबाडी वर्कर्स और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 22 सितंबर, 2023, 20 अक्तूबर, 2023 और 28 नवंबर, 2023 को आवेदन किया था उनके आवेदनों को रद्द कर दिया गया है। इन प्रार्थियों को पुन: 13 अगस्त, 2024 तक आवेदन करना होगा। कुलदीप सिंह दयाल ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। आवदेन करने की अंतिम तिथि तक प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभान्वित परिक्षेत्र (फीडर एरिया) का सामान्य निवासी होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसका प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार, तहसीलदार, कार्यकारी मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा प्रमाणित/प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। प्रार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी से दस्तावेज प्राप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विज्ञापित पदों के लिए चयन कुल 25 अंकों में से योग्यता के आधार पर होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 102 के अंक प्रतिशतता के अधिकतम पास अंक के आधार पर शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक दिए जाएंगे, जिसमें 102 में अंकों का प्रतिशत अधिकतम 7 अंकों के अधीन आनुपातिक आधार पर होगा। उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को 3 अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे, जिसमें स्नातक के लिए 2 अंक तथा स्नातकोत्तर और ऊपर के लिए 1 अंक रखा गया है। कार्य अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक दिए जाएंगे, इसमें संबंधित पंचायत में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/आंगनबाड़ी सहायिका/बाल सेविका, बालवाड़ी शिक्षक/नर्सरी शिक्षक, सिलाई शिक्षक, ईसीसीई की शिशु पालक, जिन्होंने 10 महीने तक काम किया है, उन्हें प्रत्येक वर्ष के अनुभव के लिए एक अंक दिया जाएगा, जो अधिकतम 3 अंकों के अधीन होगा। 40 प्रतिषत और उससे अधिक विकलांगता वाली दिव्यांग महिलाओं के लिए 2 अंक दिए जाएंगे। इसमें यह शर्त रहेगी कि विकलांगता इस प्रकार की ना हो कि वह उनकी नौकरी की जिम्मेदारी के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करे। (अनंत ज्ञान)

यहां भरे जाएंगे पद

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं के विभिन्न पद भरे जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्र समूर कलां, आदर्श नगर अप्पर अरनियाला, हरिजन मोहल्ला अप्पर कोटला कलां, रैन्सरी मध्य, बदोली-1, भटोली-1 व वाल्मीकी मोहल्ला-1 बहडाला, लमलेहड़ा पुराना, केंद्र नं 18 बसदेहड़ा, भड़ोलिया कलां बाड़ेवाला मोहल्ला व चिलावाला मोहल्ला बडेहर में आंगनबाड़ी वर्कर्स के पद भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र राजपूत मोहल्ला-1 बहडाला, रायपुर-4, लमलेहडा-2, लमलेहडा ब्राह्मण मोहल्ला, केंद्र नं. 16 बसदेहड़ा, केंद्र नं. 13 बसदेहड़ा, नारी, जखेडा-2, भटोली-2, सनोली राजपूत जाट मोहल्ला-2, प्रेम नगर ऊना, रामपुर-2, धमांदरी मनसोह, ब्राह्मण पट्टी मलाहत व रामपुर हरिजन मोहल्ला, अप्पर देहलां माहल दरजी-2, टक्का रामसहाय, त्यूड़ी-3, नीलाघाट सनोली व अप्पर बसाल में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे।

टिंबी में सार्वजनिक शौचालय की नहीं ले रहा कोई सुध

हेमराज राणा, पांवटा साहिब। हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में आज भी ऐसे अनेक उदाहरण देखने और सुनने को मिलते हैं, जिन क्षेत्रों में आज भी जनता के लिए सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बहुत ही दहनीय बनी हुई है, ऐसा ही एक उदाहरण है जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दस पंचायतों का केंद्र बिन्दु (नेडा पुल) टिम्बी में बने सार्वजनिक शौचालय की, जिसकी स्थिति बहुत ही चिंतनीय है।

इसको देखकर हर व्यक्ति अचंभित और चिंतित नजर आता है, जिसका निर्माण संबंधित पंचायत के द्वारा किया गया है, परंतु वर्तमान में इस सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत ओर देखरेख के लिए संबंधित विभाग कुछ भी नहीं कर रहा है।यह स्थान अनेक पंचायतों के लोगों का केंद्र बिंदू है, जिस कारण यहां के हजारों लोग टिम्बी क्षेत्र की ओर रुख करते हैं। यह कस्बा धीरे-धीरे विकसित होता जा रहा है, परंतु इस क्षेत्र में अभी भी कोई खास मूलभूत सुविधाएं जनता को प्राप्त नहीं हो रही हैं। अनेक पंचायतों के लोगों ने टिम्बी में बने सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत और इसे सुचारु रूप से शुरू करने की मांग की है, ताकि सैकड़ों पंचायतों को इसका लाभ प्राप्त होता रहे। (अनंत ज्ञान)

तैयारियां सावन मास मेलों के लिए सदाशिव मंदिर कमेटी की तैयारियां पूर्ण, दुल्हन की तरह सजा मंदिर

21को साजन अमृतसर और निशा शर्मा करेंगे भोलेनाथ का गुणगान

राजेश ठाकुर, बंगाणा

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल उपमंडल बंगाणा में पड़ने वाले सदाशिव मंदिर, जिसे धौमेश्वर के नाम से जाना जाता है।

रामगढ़ धार के सबसे ऊंचे टीले पर स्थित धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास मेले की तैयारियां कमेटी द्वारा पूर्ण कर ली गई है। मंदिर कमेटी के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि मंदिर कमेटी ने सावन मास मेलों की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं देने के लिए मंदिर कमेटी ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। प्रवीण शर्मा ने बताया कि सावन मास की पहली रविवारी संध्या यानी 21 को पंजाब की बुलंद आवाज साजन अमृतसरिया और हिमाचल की शान निशा शर्मा भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करेंगे और सोमवार को शिवलिंग पर जल चढ़ाने वालों के लिए विशेष व्यवस्था के साथ मंदिर दर्शन होंगे। मंदिर परिसर में इस बार सीसीटीवी के कैमरे और बढ़ाए गए हैं, ताकि मंदिर परिसर में अमन शांति रहे। वहीं, बुजुर्गों के लिए लिफ्ट की सुविधा भी मंदिर परिसर में की गई है और रविवार और सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर परिसर में पार्किंग के लिए विशेष सुविधा रहेगी।

सावन मास मेलों को सुचारु रूप देने के लिए मंदिर कमेटी के सदस्य के साथ कुछ शोशल युवाओं को भी जोड़ा गया है। वहीं, सदाशिव मंदिर के आसपास अगर कोई नशा करता पकड़ा गया, तो पांच हजार का जुर्माना भी किए जाने का कमेटी ने प्रस्ताव पारित किया है। शराब आदि का सेवन कर मंदिर में आने वालों की चैकिंग के लिए कमेटी ने एक सयंत्र लिया है, जो हर नशे की सूचना देता है और मंदिर परिसर में नशा कर आने वाले को भी पांच हजार का जुर्माना किया जाएगा। प्रवीण शर्मा ने बताया कि सावन मास मेलों के दौरान सदाशिव परिसर या मुख्य गेट के आसपास बिना अनुमति से कोई भंडारे का आयोजन नहीं होगा। भंडारा करने के लिए मंदिर कमेटी से परमीशन लेना अनिवार्य होगा। (अनंत ज्ञान)

सावन मास के लिए सजाई भोले नाथ की पिंडी।

भंडारों में नहीं होगा पॉलिथीन या थर्मोकोल का प्रयोग

प्रवीण शर्मा ने कहा कि सावन मास मेलों के उपलक्ष्य पर सदाशिव मंदिर परिसर अथवा अन्य मुख्य गेट पर लगने वाले भंडारों में किसी प्रकार का पॉलिथिन अथवा थर्मोकोल का कोई प्रयोग नहीं होगा। यह कमेटी बैठक ने निर्णय लिया है और जो कमेटी के आदेशों की पालन करने की बजाए उल्लंघना करेगा उसे पांच हजार या उससे ज्यादा जुर्माना कमेटी द्वारा किया जाएगा। प्रवीण शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए कमेटी ने यह निर्णय लिया है।

डेरा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में संक्रांति पर उमड़े श्रद्धालु

डेरा बाबा रुद्रानंद अमलेहड़ आश्रम में भक्तों की भीड़।

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

डेरा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ मे मंगलवार को संक्रांति पर्व का विशेष आयोजन किया गया। संक्रांति के अवसर पर डेरा अमलेहड़ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा अच्युतानंद जी के अखंड धूने पर शीश निभाया।

डेरा परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं आ आना शुरू हो गया था और शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने डेरा में शीश नवाया। पूरा डेरा परिसर राधे-राधे शाम मिलादे की धुनों से गूंज रहा था। भजन कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

250 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कमलेश वर्मा, मनाली। मनाली संकुल के अंतर्गत अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली, उच्च विद्यालय बुरुआ, माध्यमिक विद्यालय पलचान के आचार्य दीदी और भैया बहनों की ओर से सामूहिक पौधरोपण किया गया। इस सामूहिक पौधरोपण में लगभग 250 पौधे रोपे गए, जिसमें 127 भैया बहन और 10 आचार्य, दीदियों ने भाग लिया। पौधरोपण का यह कार्य वन विभाग और विद्या मंदिर द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस मौके पर विद्या मंदिर बुरुआ के अध्यक्ष जीत राम और उपाध्यक्ष सेस राम सहित अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर मनाली के प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर, जीवन लाल आचार्य, जय प्रकाश आदि ने भी पौधे लगाए। स्टूडेंट्स ने बड़े उत्साह से देवदार, अखनूर के पौधे रोपे और प्रण किया कि इनकी देखरेख के लिए समय-समय पर आते रहेंगे। रूम सिंह ने कहा कि इन पौधों के रोपण से भूमि कटाव नहीं होगा और यहां की सुंदरता भी बनी रहेगी। उन्होंने घाटी के लोगों से भी आग्रह किया कि सभी पौधरोपण में बढ़-चढ़कर भाग लें। (अनंत ज्ञान)

अखाड़ा बाजार में होगा 20वां भगवती जागरण

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू। जिला मुख्यालय के समीप अखाड़ा बाजार में 20वां विशाल भगवती जागरण आयोजित होने जा रहा है। आगामी शनिवार 20 जुलाई को कुल्लू के अखाड़ा बाजार में स्थित पार्किंग कमेटी दफ्तर के पीछे शाम के आठ बजे विशाल भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। विशाल भगवती जागरण का आयोजन माता वैष्णो जगराता कमेटी कुल्लू के द्वारा किया जा रहा है। इस विशाल भगवती जागरण में शालू धीमान और विक्की सोनी अपने भजनों के साथ जागरण को सफल बनाने में योगदान देंगे। जागरण के बाद रविवार 21 जुलाई को ट्रक यूनियन, जजंघर कुल्लू में दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

गोशाल गांव में 200 से अधिक किए टेस्ट

मोहन कपूर,पतलीकूहल। हंस फाउंडेशन ने गोशाल गांव में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने हिस्सा लिया, जिन्होंने सामान्य स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच, दंत चिकित्सा, और महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित सेवाएं प्रदान की। शिविर में आने वाले सभी रोगियों को निशुल्क दवाइयां और परामर्श दिया गया। इसके साथ ही हंस फाउंडेशन ने स्वस्थ जीवनशैली और रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सत्र आयोजित किया। शिविर के दौरान रक्त जांच, शुगर जांच, और अन्य आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण भी किए गए, ताकि लोगों की स्वास्थ्य स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इस शिविर से लगभग 150 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया और 200 से अधिक टेस्ट किए। गोशाल गांव के मंदिर कमेटी द्वारा हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर हमारे गांव के लोगों के लिए बहुत लाभकारी साबित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

गो तस्करी मामले को लेकर मनाली में हल्ला बोल

भाजपा के सभी संगठनों व देव समाज से जुड़े लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

कमलेश वर्मा, मनाली

भाजपा मनाली मंडल के नेतृत्व में भाजपा के सभी संगठनों व देव समाज से जुड़े लोगों ने गो तस्करी को लेकर माल रोड मनाली में हल्ला बोला। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में रामबाग चौक से लेकर माडल टाउन तक आक्रोश रैली निकाली।

गो तस्करों पर उचित कार्रवाई न करने पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के प्रति रोष प्रकट किया। उन्होंने घाटी वासियों से गो संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने हाथ में स्लोगन लिखे और बोर्ड के साथ नारे बाजी की और गो तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आक्रोश रैली निकालने के बाद माल रोड में नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने प्रदेश सरकार से कहा कि अब गो माता पर अत्याचार सहन नहीं होगा। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि गो तस्करी का मामला संवेदनशील है। मंडी, रोहतांग व दारचा में गो से भरे ट्रक पकड़े हैं, लेकिन सरकार द्वारा इस मामले को गंभीरता से न लेना चिंता का विषय है। मढ़ी से 500 से अधिक पशुओं का गुम होना दर्भाग्यपूर्ण है। माता हिडिंबा, गौतम ऋषि, व्यास ऋषि व कंचन नाग देवता के आदेशानुसार गो संरक्षण के लिए बाहंग में गोशाल का शुभारंभ किया था। भाजपा सरकार ने बेसहारा पशुओं की समस्या को प्राथमिकता में लिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार पशु धन को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। गो माता पर हो रहा अत्याचार एक सामाजिक बुराई है, जिससे सभी को एक साथ लड़ना होगा। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि गो को बेसहारा न बनाएं।

सरकार गोसदनों को मजबूत करें। बंजार के विधायल सुरेंद्र सौरी ने कहा कि सरकार गो तस्करी के मामले को गंभीरता से लें। पंजाब से गो तस्कर दारचा में पकड़े। इतनी दूरी उन्होंने कैसे पार की। इन सब विषयों पर गंभीरता से जांच की जानी चाहिए। भगवान रघुनाथ के कारदार ने कहा कि गो संरक्षण के लिए जन जागरण अभियान चलाना पड़ेगा। इसकी शुरुआत माता हिडिंबा के प्रांगण से हुई है। नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि गो तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो। इस दौरान मढ़ी में ट्रक पकड़ने वाले मुहमद व यूसुफ सहित सौरभ आदित्य व सुंदर ठाकुर को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

भाजपा के सभी संगठनों व देव समाज से जुड़े लोगों ने गो तस्करी मामले को लेकर आक्रोश रैली निकाली।

गो तस्करी रोकने को राज्यपाल को दिया ज्ञापन

कमलेश वर्मा, मनाली। भाजपा मनाली मंडल ने गो तस्करी रोकने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालने के बाद मंगलवार को एसडीएम मनाली के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उन्होंने राज्यपाल से गो तस्करी रोकने का आग्रह किया। ज्ञापन में उन्होंने लिखा कि जून महीने में स्थानीय लोगों ने पशुओं से भरा ट्रक मढ़ी से ऊपर राहनीनाला के पास पकड़ा था। दूसरा मामला मंडी में, जबकि तीसरा मामला लाहौल के दारचा में सामने आया।

उन्होंने कहा कि बार-बार इस तरह की घटनाएं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा की सनातन धर्म में गो को माता का दर्जा दिया गया है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हिमाचल जैसी इस देव भूमि में इस तरह की घटना चिंताजनक है। मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से गुहार लगाई गई है कि इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जल्द उचित कार्रवाई की जाए, ताकि गो माता पर हो रहे अत्याचार बंद हो सके। (अनंत ज्ञान)

श्रीखंड यात्रा में 3 दिन में गए 3424 यात्री

जितेंद्र गुप्ता, आनी

रविवार से शुरू हुई श्रीखंड महादेव यात्रा के शुरू होने के तीसरे दिन मंगलवार शाम चार बजे तक 537 यात्रियों का पंजीकरण दर्ज किया गया, जिनमें 516 पुरुष और 21 महिला यात्री शामिल रहे।

537 में से 338 यात्रियों का बेसकैंप सिंहगाड में पंजीकरण किया गया, जबकि 199 यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा था। वहीं, आधिकारिक तौर पर शुरू हुई श्रीखंड कैलाश यात्रा के तीन दिनों में अब तक 3,424 यात्री बेसकैंप सिंह गाड़ से श्रीखंड रवाना हो चुके हैं। वहीं, अब तक हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उतर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि राज्य के श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवाकर यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह के निर्देशानुसार पंजीकरण प्रक्रिया सुबह पांच से शाम नौ बजे तक जारी रहेगी। बेसकैंप सिंहगाड़ से पांच बजे के बाद यात्रियों को आगे जाने की मनाही रहेगी। हर साल प्रशासन श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट द्वारा यात्रा की तिथि तय करता है, जिस दौरान यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि हर तरह का इंतजाम रास्ते में हर पड़ाव पर रहता है। जहां स्वास्थ्य टीमें, पैरा मेडिकल स्टाफ, पुलिस और होमगार्ड के जवान, रेस्क्यू टीम यात्रियों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। उस तय तिथि से पहले या बाद में किसी को भी यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं रहती। बावजूद इसके हर साल यात्रा शुरू होने से पहले और बाद में हजारों यात्री श्रीखंड महादेव के दर्शनों पर निकल पड़ते हैं। ट्रस्ट द्वारा यात्रा शुरू करवाने से पहले ही इस वर्ष अब तक 4 व्यक्तियों की श्रीखण्ड के रास्ते मे मौत हो चुकी है। श्रीखंड यात्रा के दौरान रास्ते मे आने वाली सारी की सारी घाटी प्राकृतिक धरोहर का खजाना है। यहां सैंकड़ों किस्म की प्रजाति के फूल हैं, जबकि जड़ीबूटियों और औषधीय पौधों का तो यह भंडार है। (अनंत ज्ञान)

श्रीखंड यात्रा पर जाते श्रद्धालु।

24 वर्षीय युवती की पानी के टैंक में डूबने से मौत

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी पंचायत के शाई गांव की एक 24 वर्षीय युवती की बरगेईधार के समीप पेयजल स्टोर टैंक में डूब कर मौत हो गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान रमा देवी (24 वर्ष) पुत्री पूर्ण चंद निवासी गांव शाई के रूप में हुई है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार युवती गांव के समीप ही कपड़े धोने निकली थी कि अचानक पैर फिसलने से वह बरगेइधार के समीप बने पेयजल स्टोर टैंक में जा गिरी और इसमें डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल आनी लाया गया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

पांच योजनाओं ने देवभूमि हिमाचल की तस्वीर बदल दी : इंदु पटियाल

शीला कौल, बंजार

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की पांच योजनाओं ने देवभूमि हिमाचल की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि निश्चय ही सरकार का काम हर वर्ग को राहत पहुंचाना होता है और गरीब, अनाथ, जरूरतमंद तथा वंचित वर्ग को प्राथमिकता से योजना राशि से लाभान्वित करने की पहल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने की है।

आरंभ की गई योजनाओं के बेहतर परिणाम धरातल पर उतारने से इसके अनुकूल प्रभाव सामने आए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना के तहत 20 से 59 वर्ष की जरूरतमंद महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि मिल रही है और साथ ही मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत प्रदेश में 4000 अनाथ, बेसहारा बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट बना कर उनका सारा खर्च सरकार उठाएगी। इसके बाद उन्होंने राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत सरकार ने 680 करोड़ रुपए युवाओं को कोई भी नया रोजगार या उपक्रम शुरू करने के लिए लागत राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, इसके अलावा राजस्व कानूनों में बदलाव कर रिकॉर्ड अवधि में वर्षों से लंबित पड़े हुए मामलों के निपटारे किए गए हैं। प्रदेश सरकार के सुशासन और जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक सशक्त दृढ निश्चयी व्यक्तित्व के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता को दिए आश्वासन को पूरा करने के कारण ही प्रदेश में कांग्रेस ने चुनावी अग्निपरीक्षा में भी जीत दर्ज कर भाजपाई मंसूबों को करारा जवाब दिया है। (अनंत ज्ञान)

ठोलंग गांव के कोरोना वॉरियर की तीसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

कमलेश वर्मा, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग में मंगलवार को ठोलंग गांव के कोरोना वॉरियर स्वर्गीय रविंद्र सेन की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई।

रेडक्रॉस सोसायटी लाहौल-स्पीति, आजाद जनजातीय धरोहर सुरक्षा समिति एवं ट्राइबल टुडे मासिक पत्रिका व रिद्धि-सिद्धि फाउंडेशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक अनुराधा राणा ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया, जिसमें बीआरओ, हिमाचल प्रदेश पुलिस व आईटीबीपी के जवानों के अलावा स्थानीय लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। रक्तदान शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान किया।

श्याम आजाद ने 28बार रक्तदान किया तथा 70 आरसीसी के कमांडिंग ऑफिसर मेजर रवि शंकर और जिला परिषद की अध्यक्षता बीना देवी ने भी रक्तदान किया। विधायक अनुराधा राणा ने कहा की रविंद्र सेन द्वारा समाज के लिए जो कार्य किया किए गए उनको हमेशा याद रखा जाएगा वह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं और भविष्य में अभी रहेंगे। रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है इस महादान कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

कोरोना वॉरियर की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान मौजूद लोग।

पटवारी कानूनगो महासंघ ने एसडीएम बंजार को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

शीला कौल, बंजार

प्रदेश सरकार द्वारा जिला कैडर से स्टेट कैडर का दर्जा दिए जाने के फैसले के विरोध में हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ तहसील बंजार ने प्रधान महेश्वर सिंह राणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री को उपमंडलाधिकारी नागरिक पंकज शर्मा बंजार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उपमंडल बंजार के समस्त पटवारियों की ओर से विरोध किया गया और विरोध प्रकट करने के लिए मंगलवार को बंजार तहसील के सभी पटवारियों ने ऑनलाइन किसी भी प्रमाण पत्र प्रमाण उचित की जारी नहीं किया।

महेश्वर राणा ने बताया कि अगर सरकार 17 जुलाई तक बैठक कर आंदोलन को लेकर कड़ा निर्णय लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

टीम सहभागिता की राज्यस्तरीय बैठक आज

कमलेश वर्मा, कुल्लू। सामाजिक क्षेत्रों में अग्रणी सामाजिक संस्था सहभागिता की राज्यस्तर की बैठक बुधवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में होगी।

बैठक में जिला कुल्लू व मंडी के सदस्य प्रत्यक्ष रूप से, जबकि बाकी जिलों के सदस्य ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। टीम सहभागिता के उपाध्यक्ष एवं राज्य समन्वयक राज सिंघानिया ने बताया कि टीम सहभागिता हर छह महीने बाद एक विशेष बैठक करती है। इस छमाही में आगामी छह महीनों के लिए कार्य गतिविधियां सुनिश्चित की जाती हैं। इस बार भी यह बैठक टीम सहभागिता के राज्य अध्यक्ष एवं निदेशक बीजू हिमदल की अध्यक्षता में होगी। बैठक में सहभागिता की ओर से पिछले माह में किए गए कामों पर चर्चा परिचर्चा होंगी। वहीं, आगामी महीनों के लिए, नशा निवारण, पर्यावरण सरंक्षण, पौधरोपण, दिव्यांगता पर जागरूकता, रक्तदान एवं साइबर क्राइम जैसे विषयों पर कार्य करने के लिए योजना तैयार की जाएगी। बैठक में टीम सहभागिता के संस्थापक सदस्य एवं उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

एनडीआरएफ की भूमिका और जिम्मेदारियों की दी जानकारी

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

टीम-14 बीएन एनडीआरएफ ने जीएसएस ब्वॉयज स्कूल कुल्लू में स्कूल सुरक्षा आपदा प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया।

इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा की तकनीक सिखाई गई। इसके साथ ही आपदा का परिचय एवं उसके प्रकार एवं प्रभाव, एनडीआरएफ की भूमिका और जिम्मेदारियां के बारे जानकारी दी गई। प्राथमिक चिकित्सा सुरक्षा पर क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया तथा रक्तस्राव नियंत्रण तकनीक, वयस्क और शिशु को सीपीआर देने, आपदा में प्रभावित लोगों को उठाने और हिलाने के तरीके भी बताए गए। आपदा में इंप्रोवाइज्ड स्ट्रेचर को तैयार करना, आगजनी की स्थिति से निपटने की तकनीक पर भी प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)

गेहर सिंह बने भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष

कमलेश वर्मा, कुल्लू

भारतीय किसान संघ भुंतर खंड के चुनाव किसान भवन भुंतर में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी की भूमिका जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने निभाई, जिसमें गेहर सिंह तुनी सेरी को खंड अध्यक्ष बनाया गया तथा प्रेमजीत जरड़ को खंड मंत्री की कमान दी गई।

कार्यकारिणी में रूपचंद शियाह को उपाध्यक्ष, अशोक नेगी निणु सह मंत्री, युवा प्रमुख चंद्रकांत सैंज धारा महिला प्रमुख सुनीता देवी बोरहा सेरी, सह महिला प्रमुख शीला देवी बनाला, प्रचार प्रमुख राजकुमार मासु, बीज प्रमुख चंद्रपाल पूंथल, फसल बीमा प्रमुख रूपचंद ठेला, हिमालय आयाम प्रमुख नीरज आनंद छन्नी खोड़, जैविक प्रमुख कूरमदत्त नजां, गो सेवा प्रमुख नरेंद्र कुमार जमोट, मंडी विपणन प्रमुख चेतराम कलेहली,विधी प्रमुख लक्ष्मी सेन राजस्व प्रमुख हुकम राम जमोट, सहकारिता प्रमुख प्रकाश चंद्र सेंज, व्यसन मुक्ति प्रमुख तीर्थ राम चौंग, जल संरक्षण प्रमुख देवी राम उड़सू, सदस्य इंदिरा देवी चिरपना सदस्य भादर सिंह निगणा, मोहर सिंह सीस को प्रभारी नियुक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

भारतीय किसान संघ भुंतर खंड की नई कार्यकारिणी व उनके साथ जिले के पदाधिकारी।

मांग सैंज वैली विकास समिति ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कुल्लू को सौंपा ज्ञापन

मांगें पूरी नहीं हुई, तो समिति ग्रामीणों संग करेगी आंदोलन

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

सैंज वैली विकास समिति के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। मंगलवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में सैंज वैली विकास समिति के सदस्यों ने डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से भेंट कर अपनी समस्याओं और मांगों से अवगत करवाया।

सैंज वैली विकास समिति के सदस्यों ने डीसी को बताया कि पिछले साल सैंज खड्ड में आई बाढ़ से लोगों के घर जमीन, बगीचे, फसलें, रास्ते, सड़कें, पुलों, पानी के स्रोतों आदि को हुए नुकसान से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए थे, मगर अब तक उन समस्याओं का कोई स्थायी हल नहीं निकाल पाया है। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अपनी दस मांगों से भी डीसी कुल्लू को अवगत करवाया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर ग्रामीणों की मांगों को नहीं माना, तो जल्द ही सभी ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। सैंज वैली विकास समिति के प्रधान बुधराम ओर सचिव दूनी राम ने अपनी दस मांगों के बारे में बताते हुए कहा कि सैंज वैली के बाढ़ प्रभावित परिवार को हिमाचल सरकार के नए आदेशों के अनुसार आपदा राहत राशि एवं बरसात से तबाह हुई फसलों का भी मुआवजा राशि तुरंत जारी की जाए।

इसके साथ ही एनएचपीसी और एच पीपीसीएल प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत घोषित प्रभावित पंचायतों को प्रदूषण का मुआवजा तुरंत जारी किया जाए, जिन परिवारों की पूरी जमीन बाढ़ में वह गई या क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें सरकार के संशोधित नियमों के अनुसार तीन विस्वा जमीन तुरंत दी जाए। जहां-जहां ड्रेजिंग कार्य शुरू हुआ है वह अधूरा पड़ा है और ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अवैज्ञानिक तरीके व अपनी मनमर्जी से कार्य किया गया है और नदी के बीच में बेतरतीब तरीके से मलवे के ढेर लगा रखे हैं और कहीं पर टापू बनाकर रखा गया है उन्हें जल्द ठीक व तय नियमों के अनुसार करवाया जाए। इसके साथ ही चतियाढ, स्तेश, नुनुरुबहली रोपा दरमेड़, बहली, करटाह सोती, सिउंड, सैंज बाजार, बकशाहल, तलाड़ा, विहाली, स्पांगणि, लारजी आदि गांवों का वजूद बचाने के लिए इन गांवों के आगे दरिया के किनारे सुरक्षा दीवार लगाई जाए। डीसी कुल्लू ने सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही ग्रामीणों की मांगों पर गौर कर उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



सैंज वैली विकास समिति मांगों को लेकर डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपती हुई।

न्यूज ब्रीफ

रवि अंबाला लोकसभा सीट के ऑब्जर्वर नियुक्त

बीबीएन। नालागढ़ के कांग्रेस नेता रवि शर्मा नोनी को ऑल इंडिया कांग्रेस आलाकमान द्वारा अंबाला लोकसभा सीट का ऑब्जर्वर बनाया गया है। रवि शर्मा को हालही में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय संयुक्त समन्वयक के पद पर नियुक्त किया था। अब रवि शर्मा को हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष(संगठन) अखिलेश शुक्ला द्वारा जारी अधिसूचना को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने अनुमोदित किया है। हरियाणा में किसान कांग्रेस के नेताओं को अहम जिम्मेदारी देकर कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि किसान आंदोलन में हरियाणा की अहम भागीदारी को विधानसभा चुनावों में भुनाने में कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। रवि शर्मा की इस नियुक्ति पर युवा कांग्रेस के राज्य महासचिव प्रिंस शर्मा, इंटक ज़िला अध्यक्ष प्रीतपाल राणा, युवा कांग्रेस जिला सचिव कुश पराशर, राज्य युवा कांग्रेस सचिव नोनी चौधरी, विवेक महाजन ने स्वागत किया और कांग्रेस आलाकमान का धन्यवाद किया। रवि शर्मा ने कहा कि हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत होगी और कांग्रेस पार्टी की हरियाणा में सरकार बनेगी।

स्वास्थ्य मंत्री आज से सोलन के प्रवास पर

आर मोहन चौहान, सोलन। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल 17 व 18 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 17 को दोपहर एक बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सायरी में लड़कों की अंडर-14 क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सायं तीन बजे नागरिक अस्पताल सायरी तथा सायं 4:30 बजे सायरी के वरिष्ठ नागरिक कार्यालय का दौरा करेंगे। डॉ. शांडिल 18 को सायं 5 बजे डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में एक बटालियन सोलन की गर्ल्स कैडेट के एनसीसी कैंप के समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

ओच्छघाट स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

आर मोहन, सोलन। शिक्षा खंड सोलन की अंडर-14 ब्वॉयज की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय ओच्छघाट में हुआ। मुख्यातिथि सिद्धार्थ सूद ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया, जिसमें विशिष्ट अतिथि पूनम शर्मा, प्रधान पंचायत ओचघाट, एसएमसी प्रधान नरेश, नारायण सिंह समाजसेवी और खेमचंद तथा समाजसेवी लग्न सिंह की उपस्थिति एवं प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में 25 विद्यालयों के 270 छात्रों ने भाग लिया। एडीपीओ महेंद्र और टूर्नामेंट इंचार्ज सावित्री देवी ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बच्चे खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं में भाग लेंगे। प्रधानाचार्य पुनीत कौशल ने सभी मेहमानों का स्वागत किया तथा छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

रोटरी क्लब नाहन ने छावनी में रोपे 100 पौध

एसपी जैरथ, नाहन । सिरमौर के नाहन स्थित रोटरी नाहन सिरमौर हिट्स ने फर्स्ट पैरा के साथ मिलकर नाहन छावनी में पौधरोपण किया। इस अवसर पर अमरूद, नीम बेहड़ा, शहतूत, बौस, जामुन, आंवला, गुलमोहर के करीब 100 पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कर्नल भंडारी ने आर्मी स्कूल के एनसीसी इंटरेक्ट क्लब के छात्रों के साथ की। इस अवसर पर विशेष रूप से चार एयर वाइस मार्शल केके सांगर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रोटरी नाहन, सिरमौर हिल्स के प्रधान अमित डाहरी ने पर्यावरण व पारिस्थितिकी असंतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी लोगों से आह्वान किया कि सर्वप्रथम पृथ्वी को बचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सभी अपना कर्तव्य समझते हुए कम से कम एक पौधा रोपित करें। (अनंत ज्ञान)

महिलाओं के लिए मशरूम की खेती का प्रशिक्षण

आर मोहन, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय में ग्रामीण महिलाओं के लिए मशरूम खेती और उत्पाद विकास पर एकदिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में ग्रामीण आबादी के सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता की पहल का हिस्सा था और एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर और स्कूल ऑफ बायो इंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोलन ब्लॉक के नौ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की 20 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को मशरूम की खेती की तकनीक और विभिन्न फलों और सब्जियों से उत्पाद विकास का व्यापक ज्ञान प्रदान करना है। एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के एसोसिएट डीन डॉ. सोमेश शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रोफेसर सोमेश ने कहा कि महिलाओं का उत्साह और सीखने की उत्सुकता वास्तव में प्रेरणादायक है। मशरूम की खेती और खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन देने वाली सरकारी योजनाओं पर भी जोर दिया गया। कई प्रतिभागियों ने अपने कौशल विकास में व्यावहारिक सीखने के महत्व पर जोर देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्रों के लिए उत्साह दिखाया। (अनंत ज्ञान)

पीएम को मिड-डे मील वर्कर्स का वेतन बढ़ाने बारे लिखा पत्र

एसपी जैरथ, नाहन। सिरमौर राजकीय केंद्र पाठशाला सागंना शिक्षा खंड संगडाह जिला सिरमौर में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर्स उर्मिला रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मिड-डे मील वर्कर्स के वेतन बढ़ोतरी की मांग की है। मिड-डे मील वर्कर्स उर्मिला रावत ने पत्र में लिखा कि मिड-डे मील योजना भारत सरकार ने वर्ष 2004 से सरकारी स्कूलों में संचालित की है तथा मैं भी 2004 से राजकीय केंद्र पाठशाला सागंना में मिड-डे मिल वर्कर्स के पद पर कार्यरत हूं तथा मुझे व अन्य मिड-डे मील वर्कर्स को वेतन के रूप में मासिक चार हजार रुपए मिलते है, जिससे बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए मुझे व अन्य मिड-डे मील वर्कर्स को परिवार का पालन पोषण करना बहुत कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील वर्कर्स का मासिक वेतन कम से कम 15 हजार रुपए होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

मोंटी मिस्टर और गायत्री मिस फेयरवेल

आशीष, दाड़लाघाट। अंबुजा फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि ऑपरेशनल हेड अंबुजा राजेंद्र सिंह ने शिरकत की, जबकि अंबुजा फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी बतौर विशेष अतिथि रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नाटक, लोक नृत्य, नाटी, एकल नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्य राजेश शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सभी मेधावी और प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर मोंटी को मिस्टर व गायत्री को मिस फेयरवेल चुना गया। इस मौके पर पंचायत प्रधान बरयली रीता शर्मा, मनसा राम वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

151 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

रविदत्त, राजगढ़। विधानसभा क्षेत्र श्री रेणुका जी विकास खड़ सगड़ाह तहसील नोहरा धार के अंतर्गत आने वाली पंचायत देवामानल के गांव देवठना नानड़ी में विजट महाराज नवयुवक मंडल देवठना नानडी ने बेस, वियुल और बान के 151 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अभियान में नवयुवक मंडल के 20 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी सदस्यों ने अलग-अलग स्थानों पर पौधे रोपे। इस अवसर पर कपिल शर्मा युवा मंडल प्रधान भारतीय सेना से सेवानिवृत्त यशपाल शर्मा, नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, रोहित सचिव शुभम और सलाहकार जयदत्त शर्मा समेत कार्यकारिणी के सदस्यों ने पौधरोपण किया। नवयुवक मंडल के प्रधान यशपाल शर्मा ने बताया कि पौधे लगाने से आने वाले समय में पशुओं को चारे की कमी नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

युवाओं को रोजगार, सड़कों का रखरखाव व स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी सुदृढ़ : हरदीप बावा

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ उपचुनाव में भारी बहुमत से विजय होकर विधानसभा पहुंचे विधायक एवं इंटक प्रदेशाध्यक्ष हरदीप बावा का बद्दी पहुंचने पर यूथ इंटक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

शिमला के लिए निकले नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा बद्दी स्थित यूथ इंटक कार्यालय पहुंचे, जहां यूथ इंटक प्रदेशाध्यक्ष जसविंद्र चौहान व इंटक मीडिया प्रभारी ओम शर्मा की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया व उन्हें पुष्पगुच्छ तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया। विधायक हरदीप बावा ने इस दौरान प्रदेश हाईकमान व नालागढ़ की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार, नालागढ़ में सड़कों का रखरखाव व स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नालागढ़ की जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं और वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। यूथ इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जसविंदर चौहान ने कहा कि इंटक प्रदेशाध्यक्ष हरदीप बावा का विधानसभा पहुंचना नालागढ़ की जनता के साथ-साथ श्रमिक ओर मजदूर वर्ग के लिए संजीवनी है, अब विधानसभा में नालागढ़ की जनता के साथ-साथ मजदूर व कामगारों की आवाज भी विधायक एवं इंटक प्रदेशाध्यक्ष हरदीप बावा के माध्यम से उठेगी। इंटक के प्रवक्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ओम शर्मा ने कहा कि नालागढ़ में धनबल की हार और जनबल की जीत हुई है।

हरदीप बावा के विधानसभा पहुंचने से नालागढ़ के विकास को पंख लगेंगे ओर कामगारों की समस्याओं का भी अब मजबूती से समाधान होगा। इस मौके पर यूथ इंटक अध्यक्ष जसविंदर चौहान, इंटक के प्रवक्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ओम शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष तरसेम चौधरी, बीबीएन इंटक अध्यक्ष संजीव संजू, पूर्व प्रधान अच्छर पाल कौशल आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

परवाणू में हरदीप बावा का हुआ स्वागत

महेंद्र वर्मा, परवाणू। परवाणू के मुख्य चौक पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नालागढ़ के नवनियुक्त विधायक हरदीप बावा का जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को 8990 वोटों से हराकर बड़ी जीत हासिल करने के बाद परवाणू का यह उनका पहला दौरा था। उनके स्वागत में परवाणू के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर, पटाखे चलाकर व ढोल-नगाड़ों से बावा का स्वागत किया। हरदीप बावा अपने ग्रहक्षेत्र पिंजौर व आसपास के इलाके के लोगों से मिले तथा काली माता मंदिर में शीश नवाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। परवाणू दौरे के दौरान उन्होंने परवाणू के सेक्टर-एक स्थित झंडे वाले बाबा के दरबार में माथा टेक आशीर्वाद लिया। हरदीप ने परवाणू की जनता का आभार व्यक्त किया तथा नालागढ़ के विकास के लिए अपनी योजना के बारे में बताया। नालागढ़ में सबसे अधिक समस्या युवाओं को रोजगार की है साथ ही नशे के कारोबार पर अंकुश लगाना प्राथमिकताओं में शामिल है।

नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा के स्वागत में जुटे कांग्रेसी।

राजगढ़ के बागवानों ने किया सेब उत्पादन का रुख

रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़

राजगढ़ क्षेत्र के बागवानों ने सेब उत्पादन की तरफ रुख किया है। कुछ वर्षों तक शिमला जिले में सबसे अधिक सेब का उत्पादन होता था और अब सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र के बागवानों ने भी पिछले लगभग तीन, चार सालों से सेब उत्पादन करना आरंभ कर दिया है। यहां कुछ क्षेत्र को छोड़कर समुचे राजगढ़ क्षेत्र की जलवायु सेब उत्पादन के लिए अनुकूल है और बागवान इसका लाभ भी उठा रहे हैं।

आने वाले समय मे राजगढ़ क्षेत्र सेब उत्पादन में अव्वल होने वाला है क्योंकि यहां लगभग तीन, चार साल पहले काफी अधिक संख्या में बागवानों ने सेब के पौधे लगाने आरंभ किए थे। फागू (पजेरली) के प्रगतिशील बागवान रविदत्त शर्मा ने बताया कि उन्होंने लगभग तीन, चार साल पहले सेब उत्पादन के विभिन्न किस्में जिसमें टी रेक्स गाला, फैन प्लस गाला, डारक बेरन गाला के पौधे लगाए थे। उनका कहना है कि कुछ पौधे आयात किए और कुछ यहीं तैयार किए। आज लगभग पांच बीघा भूमि पर लगभग सात सौ पोधों का सेब का बगीचा तैयार हो गया है। इस बगीचे को उन्होंने पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से तैयार किया है। इस बगीचे को तैयार करने में लगभग सात लाख रुपए खर्च आया। शर्मा के अनुसार पिछले साल इस बगीचे ने सैंपल देना शुरू कर दिया। जिसमें लगभग दो सो छोटी पेटी निकली, जो उन्होंने जयपुर मंडी भेजी जहां उनका सेब 224 रुपए प्रति किलो बिका और पहली ही फसल ने उनकी उत्पादन लागत पूरी कर दी। इस बार बगीचे में सेब की बंपर फसल है और आशा है कि इस बार उन्हें लगभग एक हजार छोटी पेटी सेब प्राप्त होगा। (अनंत ज्ञान)

चिट्टे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आर मोहन चौहान, सोलन

कराड़ाघाट में गिरफ्तार चिट्टा तस्कर।

सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी करने वाले तस्करों पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है।

इसी क्रम में दाड़लाघाट क्षेत्र में काफी समय से सक्रिय आरोपियों की निगरानी के दौरान पुलिस थाना दाड़लाघाट की पुलिस टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए दाड़लाघाट क्षेत्र के कराड़ागली में मौजूद थी, तो उक्त पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी, जिसमें अनिल कुमार व भरत कुमार भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन लेकर कराड़ाघाट की तरफ आ रहे हैं, जिस सूचना पर थाना दाड़लाघाट की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी कर उक्त गाड़ी को रोककर, उसमें बैठे दो युवकों जिनके नाम व पते अनिल कुमार पुत्र हुक्म चंद निवासी गांव चमरोल डाकखाना शालाघाट तह. अर्की जिला सोलन उम्र 34 वर्ष व भरत कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी गांव जलाणा तह. अर्की जिला सोलन उम्र 23 वर्ष मालूम हुए उनको तीन ग्राम चिट्टा/हेरोईन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना दाडलाघाट में अभियोग अधीन धारा 21,29 एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं, जिनमें आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ चार मामले मादक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना अर्की व पुलिस थाना कंडाघाट में दर्ज हैं। इसी तरह आरोपी भरत कुमार के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला पुलिस थाना अर्की में पंजीकृत है, जिसमें उक्त आरोपी से 13.08 ग्राम हेरोइन / चिट्टा बरामद किया था। अभियोग की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

सिरमौर पुलिस ने नशे के 81 सौदागरों को पहुंचाया सलाखों के पीछे

एसपी जैरथ, नाहन

सिरमौरी पुलिस ने बीते कुछ महीनों में नशा गिरोहों के खिलाफ चलाए अंकुश अभियान से बड़ी सफलता हासिल की है।

सोमवार को जहां सिरमौर पुलिस के डिक्टेशन सेल के द्वारा नशे के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। वहीं, नशा बेचकर अर्जित करी 24 लाख रुपए से भी अधिक की नकदी को भी जब्त किया है। इस बड़ी उपलब्धि को लेकर एडिशनल एसपी योगेश रोल्टा और डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत, थानेदार सदर नाहन रणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता भी की। एडिशनल एसपी ने बताया कि सिरमौर पुलिस के द्वारा एनडीपीएस में कुल 51 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। ड्रग्स के कारोबार में 81 अपराधियों को सलाखों के पीछे भी पहुंचाया है। हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि इन 81 अपराधियों में 65 हिमाचल के हैं, जबकि 16 अपराधी दूसरे राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। सिरमौर पुलिस के द्वारा दो विदेशियों से भी नशे का सामान पकड़ा और उन्हें सलाखों के पीछे डाला है। सिरमौर पुलिस के द्वारा अभी तक 8.7 किलोग्राम चरस, 300 ग्राम हरोइन, पॉपी हस्क 7.30 किलोग्राम, अफीम 38.10 ग्राम, पांच किलो गांजा तथा 5991 अफीम के पौधे बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के द्वारा नशे के सौदागरों से करीब 7391 कैप्सूल और टैबलेट्स भी पकड़े हैं। इस उपलब्धि के साथ-साथ सिरमौर पुलिस के द्वारा 28 लाख 39,550 की नकद धनराशि भी पकड़ी है। यह धनराशि नशे के सौदागरों के द्वारा नशा बेचकर अर्जित की गई थी। खबर की पुष्टि एडिशनल एसपी योगेश रोल्टा के द्वारा की गई है। (अनंत ज्ञान)

दो ट्रकों से समान चोरी करने पर मामला दर्ज

आशीष, दाड़लाघाट। पुलिस थाना बागा में दो ट्रकों से समान चोरी होने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक धारा 305 (सी), 331(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत संत राम सुपुत्र लच्छुराम गांव बागा (कंधर) ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके ट्रक नंबर एचपी-64-5755 और एचपी-62-1386 बागा गांव के पास रेत की खान के समीप पास खड़े थे। ड्राइवर ट्रक वहां लगाकर शाम घर आ गया।

रात को गाड़ी नंबर एचपी-64-5755 में लिवफास्ट कंपनी की 2 बैटरींया और 30 टन क्षमता वाला जैक तथा एचपी-62-1386 गाड़ी से 12 वोल्टेज की एक बैटरी और साथ ही 30 टन क्षमता वाला जैक उपरोक्त दोनों ट्रकों से चोरी हो गया है। चोरों ने दोनो गाड़ियों के शीशे तोड़ चोरी को अंजाम दिया है, जिस पर थाना बागा में मामला दर्ज किया गया। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

200 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

रविदत्त, राजगढ़। राजगढ़ विकास खंड की उपतहसील पझोता की पंचायत कोटी पधोग के उपस्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में नागरिक चिकित्सालय राजगढ़ से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतिका, जनरल डॉक्टर और दो एएनएम ने रोगियों की जांच की। इस जागरूकता सत्र में 22 किशोरी एवं 56 महिलाएं शामिल थी। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 120 लोगों के बीपी व शुगर की निशुल्क जांच करने के साथ-साथ 48 लोगों के स्वास्थ्य की साधारण जांच की गई। इस दौरान 28 बुजुर्गों के स्वास्थ्य को भी जांचा गया। इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

एमसी ने जारी किए 1. 80 करोड़ के प्रॉपर्टी टैक्स बिल

आर मोहन चौहान, सोलन

सोलन शहर।

नगर निगम सोलन ने नए प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी के लिए ई-पोर्टल के माध्यम से बिल जारी कर दिए हैं। करीब एक करोड़ 80 लाख रुपए के प्रॉपर्टी टैक्स बिल की अदायगी को निगम ने वार्ड 3, 4, 5 और वार्ड 13 में जारी किए हैं। इससे भवन मालिक 10 फीसदी छूट के साथ टैक्स जमा कर सकेंगे।

बशर्त है कि टैक्स 15 दिन के अंदर जमा करवाना होगा। निगम ने इससे पहले ट्रायल के तौर पर बिल जारी किए थे पर भवन मालिकों ने मोबाइल में भेजे लिंक को ठगी के डर से खोलने के बजाए डिलीट कर दिया। अब निगम ने भवन मालिकों को इसके प्रति जागरूक करना शुरू कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप निगम में 25 लाख रुपए का टैक्स जमा हो चुका है। टैक्स जमा करवाने में आसानी हो इसके लिए नगर निगम ने भवन मालिकों को एचपी गवर्नमेंट साइट का लिंक भेजा है। बता दें कि नगर निगम ने शहर में संपत्ति कर निर्धारण को कुल 14105 संपत्तियों का सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण के पश्चात संपत्ति कर के बिल यूनिट एरिया मेथड से जारी किए जा रहे हैं, जोकि 4 अगस्त, 2022 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के हैं। (अनंत ज्ञान)

10 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद

निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होती रही है, जबकि नई दर से 8 से 10 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है।

निगम की तरफ से 3, 4, 5 और 13 वार्ड में भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स जारी हुए हैं। ऑनलाइन टैक्स जमा करवाने के लिए गवर्नमेंट साइट से एसएमएस लिंक भेजा जा रहा है। भवन मालिकों से आग्रह है कि हिमाचल गवर्नमेंट साइट से भेजे जा रहे लिंक कर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। एक मुश्त टैक्स जमा करवाने पर 10 फीसदी टैक्स की छूट रहेगी। बशर्त टैक्स 15 दिन के अंदर जमा करवाना होगा।

डॉ प्रियंका चंद्रा, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम सोलन।

एक साथ जारी हुआ 20 महीने का बिल

शहर में प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण के लिए किए गए भवनों का सर्वे करने में देरी के कारण निगम एक साथ 20 महीने का प्रॉपर्टी टैक्स बिल जारी कर रहा है। निगम के मुताबिक करदाता टैक्स बिल का भुगतान दो किस्तों में भी कर सकते है, लेकिन 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि दो किस्तों का टैक्स का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय रहेगा। इसके बाद विलंब शुल्क का भी भुगतान करना होगा। संपत्ति बिल ऑनलाइन मोड में जारी किए जाएंगे व करदाता एवं संपत्ति मालिक को इस बारे में एसएमएस प्राप्त होगा, जिससे वे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने उपचुनाव जीतने के लिए किया सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग : प्रताप रावत

एसपी जैरथ, नाहन

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधानसभा उपचुनाव में अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर के साथ-साथ नालागढ़ से हरदीप बाबा को विधायक बनाने के लिए सरकारी मशीनरी एवं धनबल का जमकर प्रयोग किया है, लेकिन इसके उपरांत भी मुख्यमंत्री सुक्खू अपने गृह जिला हमीरपुर की विधानसभा सीट नहीं जीत पाए।

रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने देहरा और नालागढ़ की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाएं हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक कर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता के लिए जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं आरंभ की थी उन योजनाओं को मुख्यमंत्री धीरे-धीरे बंद करने जा रहे हैं, जबकि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। रावत ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि आपने अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 30 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया है, लेकिन इसके उपरांत भी प्रदेश में विकास के पहिए थम गए हैं। (अनंत ज्ञान)

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने प्रोजेक्ट उड़ान किया लांच

अनंत ज्ञान, बीबीएन

बद्दी में एजुकेशन फाउंडेशन का शुभारंभ करते हुए ।

लॉरिआल इंडिया ने प्रोजेक्ट उड़ान की शुरूआत सीएसआर के तहत बद्दी प्लांट के आसपास रहने वाले प्रवासी समुदायों के शिक्षा से वंचित बच्चों को सहयोग करेगा। सोलन के अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार यादव की मौजूदगी में एक शिक्षा केंद्र के उद्घाटन के साथ शुरू हुआ, जो एक शैक्षिक संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा, जहां पढ़ाई के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस केंद्र से प्री-स्कूल और आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों को स्कूल-रेडी बनाने में मदद की जाएगी, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमरेसी स्किल्स सिखाई जाएंगी। हिमाचल के बद्दी में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर रहते हैं। इन प्रवासी मजदूरों के बच्चों को अपनी पढ़ाई की दिक्कतों को दूर करने और पढ़ाई जारी रखने के लिए औपचारिक स्कूल में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त सहायता की जरूरत होती है। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से लॉरिआल इंडिया का प्रोजेक्ट उड़ान स्कूल रेडीनेस और फाउंडेशनल लर्निंग प्रोग्राम जैसे बहुआयामी प्रयासों से इन बच्चों की मदद करता है।

लॉरिआल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर असीम कौशिक ने कहा कि लॉरिआल उन समुदायों को अपना योगदान देने के लिए समर्पित है, जहां यह व्यवसाय करता है। भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाना हमारी इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। लॉरिआल इंडिया के प्रोजेक्ट उड़ान का उद्देश्य वंचित बच्चों को औपचारिक शिक्षा में लाना है, ताकि वह अपनी पूरी क्षमता का विकास कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकें। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता इस उद्देश्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसका उद्देश्य 2030 तक भारत में 30,000 बच्चों तक पहुंचना है। फाउंडेशन की सीईओ, डॉ. रुक्मिणी बनर्जी ने कहा कि हम लॉरिआल इंडिया के साथ अपनी साझेदारी और बद्दी एवं चाकन में एक नए प्रोजेक्ट शुरुआत को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इस अभियान के तहत बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने और स्कूल में पहले से पढ़ रहे बच्चों के कौशल को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

शिकायत निर्धारित रूट पर न चलकर अन्य रूट पर धड़ल्ले से चल रही निजी बस, 1100 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

सरकार नहीं कर रही जिला परिषद सदस्य की शिकायत पर सुनवाई

कृष्ण रघुवंशी, अर्की





बस रूट की सूचियां।

बागा-दाड़लाघाट-काकड़ा-पीपलू घाट-पौ घाटी अर्की-डुमहर-कुनिहार-सपाटू-धर्मपुर-कालका-बरोटीवाला व बरोटीवाला से वापसी में भी इसी रूट पर चलने वाली निजी बस कोरोना काल के पश्चात सरकार की ओर से निर्धारित रूट पर न चलकर दाड़लाघाट-कराड़ाघाट-शालाघाट-कालका रूट पर धड़ल्ले से दौड़ रही है।

हैरानी की बात है कि एचआरटीसी व आरटीओ सोलन विभाग आंखे मूंदे बैठा है। इसका खामियाजा इस रूट पर चलने वाली अन्य सरकारी व अन्य निजी बस मालिकों के अलावा उन निवासियों को भी भुगतना पड़ रहा है, जिनके क्षेत्र में इस बस द्वारा सर्विस देनी है। बकौल परिवहन विभाग के कारगुजारियों की यह बस परिवहन व आरटीओ विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते अपने निर्धारित रूट को छोड़ कर दूसरे रूट पर चल रही है। अर्की परिवहन विभाग के कुछ कर्मचारियों का कहना है

न्यूज बीफ

बरसाती नाले में बह गया 10 साल का बच्चा

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़। पंचकूला के बुढ़नपुर में दर्दनाक हादसा हुआ है। मंगलवार को तेज बारिश के बाद बुढ़नपुर में एक बरसाती नाले में 10 साल का बच्चा बह गया। सूचना पाते ही एनडीआरएफ पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम बच्चे की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक बच्चे का पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार, बुढ़नपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे उसके दोनों बेटे खेलते हुए नाले के पास पहुंच गए। इस दौरान बड़े बेटे सिमरत का पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा। भाई को नाले में गिरता देख छोटा बेटा वरुण घर पहुंचा और पिता को इसकी जानकारी दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। (अनंत ज्ञान)

संकाय पदों के लिए भर्ती नियम अपनाने को मंजूरी

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़। लंबे समय के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जीएमसीएच-32 में संकाय पदों के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा (सीएचएस) भर्ती नियमों को अपनाने को मंजूरी दे दी है। हालांकि, केंद्रीय नियम अप्रैल 2022 से चंडीगढ़ प्रशासन के कर्मचारियों पर लागू कर दिए गए थे, सीएचएस नियम लागू नहीं किए गए थे और भारत सरकार से मंजूरी का इंतजार कर रहे थे। इस योजना के लागू होने से प्रारंभिक चरण में यूपीएससी की ओर से केवल सहायक प्रोफेसर के रूप में संकाय नियुक्तियां की जाएंगी। इस प्रारंभिक नियुक्ति के बाद उन्हें पदों की उपलब्धता के बावजूद समयबद्ध पदोन्नति मिलेगी। गैर-पदोन्नति इस संस्थान से उनके पलायन का सबसे बड़ा कारण है। इस नियम की मंजूरी से इसे रोका जा सकेगा। इस उपलब्धि से जीएमसीएच को उच्च और अनुभवी डॉक्टर मिलने की उम्मीद जगी है। (अनंत ज्ञान)

किसानों ने किया दिल्ली कूच का ऐलान

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़। पंजाब हरियाणा के बॉर्डर पर पिछले फरवरी माह से डटे किसानों ने हाईकोर्ट के आदेशों के बाद दिल्ली कूच का एलान कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के सदस्य जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह शंभू बॉर्डर के खुलते ही दिल्ली के लिए कूच कर देंगे। उनके पास छह महीने का राशन है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि उनको जंतर मंतर या दिल्ली के रामलीला मैदान में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अगर रास्ते में कहीं पर भी सरकार की तरफ से उनको रोकने का प्रयास किया गया तो वह वहीं पर धरना शुरू कर देंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। डल्लेवाल अन्य किसान नेताओं के साथ मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ यह कूच करेंगे, क्योंकि बारिश, गर्मी व सर्दी से बचने के लिए उनके पास एकमात्र विकल्प ट्राली ही होती है। इनमें रेडी टू मूव घर तैयार करवाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

संदेशखाली मामला: शाहजहां के रिश्तेदारों को समन

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संदेशखाली मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व नेता शेख शाहजहां से जुड़े तीन लोगों को अवैध भूमि कब्जे के मामले में नया समन जारी किया है। शुक्रवार तक साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इन तीन लोगों में शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन, उनके दामाद राणा बाबू लश्कर और ड्राइवर-सह-सहायक मारुफ मीर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, यह चौथी बार है जब सिराजुद्दीन को पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। पिछली तीन नोटिसों को नजरअंदाज करने के बाद अब ईडी ने चेतावनी दी है कि इस बार भी समन को अनदेखा करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पाक में सैन्य छावनी पर हमला, 10 आतंकी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक प्रमुख सैन्य छावनी पर हुए हमले में पाकिस्तानी सेना के कम से कम आठ सैनिकों की मौत हो गई जबकि सुरक्षाबलों ने सभी 10 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया कि हमला करने वाले सभी 10 आतंकवादियों को भी मार गिराया गया। ये आतंकी सोमवार को बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश कर रहे थे। असफल होने पर आंतकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को छावनी की दीवार से टकरा दिया, जिससे दीवार का एक हिस्सा ढह गया और आस-पास के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेनिंग पर रोक

नई दिल्ली। ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। उनके ट्रेनिंग प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। साथ ही उनके लिए दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने वाले डॉक्टर पर भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पूजा खेडकर को मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में वापस बुला लिया गया है और उनके प्रशिक्षण पर रोक लगा दी गई है। खेडकर के खिलाफ यह पहली कार्रवाई है। पूजा खेडकर यूपीएससी की परीक्षा में ओबीसी और दृष्टिबाधित अभ्यर्थी के रूप में शामिल हुईं थी। उन्होंने मानसिक बीमारी का प्रमाण पत्र भी जमा कराया था। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने अप्रैल 2022 में मेडिकल जांच के लिए दिल्ली एम्स में पेश होने के लिए कहा था, ताकि उनकी विकलांगता प्रमाणित की जा सके, लेकिन वो जांच के लिए उपस्थित नहीं हुईं।

ओमान: गोलाबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

मस्कट। मस्कट के एक शिया मस्जिद के पास हुई गोलीबारी की घटना में चार पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इमाम अली मस्जिद के पास हुए इस हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी' हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। इस घटना में 30 पाकिस्तानी नागरिक घायल भी हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि हमलावारों को मार दिया गया है।

एस जयशंकर ने मॉरीशस की प्रगति की दिशा में भारत के समर्थन की पुष्टि की

एजेंसी, पोर्ट लुईस (मॉरीशस)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि की दिशा में भारत के निरंतर और सतत समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए देश के नेतृत्व के साथ व्यापक वार्ता की।

जयशंकर विशेष द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के मकसद से मॉरीशस के नेतृत्व के साथ 'सार्थक बातचीत' के लिए दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं।

हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश की यह यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पुन: नियुक्ति के बाद जयशंकर द्वारा की गई पहली द्विपक्षीय बैठकों में से एक है।

जयशंकर ने कहा कि मॉरीशस (जिसे उन्होंने 'यह खूबसूरत देश' कहा)की उनकी यात्रा द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करती है। जयशंकर ने

मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है।'

उन्होंने कहा, 'मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है।'

क्षेत्र में चीन की नौसेना की बढ़ती गतिविधियों के बीच विदेश मंत्री ने कहा,'भारत इस महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है जो हिंद महासागर क्षेत्र के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।'

बैठक के दौरान जयशंकर और प्रधानमंत्री जगन्नाथ ने विकास साझेदारी, रक्षा और समुद्री सहयोग, आर्थिक और व्यापारिक संबंधों तथा लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

परियोजना दस्तावेजों का आदान-प्रदान

इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिक्षा, संस्कृति, आव्रजन अभिलेखागार के डिजिटलीकरण पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा मॉरीशस अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (एमआरआईसी) के बीच परियोजना दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। भारत ने करीब दो दशक पुरानी भारत-मॉरीशस संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सेवा द्वारा निर्मित मॉरीशस समुद्री चार्ट की बिक्री से अर्जित राजस्व के लिए 13 लाख एमयूआर (मॉरीशस रुपये) की रॉयल्टी के भुगतान का चेक भी दिया।

झारखंड अपार संभावनाओं का प्रदेश : अनुराग ठाकुर

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने झारखंड के बोकारो में 'बेहतर झारखंड युवा संवाद' कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर झारखंड को उन्नत बनाने में युवाओं की भागीदारी व युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण में मोदी सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

अनुराग ठाकुर ने कहा, 'केंद्र की मोदी सरकार ने सदा ही राज्यों के साथ संघीय ढांचे को मजबूत करने की भावना से काम किया और जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं थीं, वहां भी कभी किसी प्रकार की कमी मोदी जी ने नहीं आने दीं। झारखंड अपार संभावनाओं का प्रदेश है। बेहतर झारखंड के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने के लिए यहां के युवाओं को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। बेहतर झारखंड निर्माण के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता कम करते हुए रोज़गार-स्वरोज़गार के लिए अन्य वैकल्पिक साधनों की ओर और सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ना होगा'

अनुराग ठाकुर ने युवा का

मतलब समझाते हुए कहा, 'मोदी सरकार युवाओं के शक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रही है। युवा का मतलब है देश की ताकत, आत्मनिर्भरता और कॉन्फिडेंस। आज का युवा भारत की वह पीढ़ी है जो प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक ले जाएगा। युवा भारत की नीति भी है, नेतृत्व भी है और नियति भी है।'

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भी बिना किसी सरकारी सहायता के युवाओं के लिए कई कार्यक्रम चालू किए हैं जिनका सुखद परिणाम आज जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है।

अफगानिस्तान में बाढ़ से 40 की मौत, 250 से ज्यादा घायल

एजेंसी, काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में तूफान और भारी बारिश से आई बाढ़ से 40 लोगों की मौत हो गई है। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। नंगरहार के सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बैडलोन के अनुसार, इस आपदा ने प्रांत की राजधानी जलालाबाद सुर्ख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के उनके पड़ोसी क्षेत्रों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। स्थानीय अधिकारियों को अंदेशा है कि बाढ़ की भयावहता को देखते हुए मरने वालों की संख्या और ज्यादा बढ़ सकती है।

नंगरहार के पड़ोसी कुनार प्रांत में भी सोमवार को ही आई बाढ़ ने पांच लोगों की जान ली है। ऐसे में सोमवार को एक ही दिन में बाढ़ से

40 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अफगानिस्तान में मई से अब तक यानी करीब अढ़ाई महीने में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। कुरैशी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के वे पांच लोग भी शामिल हैं जिनकी जान सुर्ख रोड जिले में एक मकान की छत गिर जाने के कारण गई। हादसे में परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा में मारे गए और घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं तथा प्रांत के विभिन्न भागों में संपत्ति एवं फसलों को भी नुकसान हुआ है। नांगरहार में क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख अमीनुल्लाह शरीफ ने बताया कि अभी तक 207 घायलों को प्रांत की राजधानी जलालाबाद और आसपास के जिलों में इलाज के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों के लिए रक्तदान करने की खातिर दर्जनों स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे।

राहुल के पास मानहानि की शिकायत पर निर्णय पाने का अधिकार : हाईकोर्ट

एजेंसी, मुंबई

बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों के लिए 2014 की मानहानि की शिकायत पर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निर्णय पाने का वैध अधिकार है।

न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 हर किसी को त्वरित सुनवाई का अधिकार प्रदान करता है और एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई आवश्यक है। अदालत ने आरएसएस कार्यकर्ता को आपराधिक मानहानि की एक लंबित शिकायत में नए और अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने वाले मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने की राहुल की याचिका को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। इस आदेश की विस्तृत प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है। मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी थी।

राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए ट्रंप का रास्ता साफ

मिल्वौकी । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए पार्टी के प्रतिनिधियों का आवश्यक बहुमत हासिल कर लिया है।

गौरतलब है कि ट्रम्प पर हाल ही में एक जानलेवा हमला हुआ, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। उन्होंने विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल किया है।

ट्रम्प अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के प्रतिनिधियों से हासिल बहुमत से ही राष्ट्रपति उम्मीदवार की दौड़ में शामिल हुए हैं, जिसकी घोषणा उनके पुत्र एरिक ट्रम्प ने की।

दिल्ली के बुराड़ी में केदारनाथ मंदिर का विरोध गलत : रौतेला

जगदीश शर्मा, देहरादून

पिछले 10 जुलाई को केदारनाथ मंदिर का भूमि पूजन हुआ था। भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी समेत कुछ और गणमान्य लोग साधु संत उपस्थित थे।

यह मंदिर एक प्राइवेट संस्था द्वारा बनाया जा रहा है रहा है। इससे पहले भी केदारनाथ नाम से और भी कई जगह मंदिर बने हुए हैं लेकिन इस बार इस मंदिर का बनने पर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। उत्तराखंड' विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि इससे उत्तराखंड के लोगों की आमदनी कम हो जएगी, लोग दिलली की तरफ चले जाएंगे।

इस बारे में हमने जब मंदिर के फाउंडर सुरेंद्र रौतेला जी से बात



की तो उनका कहना है की इससे पहले भी कई जगह मंदिर बने हुए हैं इसलिए किसी की भी आस्था को न तो कोई ठेस पहुंचती है, न ही कोई नुकसान होता है। दिल्ली के बुराड़ी में बनने वाले इस मंदिर का विरोध गलत है। (अनंत ज्ञान)

धामी ने 'हरेला' पर्व की दी शुभकामनाएं

जगदीश शर्मा, देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेले का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। उन्होंने जागेश्वर के भंडारा स्थल में पद्म का वृक्ष लगाकर हरेला की शुभकामनाओं के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर धाम पौराणिक संस्कृति का अप्रतिम प्रतीक है। यहां आकर एक अलग ही शांति की अनुभूति मिलती है। भगवान जागेश्वर सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा रखते हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई अपनी मर्जी से नहीं बल्कि बाबा के बुलावे पर ही आता है। श्रावणी

मेले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला पौराणिक संस्कृति का जीता जागता उदाहरण है। श्रावणी मेला सदियों से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को हरेला पर्व एवं श्रावणी मेले की शुभकामनाएं देते हुए डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड के विकास को समर्पित सरकार है। इसी का परिणाम है कि नीति आयोग द्वारा जारी की गई सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। यह उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम है। (अनंत ज्ञान)

मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में बम की धमकी के मामले में वडोदरा से इंजीनियर गिरफ्तार

एजेंसी, मुंबई

मुंबई पुलिस ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के विवाह समारोह में बम की धमकी देने संबंधी सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में गुजरात के एक 32 वर्षीय इंजीनियर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान वडोदरा निवासी विरल शाह के रूप में की गई है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने उसे आज सुबह गुजरात स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया।

पोस्ट में लिखा था कि मैं सोच रहा हूं कि अंबानी की शादी में बम फटने के बाद कल आधी दुनिया उलट जाएगी। एक पिन कोड में अरबों डॉलर।

गाजा पर हवाई हमले, 23 फिलिस्तिनियों की मौत, कई घायल

एजेंसी, गाजा

मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर किए गए इसराइली हवाई हमले में 23 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि कई घायल हुए हैं।

सूत्रों ने बताया कि इसराइली हवाई हमले में एक घर को मिसाइल से निशाना बनाया गया। हमले में घर नष्ट हो गया और पड़ोसी घरों को भी नुकसान पहुंचा। पिछले 48

घंटों में गाजा पट्टी में इसराइली सेना की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित हथियारों के इस्तेमाल के कारण 320 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए या घायल हुए। इस बीच हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने घोषणा की कि पश्चिमी गाजा शहर के तेल अल-हवा पड़ोस में दो टैंकों में बची हुई मिसाइल के विस्फोट के कारण कुछ इसराइली सैनिक मारे गए और घायल हो गए। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत ने कहा कि गाजा में इसका मुख्यालय युद्ध के मैदान में बदल गया है और अब इसे ध्वस्त कर दिया गया है। यूएनआरडब्ल्यूए के आयुक्त-जनरल फिलिप लेजारिनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून की घोर अवहेलना का एक और प्रकरण। संयुक्त राष्ट्र की सुविधाओं को हर समय संरक्षित किया जाना चाहिए। इनका उपयोग कभी भी सैन्य या लड़ाई के उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

फैसला रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा भारत, पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी

स्वदेशी कंपनियों से खरीदे जाएंगे 346 रक्षा उत्पाद

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा उत्पादों को आयात को कम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी की है।

इस सूची में रणनीतिक रूप से अहम लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम, सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली और रक्षा उत्पादों के लिए कच्चा माल शामिल है। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी। रक्षा मंत्रालय ने 2020 में

सृजन डिफेंस पोर्टल लांच किया था। इस पोर्टल पर रक्षा उत्पादन विभाग और सेवा मुख्यालय, एमएसएमई कंपनियों और विभिन्न स्टार्टअप सहित उद्योगों को स्वदेशीकरण के लिए रक्षा वस्तुएं प्रदान करते हैं। स्वदेशीकरण की जो नई सूची तैयार की गई है, उनकी एक समयसीमा के बाद भारतीय उद्योगों से खरीद की जाएंगी। इससे आयात के 1,048 करोड़ रुपए बचेंगे। साथ ही इससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी और रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा इस कदम से अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी के चलते घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

भारतीय कंपनियों को मिले सात हजार करोड़ से ज्यादा के ऑर्डर

सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग की ओर से तैयार की गई यह पांच सूचियां सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) की ओर से अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। जून 2024 तक, डीपीएसयू और एसएचक्यू की ओर से स्वदेशीकरण के लिए रक्षा उद्योग को 36,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई थी। उनमें से, पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। इसके चलते घरेलू रक्षा कंपनियों को 7,572 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं।

अमरनाथ यात्रा: जम्मू से कड़ी सुरक्षा के बीच 19वां जत्था किया रवाना

एजेंसी, जम्मू

भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच 4,100 से अधिक तीर्थयात्रियों का 19वां जत्था मंगलवार को तड़के अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के वास्ते कश्मीर के दो आधार शिविरों के लिए जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले के वन क्षेत्र में घात लगाकर की गई गोलीबारी में एक अधिकारी सहित सेना के चार जवानों के शहीद होने के बाद आधार शिविरों और यात्रा मार्ग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कड़े सुरक्षा इंतजाम के तहत त्रिस्तरीय सुरक्षा प्रणाली की व्यवस्था, पूरे क्षेत्र में सुरक्षाबलों की तैनाती, मार्ग पर जांच चौकियां स्थापित की

गई हैं। भगवती नगर आधार शिविर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कड़ी सुरक्षा के बीच 4,132 तीर्थयात्रियों का जत्था 151 वाहनों में सवार होकर बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए सुबह तीन बजकर चार मिनट पर रवाना हुआ। 2,324 तीर्थयात्रियों ने 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से यात्रा की, जबकि 1,808 तीर्थयात्रियों ने अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर) लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना।

न्यूज ब्रीफ

भवतेग ने जूनियर विश्व कप में रजत पदक जीता

नई दिल्ली। भारत के भवतेग सिंह गिल ने इटली के पोरपेटो में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुष स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीता। पिछले साल जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भवतेग ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 52 निशाने सही लगाए और अमेरिका के बेंजामिन केलेर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। केलेर ने 60 में से 56 सटीक निशाने लगाकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले सबीरा हैरिस ने जूनियर महिला ट्रैप में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था। इन दो पदक के साथ भारत पदक तालिका में अमेरिका और इटली के बाद तीसरे स्थान पर रहा। भवतेग ने इससे पहले क्वलीफिकेशन के अंतिम दो दौर में हिस्सा लिया और कुल 121 अंक जुटाकर पांचवें स्थान के साथ शीर्ष छह निशानेबाजों में शामिल रहे।

शौर्य का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का

नई दिल्ली। भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया। दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा। वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई। भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैंपियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया।

हेले मैथ्यूज की मेलबर्न रेनेगेड्स में वापसी

मेलबोर्न। वेस्ट इंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) टीम मेलबोर्न रेनेगेड्स में वापस आएंगी, क्योंकि क्लब ने उन्हें एक साल के अनुबंध पर प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के रूप में सुरक्षित कर लिया है।

मैथ्यूज को पिछले सीजन में काफी धूमधाम के साथ टीम में शामिल किया गया था, जब उन्हें ड्राफ्ट में तीसरे स्थान पर लिया गया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कुछ शानदार प्रदर्शन किए थे, जिसमें नॉर्थ सिडनी ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी शानदार पारी भी शामिल थी। हालांकि, वह 19.61 की औसत से 255 रन और 114.34 की स्ट्राइक-रेट के साथ रेनेगेड्स के लिए एक भूलने वाले सीजन में इसे दोहराने के लिए संघर्ष करती रही, जो केवल दो जीत के साथ सबसे निचले स्थान पर रही, हालांकि वह 27.64 की औसत से 14 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी।

सेंट लूसिया किंग्स में शामिल हुए जोन्स



नई दिल्ली। यूएसए के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आरोन जोन्स, जिन्होंने 2024 पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया, को कैरेबियन प्रीमियर लीग-2024 ड्राफ्ट में सेंट लूसिया किंग्स ने खरीद लिया। वह अपने बारबाडोस पासपोर्ट के कारण स्थानीय खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए। सभी छह टीमों ने ड्राफ्ट के दिन से बहुत पहले ही साइनिंग और रिटेंशन के जरिए अपनी टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों का चयन कर लिया था, जब बाकी टीम पूरी हो गई थी। किंग्स ने ड्राफ्ट में खारी कैंपबेल, जोहान जेरेमिया, मिकेल गोविया और अकीम ऑगस्टे को भी चुना। दूसरी ओर, सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने ड्राफ्ट में काइल मेयर्स को अपनी पहली पसंद के तौर पर चुना और उसके बाद मिकाइल लुइस, रयान जॉन और वीरासामी परमाउल को चुना।

ओलंपिक में लक्ष्य को मिला अच्छा ड्रॉ: विमल

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन के कोच विमल कुमार का मानना है कि उसे अपने पहले ओलंपिक में अच्छा ड्रॉ मिला है जिसमें 'अंडरडॉग' होने के कारण वह खुलकर खेल सकेगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को ओलंपिक पदक जीतने के लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, पिछले ओलंपिक में सेमीफाइनल खेलने वाले ग्वाटेमाला के केविन कोर्डोन और बेल्जियम के जूलियन काराग्री जैसे दिग्गजों से ग्रुप-एल में पार पाना होगा। भारत के पूर्व कोच विमल ने कहा ,''मुझे लगता है कि ड्रॉ अच्छा है। वह कई बार जोनाथन क्रिस्टी से करीबी मुकाबले हार चुका है। यह बराबरी का मामला है। दूसरे चरण में जाने के लिए मौकों को भुनाना होगा। मेरे हिसाब से लक्ष्य के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। वह अंडरडॉग रहेगा जिससे खुलकर खेल सकेगा।' ओलंपिक में भारत के लिए साइना नेहवाल (2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (2016 में रजत और 2020 में कांस्य) पदक जीत चुकी हैं।

हार्दिक पांड्या को श्रीलंका के खिलाफ टी-20 की कमान

निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पांड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज में भारत के कप्तान होंगे। पांड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,''हार्दिक पांड्या भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे।''

रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। टी-20 सीरीज 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी। अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव।

वनडे सीरीज के बारे में अधिकारी ने बताया कि पांड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज खेलनी है।

भारत का श्रीलंका दौरा

पहला टी-20	27 जुलाई
दूसरा टी-20	28 जुलाई
तीसरा टी-20	30 जुलाई
पहला वनडे	02 अगस्त
दूसरा वनडे	04 अगस्त
तीसरा वनडे	07 अगस्त

टी-20 सीरीज 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जाएगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे

सच साबित हुई कुलदीप यादव की भविष्यवाणी

कुलदीप यादव ने यूरो 2024 फाइनल में स्पेन की जीत की सटीक भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। कुलदीप यादव रविवार को इंग्लैंड और स्पेन के बीच यूरो-2024 फाइनल देखने के लिए बर्लिन में मौजूद थे। मैच शुरू होने से पहले कुलदीप से विजेता का अनुमान लगाने के लिए कहा गया। इस दौरान उन्होंने दोनों टीमों की सराहना करते हुए स्पेन के लिए 2-1 से जीत की भविष्यवाणी की थी। एक वीडियो में कुलदीप को ये कहते हुए सुना गया कि दोनों टीमें बहुत अच्छा खेल रही हैं। स्पेन पूरे टूर्नामेंट में काफी शानदार रहा है और अगर वो उसी तरह से खेलते हैं, तो मुझे लगता है कि वो इंग्लैंड को आसानी से हरा सकते हैं। हालांकि फाइनल खेलना हमेशा कठिन होता है। जब कुलदीप यादव से पूछा कि वह किस टीम को यूरोपीय चैंपियन बनते देखना चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि मैं स्पेन का समर्थन कर रहा हूं। मुझे लगता है कि वे इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल करेंगे। कुलदीप की भविष्यवाणी बिल्कुल सटीक साबित हुई, क्योंकि स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराकर अपना रिकॉर्ड चौथा यूरो खिताब हासिल किया।

मानसी ने हरभजन रैना और युवराज की कड़ी आलोचना की

एजेंसी, नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों हरभजन सिंह, युवराज सिंह और सुरेश रैना की कथित रूप से दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए कड़ी आलोचना की और कहा कि इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया यह वीडियो बेहद खराब मिसाल कायम करता है। इस वीडियो को अब डिलीट कर दिया गया है।

इस वीडियो के लिए संन्यास ले चुके इन तीन पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज की गई है। विश्व कप लीजेंड फाइनल में इंडिया चैंपियंस की पाकिस्तान चैंपियंस पर पांच विकेट से जीत के बाद पूर्व खिलाड़ियों ने उक्त वीडियो सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर साझा किया था।

इस डिलीट कर दिए गए वीडियो में युवराज, हरभजन और रैना लंगड़ाते हुए और अपनी पीठ पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं।

टेनिस खिलाड़ी एक बार फिर 'लाल बजरी' पर भिड़ने को तैयार

एजेंसी, पेरिस

पेरिस ओलंपिक 9 दिन शेष

ओलंपिक के दौरान अधिकांश खेलों में प्रतिस्पर्धा की सतह नहीं बदलती, लेकिन टेनिस ऐसा खेल है जिसकी सतह टूर्नामेंट के साथ बदल सकती है।

पेरिस खेलों के दौरान 30 से भी अधिक वर्षों के बाद ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा लाल बजरी (क्ले कोर्ट) पर होगी। टेनिस मुकाबले उसी रोलां गैरा पर होंगे, जिसने जून की शुरुआत में फ्रेंच ओपन की मेजबानी की थी।

खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के बाद जुलाई की शुरुआत में होने वाले विंबलडन के लिए खुद को घास के कोर्ट के अनुकूल ढाला और अब एक बार फिर उन्हें बेहद कम समय में क्ले कोर्ट से सामंजस्य बैठाना होगा। विंबलडन खत्म होने के दो हफ्ते बाद 27 जुलाई से रोलां गैरा ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा की मेजबानी करेगा और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह अधिक चिंता की बात है।

शीर्ष 10 में शामिल अमेरिका की जेसिका पेगुला ने कहा, ''यह निश्चित तौर पर रोमांचक होगा, लेकिन सभी को ऐसा करना पड़ेगा। हम सभी एक ही नाव में सवार हैं।'' पेगुला को महिला एकल के अलावा अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ के साथ महिला युगल में भी हिस्सा लेना है। इसके अलावा वह मिश्रित युगल में भी उतर सकती हैं।

पेगुला ने कहा, ''मुझे आम तौर पर कोर्ट बदलने के साथ खेल बदलने में परेशानी नहीं होती। मुझे यहां के कोर्ट पसंद हैं। पेरिस में जब मौसम गर्म होता है तो कोर्ट से गेंद काफी अच्छी तरह आती है। गति भी अच्छी होती है। इसका आदी होने में काफी समस्या नहीं होती।''

विंबलडन 2022 चैंपियन और इस साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कजाखस्तान की एलेना रिबाकिना ने कहा, ''मैं पहली बार घास के कोर्ट पर खेलने के बाद क्ले कोर्ट पर खेलूंगी। यह आसान नहीं होता। शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं होता, मानसिक तौर पर भी।''

खिलाड़ियों की मुश्किल यहीं खत्म नहीं होती। उन्हें ओलंपिक के बाद अगस्त के अंत में होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी करनी होगी जो हार्ड कोर्ट पर खेला जाता है। अमेरिका की टीम में पेगुला के साथी टेलर फ्रिट्ज ने कहा, ''यह कार्यक्रम के लिहाज से बहुत ही खराब है। इसका कोई मतलब नहीं बनता। यह निश्चित रूप से सब कुछ खराब कर देगा।''

राफेल नदाल की फाइल फोटो जिनके नाम 'लाल बजरी' पर रिकॉर्ड 14 गैंड स्लैम खिताब दर्ज है।

कठिन पूल से चिंतित नहीं ललित उपाध्याय

एजेंसी, बेंगलुरु

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है, लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी।

तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले कहा ,'' ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है, क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं। हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे।''

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिए स्विट्जरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी। भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल-बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है।

भारत के लिए 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा ,''हमें पता है कि उम्मीदें बढ़ी हुई हैं, क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था। हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे।''

इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट

लंदन। यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं । उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है।

उन्होंने कहा ,'' इंग्लैंड टीम के लिए खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिए गर्व की बात रही। यही मेरा सब कुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया, लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नए अध्याय का समय है।'' उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिए तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी : बोपन्ना

एजेंसी, नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है।

भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष-10 से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता।

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने कहा ,''मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है। हम सिर्फ भागीदारी के लिए नहीं जा रहे।''

फुटबॉल छठा विश्व कप खेलने को लेकर संशय, अर्जेंटीना के सितंबर में विश्व कप क्वालीफाइंग मैच

फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके लियोनेल मेसी

एजेंसी, ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुल टाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेसी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए।

मेसी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा। अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेसी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है।

37 वर्ष के मेसी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे। कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा।

मेसी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा था

इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके। उन्होंने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया। मेसी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और न ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया।

अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं।

कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष समेत 27 गिरफ्तार

मियामी गार्डन्स। कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और उनके बेटे समेत 27 लोगों को अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में दर्शकों की भीड़ पर नियंत्रण की कोशिशों में गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी आंद्रे मार्टिन ने बताया कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों के उपद्रव पर काबू पाने की कोशिशों में रेमन जेसुरन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को भी हिरासत में लिया गया। दोनों ने सुरक्षाकर्मियों से झगड़ा किया और एक अधिकारी पर हमला भी किया। दोनों ने एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने की कोशिश की जहां मैच के बाद मीडिया जमा था। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हाथापाई की और सुरक्षागार्ड को घूंसे भी मारे।

नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की, शीर्ष-70 में पहुंचे

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 68वां स्थान हासिल किया है, जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। इसी के साथ वह 1973 में इस प्रणाली की शुरूआत के बाद से चौथे सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

ऐतिहासिक ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों के बाद नागल पांच पायदान ऊपर चढ़कर शशि मेनन से आगे निकल गए, जिनके नाम सर्वकालिक सूची में संयुक्त रूप से चौथी सर्वोच्च रैंकिंग 71 थी। 26 वर्षीय नागल से आगे सोमदेव देववर्मन (62), रमेश कृष्णन (23) और विजय अमृतराज (18) हैं।

नागल ने फ्रेंच ओपन में पदार्पण किया, लेकिन शुरुआती दौर में हार गए। उन्होंने विंबलडन में पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में भी अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की, लेकिन पहले दौर में ही बाहर हो गए। पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले नागल पिछले पांच वर्षों में विंबलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं।

शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो चैलेंजर स्पर्धाएं हीलब्रॉन और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं।

शीर्ष एटीपी रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी

विजय अमृतराज	18 (1980)
रमेश कृष्णन	23 (1985)
सोमदेव देववर्मन	62 (2011)
सुमित नागल	68* (2024)
शशि मेनन	71 (1975)
लिएंडर पेस	73 (1998)
आनंद अमृतराज	74 (1974)
प्रजनेश गुणेश्वरन	75 (2019)
युकी भांबरी	83 (2018)
जसजीत सिंह	89 (1974)